

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बिलासपुर, रविवार 24 अगस्त 2025 haribhoomi.com


इधर

## छापा पड़ा तो फूंक दिए 2 से 3 करोड़ कैश



बिहार का एक सरकारी इंजीनियर काले धन का कुबेर निकला। उसके घर छापा पड़ा तो पकड़े जाने के डर से रात भर बैठकर 2 से 3 करोड़ रुपए को स्वाहा कर दिया। इतने नोट जलाने के बावजूद आर्थिक अपराध इकाई ने इंजीनियर के घर से 39 लाख रुपए कैश बरामद किए। कालेधन के कुबेर का नाम विनोद राय है। वह ग्रामीण कार्य विभाग में अधीक्षण अभियंता के पद पर तैनात हैं। पुलिस ने विनोद और उनकी पत्नी को नोट जलाने और सबूत मिटाकर सरकारी काम में बाधा डालने के आरोपों में गिरफ्तार कर लिया है। इंजीनियर के खिलाफ भ्रष्टाचार का अलग से मामला चलाया जाएगा। इंजीनियर विनोद राय बीते गुरुवार की रात सीतामढ़ी से नोटों का जखीरा लेकर पटना के लिए चले थे। इसकी भनक ईओयू को लग गई। रात में ही ईओयू की टीम उनके पटना स्थित आवास पर पहुंच गई। शेष पेज 8 पर

# ईडी की रेड में मिला नोटों के ढेर, 12 करोड़ कैश, विदेशी मुद्रा, सोना और गाड़ियां जब्त

## अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी मामले में कर्नाटक के कांग्रेस विधायक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु/नई दिल्ली

अलग खबर

कर्नाटक के कांग्रेस विधायक के सी वीरेंद्र 'पप्पी' को कथित अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी मामले में धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत शनिवार को सिक्किम से गिरफ्तार किया गया। ईडी ने शुक्रवार को कई राज्यों में छापेमारी शुरू की, जो शनिवार को खत्म हुई। देश के 31 ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान 12 करोड़ रुपए नकद (करीब एक करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा सहित), छह करोड़ रुपए के सोने के आभूषण, लगभग 10 किलोग्राम चांदी और चार वाहन जब्त किए। ईडी ने हालांकि यह नहीं बताया कि किस स्थान से क्या जब्त किया गया। उसके द्वारा जारी की गई तस्वीर में कैसीनो की मेज पर नोटों की बड़ी-बड़ी गड्डियां रखी हुई दिखाई दे रही हैं।

ईडी ने कहा कि कर्नाटक की चित्रदुर्ग विधानसभा क्षेत्र के 50 वर्षीय विधायक 'पप्पी' को शुक्रवार को सिक्किम की राजधानी गंगटोक से धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत 'अवैध' ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी मामले में हिरासत में लिया गया। ईडी ने बताया कि विधायक अपने शेष पेज 8 पर

### 31 ठिकानों पर छापेमारी

एजेंसी ने बताया कि शनिवार को 31 स्थानों पर उसने छापेमारी पूरी की। इनमें कर्नाटक के चित्रदुर्ग, हुबली और बेंगलुरु, जोधपुर (राजस्थान), सिक्किम, मुंबई और गोवा शामिल हैं। गोवा के पांच कैसीनो - 'पपीज कैसीनो गोल्ड', 'ओशन रिवर्स कैसीनो', 'पपीज कैसीनो प्राइड', 'ओशन 7 कैसीनो' और 'बिग डैडी कैसीनो' पर भी छापेमारी की गई।





### क्या है आरोप

ईडी के अनुसार, वीरेंद्र पर 'किंग567', 'राजा567', 'पपीज003', 'रत्ना गेमिंग' जैसी ऑनलाइन सट्टेबाजी साइट चलाने का आरोप है। उनके भाई के.सी. थिप्पेस्वामी पर दुबई से 'डायमंड सॉफ्टेक', टीआरएस टेक्नोलॉजीज और प्राइम9 टेक्नोलॉजीज नामक तीन व्यावसायिक संस्थाओं का संचालन करने का आरोप है। ईडी के अनुसार, ये निकाय वीरेंद्र की कॉल सेंटर सेवाओं और गेमिंग व्यवसाय से संबंधित हैं।


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | ₹73092/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | ₹89270/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | ₹97446/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

anand Jewels

Pandri, Raipur

वालकिंस गंगा

USFDA स्वीकृत अत्याधुनिक उपचार

परमानेंट स्ट्रेच मार्क्स रिमूवल

परामर्श सिर्फ 199/-

डॉ. सुकृति अरोरा

एम.डी. गोल्ड मेडलिस्ट

शंकर नगर, रायपुर

9238709001


## ऑनलाइन सट्टे पर बैन का असर

## विशेष कोर्ट में लगाई गुहार, फैसला सुरक्षित

# महादेव सट्टा किंग सौरभ-रवि की याचिका, कहा- वारंट रद्द करें, हम तीन महीने बाद खुद पेश हो जाएंगे

*ऑनलाइन गेमिंग एप में रोक लगाने का कानून बनने के बाद महादेव सट्टा एप के फरार फाउंडर तथा किंग पिन सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दोनों ने अब गैर जमानती वारंट को रद्द करने की याचिका दाखिल की है। सौरभ तथा रवि के वकील ने ईडी की विशेष अदालत में गैर जमानती वारंट रद्द करने आवेदन पेश किया, जिसकी सुनवाई शनिवार को हुई। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने तीन नवंबर तक फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान सौरभ और रवि के वकील ने कोर्ट से तीन महीने की मोहलत देने की मांग की, याचिका में कहा था कि दोनों आरोपी खुद पेश होंगे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप के आरोपियों की ओर से पैरवी कर रहे वकील ने तीन महीने मोहलत देने कोर्ट से मांग की थी। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा। ईडी के वकील डॉ. सौरभ पांडे के अनुसार सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल ईडी के समन के बावजूद पूछताछ में हाजिर नहीं हो रहे थे। इस कारण स्पेशल कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। श्री पांडे ने इससे पहले दोनों ने हाईकोर्ट में गैर-जमानती वारंट रद्द करने के लिए याचिका दाखिल की थी, लेकिन वहां भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली और उनका आवेदन हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। रवि उप्पल ने बाद में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसकी सुनवाई लंबित है।



गिरफ्तार सटोरियों के संबंध में सौ से ज्यादा पैनल ऑपरेट करने की मिली जानकारी

महादेव से अलग एक नए सट्टा ग्रुप का संचालन, रायपुर से जाकर दिल्ली में धंधा

सरगना रायपुर का रहने वाला, नियमित कार्रवाई के बाद भी संचालित हो रहा सट्टा

खुद का पैनल बनाकर सट्टा संचालन

अब तक के 21 प्रकरणों में 63 गिरफ्तार

इस बात की भी पड़ताल

### एक्सपर्ट व्यू

अभियोजन पक्ष के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय के अनुसार गैर जमानती वारंट रद्द करने रवि तथा सौरभ के लगाए आवेदन का उन्हें किसी तरह से लाभ नहीं मिलेगा। इसका कारण बताते हुए अभियोजन पक्ष के वकील ने बताया कि दोनों आरोपियों के आवेदन पूर्व में ही निचली अदालत के साथ हाईकोर्ट में आवेदन हो चुका है। ऐसे में बचाव पक्ष के वकील द्वारा लगाए गए आवेदन का उन्हें लाभ नहीं मिलेगा, ऐसा नहीं लगता। अभियोजन पक्ष के वकील के अनुसार आरोपी सुनवाई में देरी हो इसके लिए जानबूझकर कोर्ट में आवेदन लगा रहे हैं।



महादेव सट्टे में सात राज्यों में छापे के बाद ईडी ने की 576 करोड़ की संपत्ति अटैच

महादेव सट्टे में देश के आधा दर्जन राज्यों में ईडी के ताबड़तोड़ छापे

### वकील ने मांगा तीन माह का समय

बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में गैर जमानती वारंट रद्द करने की मांग करते हुए तीन महीने समय देने की मांग की। बचाव पक्ष के वकील के अनुसार गैर जमानत वारंट रद्द होने के बाद सौरभ तथा रवि दोनों के तीन महीने के भीतर कोर्ट में उपस्थित होने की बात कही। अभियोजन पक्ष के वकील डॉ. पाण्डेय के अनुसार पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में ईडी की ओर से बिना किसी शर्त के पेश होने का एक प्रस्ताव दोनों आरोपियों को दिया था, लेकिन उस समय आरोपियों के वकील ने आपत्ति जताते हुए कहा था कि ईडी उन्हें पकड़ने के लिए जाल बिछा रही है। इसी वजह से उन्होंने ईडी के बिना शर्त ऑफर को ठुकरा दिया था।

## मुख्यमंत्री साय का जापान दौरा

# जेट्रो के साथ टेक्सटाइल्स आईटी और एयरोस्पेस की संभावनाओं पर मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने जापान प्रवास के दौरान टोक्यो में जापान एक्सटर्नल ट्रेड आर्गनाइजेशन (जेट्रो) के वरिष्ठ प्रतिनिधियों नाकाजो काजुया, एंडो युजी और हारा हारुनोबू से भेंट कर निवेश एवं औद्योगिक सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में आईटी, टेक्सटाइल्स, एयरोस्पेस, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ की अपार संभावनाओं को रेखांकित शेष पेज 8 पर

### राज्य को विश्व पटल पर मिलेगी पहचान

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि जापान प्रवास से छत्तीसगढ़ को निवेश, नवाचार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के क्षेत्र में ठोस परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य प्रदेश को न केवल औद्योगिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है, बल्कि उसे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से विश्व पटल पर एक सशक्त पहचान दिलाना भी है।

### राजनांदगांव में विकसित हो रहा स्पेस मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर

उन्होंने अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर आयोजित 'डीप स्पेश-टू द मून एंड बियाण्ड' प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष विज्ञान और नवाचारों की यह समृद्ध झलक आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में भारत सरकार के सहयोग से विकसित किए जा रहे शेष पेज 8 पर

## खबर संक्षेप

### चार बाघ अभयारण्यों को जोड़ने बनेंगे कॉरिडोर



**जबलपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मप्र के चार बाघ अभयारण्यों को जोड़ने वाले 5,500 करोड़ रुपए के चार लेन वाले कॉरिडोर बनाने की घोषणा की। इसके साथ ही भोपाल व जबलपुर के बीच 15 हजार करोड़ रुपए के 'ग्रीनफील्ड हाईवे' बनाए जाएंगे।

### भारी बारिश से पांच की मौत, एक लापता

**रांची/सरायकेला।** झारखंड के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए वहीं एक व्यक्ति लापता है। सरायकेला-खरसावां जिले में एक मकान ढहने से एक महिला और उसके सात वर्षीय बेटे की मौत हो गई। राजनगर प्रखंड के दांडू गांव में हुई इस घटना में आठ लोग घायल भी हो गए।

### 4.80 करोड़ का सोना लेकर भागा कार चालक गिरफ्तार

**इंदौर।** मप्र पुलिस ने गुजरात के एक कारोबारी के 4.80 करोड़ रुपए के सोने के जेवरात लेकर महीने भर पहले भागे कार चालक और उसके एक साथी को राजस्थान से शनिवार को गिरफ्तार किया। राजस्थान के जालोर जिले से मसरू रबारी (25) और उसके साथी प्रेमपाल सिंह देवड़ा (28) को गिरफ्तार किया गया। रबारी, अहमदाबाद के जेवरात कारोबारी धर्मेंद्र जयंतीलाल की उस कार का चालक है, जिसके जरिए अलग-अलग स्थानों पर आभूषणों के नमूने ले जाए जाते थे।

### मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, हेरोइन जब्त

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल ने बताया कि उसने जम्मू-कश्मीर में एक मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ा है। उसके पास से 50 लाख रुपये मूल्य की हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि बीएसएफ और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के अधिकारियों ने 22 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मीरां साहिब क्षेत्र में एक संयुक्त तलाशी अभियान में तस्कर को गिरफ्तार किया।

## भूपेश ने ईडी दफ्तर के सामने मनाया जन्मोत्सव, कहा-

# ईडी हर बार मेरे जन्मदिन पर आ जाती है इस बार हम ही आ गए दफ्तर के पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




सुभाष स्टेडियम में पोला त्योहार और जन्मदिन के मौके पर भूपेश बघेल ने कहा कि ईडी हमारे जन्मदिन पर छापा मारती है। पिछले साल 23 अगस्त को मेरे जन्म दिन पर छापा मारा था। उस समय विनोद वर्मा और अन्य लोगों के घरों पर छापा मारा था। ईडी ने मेरे बेटे के जन्म दिन पर छापा मारा और उसे गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने ईडी की कार्रवाई तंज कसते हुए कहा कि हम पिछले 3 सालों से देख रहे हैं, जब-जब हमारे यहां किसी का जन्मदिन होता है ईडी वाले छापा डालने आ जाते हैं। मेरे बेटे के जन्मदिवस के दिन भी ईडी ने छापा मार दिया। हम देख रहे हैं कि ईडी हर बार जन्मदिन पर आती ही है तो साथियों ने कहा कि भैया हर बार ईडी वाले आ जाते हैं, इस बार हम ही उनके पास चले जाते हैं ना, इसलिए इस बार ईडी कार्यालय के सामने सुभाष स्टेडियम में यह आयोजन हो रहा है। आज इतना बड़ा आयोजन हो रहा है, प्रदेश भर से नेतागण आए हैं। ईडी के अधिकारी ऊपर से सुन भी रहे हैं, तो वे एक सूची दे दें, हम ही आ जाते हैं उनके कार्यालय में।

## एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए गोविंदा, दिखा बदला-बदला अंदाज

# टूट रही गोविंदा-सुनीता की शादी, दी तलाक की अर्जी!

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मशहूर अभिनेता गोविंदा और सुनीता आहूजा की शादी को 38 साल हो चुके हैं। अब फिर से दोनों के रिश्ते में मन-मुटाव होने की चर्चा जोरों-शोरों से हो रही है। रिपोर्ट्स हैं कि सुनीता आहूजा ने पति गोविंदा से तलाक लेने का फैसला किया है। उन्होंने मुंबई के फैमिली कोर्ट में अर्जी भी डाली है। बताया जा रहा है कि सुनीता ने पति पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं, मगर गोविंदा के मैनेजर शशि सिन्हा ने अब तलाक की खबरों को गलत और बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि गोविंदा और सुनीता का तलाक नहीं हो रहा है। इन खबरों के बीच गोविंदा मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए, जिसमें वह अपने अलग अंदाज में शेष पेज 8 पर



### वकील ने बताई सच्चाई


अब, गोविंदा के वकील ललित बिंद्रा ने तलाक की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है। ललित ने कहा, कोई मामला नहीं है, सब कुछ सुलझ रहा है, लोग बस पुरानी बातें उठा रहे हैं। इस गणेश चतुर्थी पर आप सभी को वह एक साथ दिखाई देंगे, आपको घर आना चाहिए।


### कोर्ट नहीं पहुंचे थे गोविंदा

*अदालत ने कथित तौर पर गोविंदा को 25 मई को तलब किया था, लेकिन अभिनेता किसी भी कार्यवाही में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हुए, जिसकी वजह से उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। हालांकि, सुनीता जून 2025 से लगातार सुनवाई और अदालत द्वारा अनिवार्य परामर्श सत्रों में उपस्थित रही हैं, लेकिन आधिकारिक कार्यवाही में गोविंदा की अनुपस्थिति दर्ज की गई।*

### बेटी टीना आहूजा ने भी किया रिएक्ट

गोविंदा और सुनीता आहूजा की बेटी टीना ने भी रिएक्ट किया है। उन्होंने कहा, ये सब अफवाहें हैं। मैं इन अफवाहों पर ध्यान नहीं देती। जब उनसे पूछा गया कि उनके माता-पिता इस पर कैसे रिएक्ट करते हैं, तो टीना ने कहा, क्या बोलूं मैं? वह तो देश में भी नहीं है। मैं एक सुंदर परिवार पाकर खुद को धन्य महसूस करती हूं और मीडिया, प्रशंसकों और प्रियजनों से हमें जो चिंता, प्यार और समर्थन मिल रहा है, उसके लिए मैं वास्तव में आभारी हूं।



लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी

बी एस सी नर्सिंग [60 Seats]

डिप्लोमा इन फार्मेसी [60 Seats]

महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड, जिला -दुर्ग

9131880895, 8319870997

6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर

83700 77700, 7024125200

## कृषि मंत्री निवास पर मनाया गया 'पोरा तिहार', राज्यपाल हुए शामिल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार 'पोरा तिहार' कृषि मंत्री रामविचार नेताम के निवास पर पारंपरिक अंदाज में मनाया गया। राज्यपाल रमेन डेका पोरा तिहार के इस पावन पर्व पर शामिल हुए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ वासियों को पोरा तिहार की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस मौके पर कहा, पोरा तिहार छत्तीसगढ़ की ग्रामीण संस्कृति और कृषि जीवन की महत्वपूर्ण परंपरा है। कृषि मंत्री ने अपनी धर्मपत्नी पुष्पा नेताम के साथ भगवान शिव-पार्वती और भगवान स्वरूप नांदिया-बैला की पूजा-आराधना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को पोरा तिहार की शुभकामनाएं दी। कृषि मंत्री ने कहा, पोरा तिहार छत्तीसगढ़ की परम्परा में किसानों और पशु प्रेम को समर्पित है। साथ ही तीन दिन बाद तीजा है, जो सुहागिनों के लिए सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, पोरा तिहार छत्तीसगढ़ की परंपरा और सामाजिक सद्भाव का पर्व है। सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने भी पोरा तिहार की शुभकामनाएं दी।

# राज्य के विरुद्ध अपराधों से जुड़े मामलों में और जहां विशेष अधिनियमों के तहत आरोप लगाए गए हों, वहां सामान्यतः जमानत नहीं दी जा सकती

### हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, माओवादियों के सहयोगी शिक्षक की जमानत आवेदन खारिज

**बिलासपुर।** चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं बीडी गुरू की डीबी ने गरियाबंद जिला में मतदान दल पर आईईडी ब्लॉस्ट करने आरोपी शिक्षक की जमानत आवेदन को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि राज्य के विरुद्ध अपराधों से जुड़े मामलों में और जहां किसी अभियुक्त पर विशेष अधिनियमों के तहत आरोप लगाए गए हों, वहां सामान्यतः जमानत नहीं दी जा सकती।

- 17 नवंबर 2023 को मतदान दल पर विस्फोट करने का आरोप, एक कांस्टेबल की हुई थी मौत

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि न्यायालयों को ऐसे मामलों में जमानत पर विचार करते समय अधिक सावधानी बरतने और सख्त रुख अपनाने की आवश्यकता है। आरोपों की गंभीरता, राज्य की सुरक्षा और ऐसे विशेष कानूनों के तहत जमानत देने पर लगाए गए वैधानिक प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए आरोपियों की जमानत आवेदन निरस्त किया गया। ध्यान रहे कि गरियाबंद जिला के मैनपुर क्षेत्र के एक मतदान केन्द्र को साल 2023 में मतदान समाप्त होने के बाद आई.टी.बी.पी. कांस्टेबल जोगेंद्र कुमार सुरक्षाबल के साथ लौट रहे थे। जब वे बड़ेगोबरा के पास पहुंचे, तो एक बम विस्फोट में घायल हो गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।



पुलिस ने धनेश राम ध्रुव ऊर्फ गुरू जी सहित अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध, भारतीय दंड संहिता की धाराएँ 147, 148, 149, 302, 307, 120-बी, 121, 121-ए विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908 की धाराएँ 4, 5 और 6, शस्त्र अधिनियम, 1959 की धाराएँ 25 और 27, तथा यूएपीए की धाराएँ 16, 17, 18, 20, 23, 38, 39, के तहत अपराध दर्ज किया था। आरोपी की याचिका में कहा गया कि अपीलकर्ता निर्दोष है। वह प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत है और उसका कथित अपराधों से कोई संबंध नहीं है। उसे केवल संदेह के आधार पर, वर्तमान अपराध में झूठा फंसाया गया है, बिना किसी ठोस या विश्वसनीय सबूत के जो उसे संबंधित घटना से जोड़ता हो।

याचिका में कहा गया कि अपीलकर्ता के पास से कोई भी अपराध सामग्री बरामद नहीं हुई है। कोविड-19 से संबंधित सामग्री, यानी एक साहित्य (पुस्तिका) और एक कागज (पैम्फलेट) अपीलकर्ता के घर से बरामद किया गया है। इसके साथ ही घटना के एक साल बाद, पुलिस ने याचिकाकर्ता को वर्तमान मामले में गिरफ्तार किया है। एनआईए के अधिवक्ता ने जमानत दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि अपीलकर्ता के खिलाफ जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्य उसकी सक्रिय भागीदारी और संलिप्तता को दर्शाती हैं। अपीलकर्ता ने उक्त आतंकवादी समूह के लिए रसद, सामग्री और सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# रिमांड खत्म होने पर चैतन्य 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

### पूर्व सीएम के बेटे चैतन्य से मिलने पत्नी ईडी कार्यालय पहुंची

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

करोड़ों रुपए के शराब घोटाला के आरोप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की शनिवार को पुलिस रिमांड खत्म होने पर ईडी ने कोर्ट में पेश कर 14 दिनों के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। अगली सुनवाई अब छह सितंबर को होगी। चैतन्य बघेल एक माह से ज्यादा समय से न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है। जांच में नए तथ्य सामने आने के बाद ईडी ने चैतन्य से पूछताछ करने रिमांड पर लिया था। चैतन्य को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया।

सूत्रों के मुताबिक चैतन्य से पूछताछ में ईडी को कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। पूछताछ में ईडी को कई नए तथ्य मिले हैं। इस आधार पर ईडी के अफसरों ने रायपुर, भिलाई के 17 कारोबारियों की सूची तैयार की है। सूची में सराफा कारोबारी के साथ, रियल एस्टेट, होटल कारोबारियों के नाम बताए जा रहे हैं। ईडी ने जिन कारोबारियों की सूची तैयार की है, उन्हें पूछताछ करने जल्द नोटिस जारी कर सकती है।

### स्टेडियम में पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन सेलिब्रेट

23 सितंबर को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्म दिवस है। ईडी कार्यालय के सामने सुभाष स्टेडियम में पूर्व मुख्यमंत्री के परिजन तथा उनके समर्थकों ने पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन सेलिब्रेट करने के साथ तीजा पोरा का पर्व मनाया। कार्यक्रम के बीच में चैतन्य की पत्नी ख्याति वर्मा तथा उनकी बहनें चैतन्य से मिलने ईडी कार्यालय पहुंचीं। आधा घंटा मुलाकात करने के बाद सभी वापस भिलाई के लिए लौट गए।

# एनटीपीसी सीपत के खिलाफ दायर क्षेत्रीय ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की याचिका खारिज

**निजी लाभ के लिए दायर हुई याचिका, याचिकाकर्ता पर 50 हजार रु जुर्माना भी**

### हाईकोर्ट ने कहा- निजी स्वार्थ के लिए कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग ठीक नहीं

**बिलासपुर।** चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की युगलपीठ ने क्षेत्रीय ट्रांसपोर्ट वेल्फेयर एसोसिएशन सीपत की जनहित याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने याचिका पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि "एक जनहित याचिका में, जब याचिकाकर्ता स्वयं विषय-वस्तु से संबंधित विवादों में एक पक्षकार हो, और उसी मुद्दे पर न्यायालय द्वारा पहले ही एक अन्य जनहित याचिका जिसमें स्वप्रेरणा से संज्ञान भी शामिल है, में विचार किया जा चुका हो, तो बाद की याचिका को एक वास्तविक जनहित याचिका नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर 50 हजार रु जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने इस राशि को विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसी (एसएए), गरियाबंद और विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसी (एसएए), बालोद को प्रेषित करने कहा है।

क्षेत्रीय ट्रांसपोर्ट वेल्फेयर एसोसिएशन सीपत ने एनटीपीसी लिमिटेड सीपत के फ्लाई ऐश से भरे ओवरलोड ट्रक को नहीं छोड़े जाने, फ्लाई ऐश से भरे ट्रक पर तिरपाल से ढक कर परिवहन करने, ओवरलोड ट्रक को बिलासपुर-सीपत में चलने की अनुमति नहीं देने की मांग को लेकर जनहित याचिका पेश की थी। मामले में शासन व एनटीपीसी ने जवाब पेश कर कहा कि याचिका (जनहित याचिका) संख्या 37/2024 पहले से ही इस न्यायालय के समक्ष लंबित है जिसमें वर्तमान याचिका में उठाया गया मुद्दा सक्रिय

### प्रेरित मुकदमेबाजी के अलावा और कुछ नहीं

एनटीपीसी की ओर से कहा गया कि हाईकोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान भी लिया है। इसके बावजूद, याचिकाकर्ता ने वर्तमान जनहित याचिका दायर करने का विकल्प चुना है। इससे साफ है कि यह याचिका किसी वास्तविक सार्वजनिक उद्देश्य के लिए नहीं, बल्कि केवल अपने निजी लाभ के लिए दायर की गई है। ऐसा व्यवहार कानूनी प्रक्रिया का स्पष्ट दुरुपयोग है। एनटीपीसी की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि वर्तमान रिट याचिका एक प्रेरित मुकदमेबाजी के अलावा और कुछ नहीं है। एनटीपीसी की ओर से यह भी कहा गया कि याचिकाकर्ता पेशे से एक ट्रांसपोर्टर है और उसका एनटीपीसी से परिवहन अनुबंध प्राप्त करने में प्रत्यक्ष व्यावसायिक हित है। यह निहित स्वार्थ प्रकट करता है कि वर्तमान याचिका किसी बड़े सार्वजनिक हित की पुष्टि के लिए दायर नहीं की गई है, बल्कि केवल याचिकाकर्ता के अपने व्यावसायिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए दायर की गई है।

### याचिकाकर्ता की साख की पुष्टि करनी चाहिए

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि कानून की प्रक्रिया के दुरुपयोग के रूप में शुरू से ही खारिज किया जा सकता है। न्यायालयों को, प्रथम दृष्टया, किसी जनहित याचिका पर विचार करने से पहले याचिकाकर्ता की साख की पुष्टि करनी चाहिए। न्यायालय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जनहित याचिका दायर करने के पीछे कोई व्यक्तिगत लाभ, निजी उद्देश्य या अप्रत्यक्ष उद्देश्य न हो। जनहित में अधिकार क्षेत्र निजी व्यक्तियों द्वारा अपने निहित स्वार्थों को पूरा करने के लिए दुरुपयोग का स्रोत बन सकता है।

# सूदखोर तोमर भाइयों का बंगला कुर्क

**रायपुर।** मारपीट, सूदखोरी, हत्या की कोशिश, जबरन वसूली के मामलों में फरार आरोपी वीरेंद्र तथा रोहित तोमर के आलीशान बंगले को कुर्क कर लिया गया।

बंगले में दोनों भाइयों का डेढ़-डेढ़ हजार वर्ग फीट में मालिकाना हक है। कुर्की की कार्रवाई एसडीएम एनके चौबे और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में की गई। दोनों भाइयों के खिलाफ पुरानी बस्ती, तेलीबांधा, डीडीनगर सहित कई थानों में केस दर्ज है। तेलीबांधा थाने में एक प्रापर्टी डीलर के साथ मारपीट को लेकर अपराध दर्ज होने के बाद से दोनों भाई फरार हो गए। दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने हर संभव कोशिश की, लेकिन दोनों को पुलिस गिरफ्तार करने में नाकाम रही। इसके बाद एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने दोनों भाइयों की गिरफ्तारी के लिए पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया। इनाम घोषित होने के बाद भी दोनों भाइयों की गिरफ्तारी नहीं होने के बाद संपत्ति कुर्क करने पुलिस ने कोर्ट में आवेदन पेश किया। दोनों भाइयों को कोर्ट ने 19 अगस्त तक कोर्ट में पेश होने उद्घोषणा जारी की।



बिलासपुर, रविवार 24 अगस्त 2025 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष प्रतिपदा | वर्ष : 25, अंक : 151 | पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00*** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# पांच लाख के वाहन से ढो रहे सामान मरीज को स्ट्रेचर पर लेकर जा रहे परिजन

**लापरवाही आई सामने मरीजों के वाहन का किया जा रहा दुरूपयोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

खास खबर

मेडिकल कालेज अस्पताल में व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही है। एम्बुलेंस, इलेक्ट्रिक वाहन जैसे संसाधन होने के बाद भी मरीजों की जान को जोखिम में डालकर सड़क पर स्ट्रेचर में लादकर सड़क पार कराया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला फिर से सामने आया है जिसमें गंभीर मरीज को ऑक्सीजन लगा होने के बाद भी स्ट्रेचर में लादकर एमसीएच भवन से मुख्य अस्पताल तक ले जाया गया। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वहीं अब एक अन्य वीडियो भी सामने आया है जिसमें मरीजों के लिए लाए गए 5 लाख ▶▶|शेष पेज 8 पर



■ वीडियो वायरल होने के बाद जारी किया गया नोटिस

### की जाएगी कार्रवाई

अस्पताल में एंबुलेंस व एक अन्य इलेक्ट्रिक वाहन की व्यवस्था मरीजों के लिए है। इस मामले में नर्सिंग सिस्टर को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है और मामले की जांच चल रही है। इलेक्ट्रिक वाहन से सामान ढोने के मामले में भी कार्रवाई की गई है। वाहन को परिसर से बाहर नहीं लेकर जा सकते है। हमने चालक को हटा दिया है। जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई होगी। - **डॉ. आरसी आर्या,** अधीक्षक मेडिकल कॉलेज अस्पताल

### सिंहदेव ने पूछा- ओवरब्रिज का क्या हुआ

इस घटना को लेकर पूर्व जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने अस्पताल में बदहाली पर चिंता जताई है। उन्होंने सवाल उठाया है कि कांग्रेस शासन काल के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के प्रयास से दोनों अस्पताल भवनों को आपस मे जोड़ने के लिए स्वीकृति ओव्हर ब्रिज का क्या हुआ। पूर्व उपमुख्यमंत्री के प्रयास से मेडिकल अस्पताल कॉलेज के मुख्य भवन और मातृ शिशु अस्पताल को आपस में जोड़ने के लिए 1 करोड़ 5 लाख रुपए की ▶▶|शेष पेज 8 पर

### नए कर्मचारियों की लापरवाही आई सामने

अस्पताल में मरीज के लिए संसाधन होने के बाद भी स्ट्रेचर पर सड़क पार करने के मामले में अस्पताल में ठेका प्रथा से भर्ती किए गए चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी की लापरवाही भी सामने आई है। नए कर्मचारी ने बिना जानकारी व नियम की जानकारी के मरीज को लेकर जांच कराने चली गई। ऐसे में ठेका प्रथा से भर्ती की गए नए कर्मचारियों की कार्यशैली भी अस्पताल प्रबंधन के लिए किरकिरी का कारण बन रही है।

### मरीजों के लिए खरीदा था स्काई राइडर

सबसे बड़ी बात यह है कि अस्पताल में मरीजों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने-लेजाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन स्काई राइडर खरीदा गया है। इस वाहन की कीमत लगभग 5 लाख रुपए है। इस वाहन का उपयोग अस्पताल परिसर में ही किया जाना है और अस्पताल के बाहर वाहन को लेकर जाने की अनुमति नहीं है। जिस समय अस्पताल में संसाधन की कमी से एक मरीजों को स्ट्रेचर पर ऑक्सीजन लगाकर सड़क पार करते वीडियो वायरल हुआ उसी समय एक और वीडियो सामने आया जिसमें अस्पताल के इस इलेक्ट्रिक वाहन में जिसका उपयोग सिर्फ मरीज के लिए किया जाना है उसमें सामान ढोया जा रहा था। उक्त वाहन रिंग रोड पर दौड़ रही थी। ऐसे में यदि इस तरह की लापरवाही और दुरुपयोग वाहन का किया गया तो जल्द ही लाखों की लागत से खरीदा गया वाहन कबाड़ में तब्दील हो जाएगा।

### जेडी और अधीक्षक ने जारी किया नोटिस

अब इस वीडियो के वायरल होने के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहार जायसवाल ने नाराजगी जाहिर की है जिसके बाद संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने अस्पताल अधीक्षक को इस मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए है। वहीं अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या ने भी इस मामले में फीमेल मेडिकल वार्ड की एमआईसीयू की मरीज को स्ट्रेचर पर सड़क पर कराने के मामले में नर्सिंग सिस्टर ▶▶|शेष पेज 8 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी कल से करेंगे गुजरात दौरा

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अगस्त से शुरू हो रहे अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे के



दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित घरों का उद्घाटन करेंगे। वे 5,477 करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

### एक ही परिवार के पांच सदस्य नदी में डूबे

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया जिले में एक परिवार के पांच सदस्य नदी में डूब गए। मृतकों की पहचान सुलोचना देवी (30), गौरी कुमारी (नौ), शेखर कुमार (21), करण कुमार (21) और सचिन कुमार (18) के रूप में हुई है।
कस्बा प्रखंड में नौ साल की एक बच्ची कारी कोसी नदी में फिसल कर तेज बहाव में बह गई।

**नया नियम :** अमेरिकी सीमा शुल्क नियमों में स्पष्टता के अभाव में सेवाएं अस्थायी रूप से सस्पेंड

# ट्रंप टैरिफ के खिलाफ भारत का एक्शन यूएस के लिए डाक सर्विस कल से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संचार मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि अमेरिकी सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी नए मानदंडों में स्पष्टता के अभाव के कारण हवाई वाहक कंपनियों ने अमेरिका जाने वाली डाक ले जाने से इंकार कर दिया है। इस वजह से अमेरिका के लिए डाक सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं। हालांकि, 100 अमेरिकी डॉलर तक के पत्रों, दस्तावेजों और उपहार वस्तुओं के लिए सेवाएं जारी रहेंगी।

अमेरिकी प्रशासन ने 30 जुलाई, 2025 को जारी एक कार्यकारी आदेश में कहा था कि 100 अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के सामान पर 29 अगस्त से अमेरिका में सीमा शुल्क लागू होगा। कार्यकारी आदेश के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय डाक नेटवर्क के जरिये खेप पहुंचाने वाले परिवहन वाहकों को डाक पर शुल्क लेना और उसका भुगतान करना आवश्यक है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हालांकि अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) ने 15 अगस्त, 2025 को कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे, लेकिन योग्य पक्षों के पदनाम और शुल्क संग्रह व प्रेषण की व्यवस्था से संबंधित ▶▶|शेष पेज 8 पर

*अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ लगने के बाद नियमों में बदलाव भी हो रहा है। अब भारत सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। भारत 25 अगस्त से अमेरिका के लिए ज्यादातर डाक सर्विस को बंद कर देगा। यह कदम अमेरिकी सरकार की ओर से 30 जुलाई 2025 को जारी एक आदेश के बाद आया है, जिसके तहत 800 अमेरिकी डॉलर तक के आयातित सामानों पर टैरिफ छूट वापस ले ली गई है।*

**100 अमेरिकी डॉलर तक की गिफ्ट के लिए जारी रहेंगी सेवाएं**

### स्पष्टीकरण के बाद ही फिर शुरू होगी सर्विस

सीबीपी और यूएसपीएस से आगे स्पष्टीकरण मिलने के बाद, इन छूट प्राप्त श्रेणियों को अमेरिका में स्वीकार और भेजा जाता रहेगा। वहीं डाक विभाग सभी हितधारकों के साथ समन्वय में उभरती स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। जल्द से जल्द सेवाओं को सामान्य बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।





**कस्टमर्स को मिलेगा रिफंड :** भारतीय डाक विभाग ने कहा है कि जिन कस्टमर्स ने पहले से ही ऐसी सर्विस बुक कर ली थी। अब वे इन परिस्थितियों के कारण अमेरिका पार्सल नहीं भेज सकते हैं, वह रिफंड के लिए क्लेम कर सकते हैं। डाक विभाग ने ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए दुख व्यक्त किया है। आश्वासन दिया है कि अमेरिका के लिए पूर्ण सेवाएं जल्द बहाल करने के उपाय किए जाएंगे।

### आने वाले पार्सल पर शुल्क लगेगा

आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका द्वारा लागू की गई नई व्यवस्था के तहत सभी आने वाले पार्सल पर शुल्क लगेगा, लेकिन अंतरराष्ट्रीय डाक खेप तब तक शुल्क मुक्त रहेगी, जब तक कि अमेरिकी सीबीपी एक नई प्रवेश प्रक्रिया स्थापित करके उसे प्रकाशित नहीं कर देता। उन्होंने कहा कि इस निलंबन से वाशिंगटन के नए व्यापार उपायों से होने वाले तत्काल असर का पता चलता है, जिनसे वैश्विक ई-कॉमर्स बाधित हो सकता है। साथ ही भारत तथा अन्य देशों के निर्यातकों पर असर पड़ सकता है।

### क्यों भारत ने रोकी डाक सर्विस

अमेरिका जाने वाली एयरलाइंस ने परिचालन और तकनीकी तैयारी की कमी का हवाला देते हुए 25 अगस्त, 2025 के बाद डाक खेप स्वीकार करने में असमर्थता व्यक्त की है। इन सभी वजहों को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग ने 25 अगस्त से अमेरिका जाने वाली सभी प्रकार की डाक वस्तुओं की बुकिंग अस्थायी तौर से रोकने का फैसला किया है, लेकिन अभी 100 अमेरिकी डॉलर तक के डाक भेजे जा सकते हैं।

# न्यूयॉर्क में भारतीय चीनी यात्रियों से भरी बस पलटी



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य में एक टूर बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पांच लोगों की मौत की हो गई है। न्यूयॉर्क राज्य पुलिस ने यह जानकारी दी. समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह दुर्घटना जेनेसी काउंटी के पेमब्रोक में इंटरस्टेट 90 पर हुई, जब 50 से अधिक यात्रियों को लेकर बस शुक्रवार को नियाग्रा फॉल्स से न्यूयॉर्क शहर लौट रही थी। न्यूयॉर्क राज्य पुलिस के प्रवक्ता जेम्स ओ'कैलाघन ने कहा, 'इस समय, हमारे पास कई लोगों की मौत, कई लोगों के फंसने और कई लोगों के घायल होने की सूचना है।'

■ **एक बच्चे समेत 5 लोगों की मौत, रेसक्यू जारी**

उन्होंने आगे कहा कि कुल मौतों और घायलों की संख्या अभी भी निर्धारित की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब बस के चालक ने 'पूरी गति' से गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया और बस में सवार हर यात्री के शरीर में चोट के निशान हैं। बस 'बहुत क्षतिग्रस्त' हो गई थी; दुर्घटना के समय गाड़ी से कई यात्री बाहर निकल गए थे, लेकिन चालक 'जिंदा और स्वस्थ' था।

# सीआरपीएफ के जवान ने गोली मारकर की खुदकुशी

*मोर्चे पर तैनाती के दौरान दोपहर में स्वयं को मारी गोली*

■ **गोली की आवाज से कैम्प में मचा हड़कंप, एक दिन पूर्व छुट्टी से लौटा था जवान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के मिनपा सीआरपीएफ की 22 वीं बटालियन में तैनात एक जवान ने ड्यूटी के दौरान स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि जवान मोर्चा में संतरी ड्यूटी पर तैनात था तभी उसने स्वयं को गोली मार ली। घटना नक्सल प्रभावित मिनपा सीआरपीएफ कैम्प का है। बताया जा रहा है कि जवान एक दिन पूर्व ही छुट्टी समाप्त कर वापस ड्यूटी पर लौटा था। मृतक जवान का नाम शशिभूषण है जो कि बिहार का रहने वाले था। घटना दोपहर लगभग दो बजे की बताई जा रही है।

गोली की आवाज सुनकर कैम्प में हड़कम्प मच गया। मोर्चा की ओर से गोली की आने के बाद गोली की आवाज सुनकर नक्सली हमले की आशंका से बाकी जवान सावधानी से मोर्चे की तरफ बढ़े और मौके पर पहुंचने पर उसे खून से लथपथ हालत में पाया उसका शव जमीन पर पड़ा मिला। गोली ▶▶|शेष पेज 8 पर

# पीएम-सीएम को बर्खास्त करने वाले विधेयक पर बंट गया विपक्ष?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार हाल ही संपन्न हुए संसद के मॉनसून सत्र में पीएम-सीएम को बर्खास्त करने वाला एक नया बिल लेकर आई है। विरोध के बाद अब इस बिल के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) बनाई जाएगी।

जेपीसी में सभी दलों के सांसद होंगे। वे कानून पर विचार करेंगे और अपनी राय देंगे। इस कानून के तहत अगर किसी मंत्री या मुख्यमंत्री को 30 दिन के लिए जेल हो जाती है, तो उन्हें अपने पद से हटा दिया जाएगा। विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल कई दल इस कानून का विरोध कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि इस कानून पर संसद में चर्चा हो। हालांकि, इस कानून को लेकर विपक्ष में मतभेद हो गया है। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने अलग रुख अख्तियार किया है।

### टीएमसी चाहती है बहिष्कार

तृणमूल कांग्रेस इस ज्वाइंट पर्लियामेंट्री कमिटी में शामिल नहीं होना चाहती है। टीएमसी का कहना है कि इस कानून का विरोध करना चाहिए। सूत्रों के अनुसार, टीएमसी चाहती है कि जेपीसी का बहिष्कार किया जाए। लेकिन बाकी विपक्षी दल चाहते हैं कि वे पैनल में रहें। वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि मोदी सरकार को विपक्ष शासित राज्यों को निशाना बनाने का हथियार न मिले।

*मौसेरा भाई ही निकला पांच साल के बच्चे का कातिल*

# सूरत से किडनैपिंग, मुंबई में मर्डर एसी कोच के टॉयलेट में फेंका शव

**मुंबई।** मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस पर शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब खड़ी कुशीनगर एक्सप्रेस के एसी कोच बी-2 के टॉयलेट से करीब 5 साल के मासूम का शव बरामद हुआ। ट्रेन की सफाई के दौरान कर्मचारियों को शव दिखा, जिसके बाद तत्काल सूचना रेलवे पुलिस को दी गई।





**पुलिस कर रही जांच :** इस घटना ने मामले को अपहरण से हत्या की दिशा में मोड़ दिया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी बच्चे को लेकर मुंबई कैसे पहुंचा और उसकी हत्या किन परिस्थितियों में हुई। फिलहाल आरोपी की तलाश में पुलिस की कई टीमें सक्रिय हैं।

**एडीआर की रिपोर्ट में दावा**

# चंद्रबाबू देश के सबसे अमीर सीएम, 931 करोड़ की संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू एक बार फिर भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्रियों की वार्षिक सूची में शीर्ष पर रहे हैं। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में यह



जानकारी मिली। नायडू की घोषित 931 करोड़ रुपए की संपत्ति का अधिकांश हिस्सा उनके परिवार की शुद्ध डेयरी खुदरा कंपनी हेरिटेज फूड्स लिमिटेड में हिस्सेदारी से आया है। इसे उन्होंने 33 साल पहले बिना किसी सरकारी सहायता के स्थापित किया था।

### नायडू के पास हेरिटेज फूड्स लिमिटेड की कोई हिस्सेदारी नहीं

रिपोर्ट में बताया गया है कि नायडू के पास हेरिटेज फूड्स लिमिटेड में कोई शेयर नहीं है। लेकिन डेयरी कंपनी जिसकी स्थापना 1992 में मात्र 7,000 रुपये की प्रारंभिक पूंजी से हुई थी और यह 1994 में शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई थी, में उनकी पत्नी भुवनेश्वरी नारा की बड़ी हिस्सेदारी है। उनके पास कंपनी में 24.37 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जिसे आंध्र के मुख्यमंत्री की संपत्ति में गिना जाता है।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के विदेश मंत्री वांग यी की कूटनीतिक मुलाकात को अमेरिका सहित दुनिया के अनेक मुल्कों द्वारा बड़ी हैरतअंगेज दृष्टि से देखा जा रहा है। सबसे बड़ी हैरत की बात है कि चीन के विदेशमंत्री वांग यी द्वारा पहले भारत का कूटनीतिक दौरा किया गया। उसके तत्पश्चात ही वह पाकिस्तान के दौरे पर गए। पाकिस्तान के ऊपर भारत को प्राथमिकता प्रदान करने वाला यह चीन का कूटनीतिक दृष्टिकोण एकदम अनोखा और नया है। यक्ष प्रश्न है कि अमेरिका के साथ अपने कूटनीतिक और रणनीतिक तनाव के नाजुक दौर में भारत द्वारा क्या चीन पर तहेदिल से यकीन किया जा सकता है? आजादी के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दौर में हिन्दी-चीनी भाई-भाई का नारा बहुत जोर शोर से बुलंद किया गया, किंतु वर्ष 1962 में भारत पर चीन द्वारा आक्रमण अंजाम देने के तत्पश्चात सरहद पर तल्ख विवाद के कारणवश दोनों देशों के मध्य कूटनीति रिश्ते कभी सामान्य और दोस्ताना नहीं हो पाए। अब ट्रंप के एकतरफ टैरिफ के बाद भारत और चन अपनी ट्रेडकूटनीति को आगे बढ़ा रहे हैं। दोनों देश मिलकर जहां ग्लोबल साउथ को मजबूत कर सकते हैं, वहीं एशिया का नेतृत्व भी कर सकते हैं। भारत, चीन व जापान में नई वैश्विक व्यवस्था गढ़ने का दम है। आजकल के ताजा अंक में पेश है भारत व चीन संबंध पर एक विश्लेषण...**

# सहयोग का इतिहास रचेंगे हिंदी-चीनी?





**ट्रेडकूटनीति**
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा थोपी गई आक्रामक टैरिफ के कारण क्या भारत और चीन रणनीतिक और कूटनीतिक तौर पर निकट आ रहे हैं? राष्ट्रपति ट्रंप की खुशफहमी है कि भारत इतना अधिक शक्तिशाली नहीं है कि निर्णायक और प्रभावी तौर पर अमेरिका पर चीन की तर्ज ओ तरीके से पलटवार कर सकेगा। 19 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब चीन के विदेशमंत्री से मुलाकात अंजाम दी तो फिर दुनिया भर के जाने-माने डिप्लोमेट्स का नजरिया भारत के प्रति परिवर्तित होने लगा है। समस्त ऐतिहासिक शत्रुताओं के बावजूद भारत-चीन मित्रता विश्वपटल पर नया भविष्य रच सकती है, बशर्ते चीन द्वारा अपनी विस्तारवादी फितरत का परित्याग कर दिया जाए।**

जटिल प्रश्न है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा थोपी गई आक्रामक टैरिफ के कारण क्या भारत और चीन रणनीतिक और कूटनीतिक तौर पर निकट आ रहे हैं? अमेरिका के विदेश मंत्री स्कॉट बेसेंट ने फरमाया कि 27 अगस्त से भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ बाकायदा आयद कर दिया जाएगा। अमेरिका के नीति नियंता भारत को निरंतर धमकियां दे रहे हैं कि रूस से तेल का आयात जारी रखा गया तो फिर भारतीय निर्यात पर टैरिफ दरों को सौ प्रतिशत तक कर दिया जाएगा। यूरोप के कुछ कूटनीतिक विशेषज्ञों का मंतव्य है कि भारत की बहुरेखीय डिप्लोमेटिक रणनीति जबरदस्त तौर पर नाकाम सिद्ध हुई है। बाद में उनकी राय बदली है।

इस कूटनीतिक रणनीति के तहत भारत के लिए सभी देशों का दोस्त बन जाना और सभी के लिए अपरिहार्य बन जाने का उसका मकसद रहा है। लेकिन प्रायः सभी के लिए भारत कहीं अब गैरजरूरी तो नहीं बनता जा रहा है? यहां तक कि ऑपरेशन सिंदूर के काल में अमेरिका और रूस दोनों ने पाकिस्तान और भारत को एक ही तराजू में तोल दिया। चीन से दुश्मनी अंजाम दिए बिना राष्ट्रपति ट्रंप सिर्फ भारत पर ही टैरिफ आक्रमण अंजाम देकर धमकाते और धकियाते रहते हैं, क्योंकि संभावतया राष्ट्रपति ट्रंप इस गलतफहमी के शिकार रहे हैं कि अमेरिका विरुद्ध भारत की खामोशी और ट्रेड समझौता करने की चाहत उसकी कमजोरी है। राष्ट्रपति ट्रंप की खुशफहमी है कि भारत इतना अधिक शक्तिशाली नहीं है कि निर्णायक और प्रभावी तौर पर अमेरिका पर चीन की तर्ज ओ तरीके से पलटवार कर सकेगा। 19 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब चीन के विदेशमंत्री से मुलाकात अंजाम दी तो फिर दुनिया भर के जाने-माने डिप्लोमेट्स का नजरिया भारत के प्रति परिवर्तित होने लगा है।

## भारत की वैश्विक कूटनीति

कुछ जाने-माने विशेषज्ञ तो यहां तक कहने लगे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंदर ऐसी विरल रणनीतिक और कूटनीतिक हिम्मत विद्यमान है, जोकि यूरोपीय यूनियन के लीडरों के पास कदाचित मौजूद नहीं रही। तसव्वुर कीजिए, यदि ऐसा ही रणनीतिक अंदाज यूरोपीय यूनियन ने लीडरान द्वारा रूस-यूक्रेन युद्ध के निदान के लिए रूस के साथ कूटनीतिक मुलाकातें करने की खातिर अखित्यार किया होता तो फिर यूरोपीय यूनियन को रूस-यूक्रेन युद्ध में मध्यस्थता करने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की आवश्यकता कदापि नहीं पड़ती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के विदेश मंत्री वांग यी की कूटनीतिक मुलाकात को अमेरिका सहित दुनिया के अनेक मुल्कों द्वारा बड़ी हैरतअंगेज दृष्टि से देखा जा रहा है। सबसे बड़ी हैरत की बात है कि चीन के विदेशमंत्री वांग यी द्वारा पहले भारत का कूटनीतिक दौरा किया गया। उसके तत्पश्चात ही वह पाकिस्तान के दौरे पर गए। पाकिस्तान के ऊपर भारत को प्राथमिकता प्रदान करने वाला यह चीन का कूटनीतिक दृष्टिकोण एकदम अनोखा और नया है। यक्ष प्रश्न है कि अमेरिका के साथ अपने कूटनीतिक और रणनीतिक तनाव के नाजुक दौर में भारत द्वारा क्या चीन पर तहेदिल से यकीन किया जा सकता है? आजादी के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दौर में हिन्दी-चीनी भाई-भाई का नारा बहुत जोर शोर से बुलंद किया गया, किंतु सन् 1962 में भारत पर चीन द्वारा आक्रमण अंजाम देने के तत्पश्चात सरहद पर तल्ख विवाद के कारणवश दोनों देशों के मध्य कूटनीति रिश्ते कभी सामान्य और दोस्ताना नहीं हो पाए।

## चीन की बुनियादी फितरत में विस्तारवाद

सन् 1949 में कम्युनिस्ट इंकलाब के बाद से ही चीन की बुनियादी फितरत बाकायदा विस्तारवादी अंदाज में निरंतर कायम बनी रही। सबसे पहले चीन ने 1959 में अनाधिकृत तौर पर तिब्बत पर आधिपत्य स्थापित किया। इसके बाद चीन ने लद्दाख के कुछ क्षेत्रों और अरुणाचलम (नेफा) पर अपने स्वामित्व का दावा पेश किया। 35000 स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्र के अक्साई चिन इलाके पर चीन का अनाधिकृत आधिपत्य कायम बना रहा। वर्ष 2020 में गलवान घाटी में रक्तरंजित सैन्य झड़प तत्पश्चात भारत-चीन संबधों में फिर से एक खराब दौर आया, किंतु तभी से दोनों मुल्कों द्वारा परस्पर संबंधों सामान्य स्थिति में लाने की खातिर निरंतर सैन्य और कूटनीतिक वार्ताएं जारी रखी गई हैं। भारत-चीन संबंधों में तल्खी और तनाव का एक कारण क्वाड गठबंधन भी रहा है जिसे चीन अपने विरुद्ध एक अमेरिकन गठजोड़ के तौर पर देखता है। चीन द्वारा अमेरिकन टैरिफ के बरखिलाफ सबसे सशक्त आवाज बुलंद की गई और राष्ट्रपति ट्रंप को उनकी भाषा में सख्त प्रतिउत्तर पेश कर दिया। विदेशमंत्री वांग यी की भारत यात्रा को चीन के मीडिया द्वारा अत्यंत प्रमुखता के साथ पेश किया गया। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ चीनी विदेश मंत्री द्वारा सीमा विवाद पर महत्वपूर्ण चर्चा अंजाम दी गई।

## रणनीतियों में आएगा बुनियादी बदलाव

चीन के कूटनीतिक हल्कों में जोरदार चर्चा है कि डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक टैरिफ नीतियों के मद्देनजर भारत और चीन वस्तुतः अपनी रणनीतियों में अब बुनियादी बदलाव करना चाहते हैं और वांग यी की भारत यात्रा इसी व्यापक कूटनीतिक पहल का एक महत्वपूर्ण कदम है। चीन के जाने-माने डिप्लोमेट्स गुआंग का भी विचार है कि भारत और चीन के मध्य ताकतवर कूटनीतिक ताल्लुकात यकीनन ग्लोबल साउथ के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ग्लोबल साउथ टर्म का इस्तेमाल एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के विकासशील देशों के समूह के लिए किया जाता है। आखिर वांग यी की भारत यात्रा से ठोस उपलब्धि क्या हासिल हुई? इसके उत्तर में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ मिंग ने फरमाया कि चीन और भारत अनेक जटिल विवादित प्रश्नों को लेकर ठोस सहमति पर तकरीबन पहुंच चुके हैं। दोनों देशों के समक्ष सबसे जटिल प्रश्न है कि वैश्विक चुनौतियों का मिलकर सामना कैसे किया जाए और किसी भी मुल्क के धौंस और दबाव की रणनीति का कारगर एवं समुचित विरोध करने के लिए किस तरह एकजुट हुआ जाए। विश्वसनीय कूटनीतिक सूत्र यह भी बयान करते हैं कि सीमा क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए भी दोनों देशों ने अपनी सहमति व्यक्त की है। भारतीय कूटनीति सूत्रों ने दावा पेश किया कि चीन द्वारा भारत के ऊपर आयद किए गए अर्थ निर्यात नियंत्रण समाप्त कर दिए गए हैं। आधिकारिक तौर पर इस तथ्य की हालांकि बाकायदा पुष्टि नहीं हो पाई है।

उल्लेखनीय है कि चीन द्वारा भारत को कुल फर्टिलाइजर्स का लगभग 30 प्रतिशत सप्लाई कराया जाता रहा है। ऑटोमोबाइल कॉम्पोनेंट्स के लिए अर्थ एलिमेंट्स और सड़क और शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए जरूरी टनल बोरिंग मशीन भी चीन द्वारा भारत को निर्यात किए जाते हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ मिंग ने दावा पेश किया कि भारत ने ताइवान को चीन का अभिन्न अंग निरूपित किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि ताइवान के साथ आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक संबंधों को पहले की तरह जारी रखा जाएगा। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने तिब्बत में यारलुंग सांगपो नदी, जिसे भारत में ब्रह्मपुत्र नदी कहा जाता है, के निचले इलाके पर चीन द्वारा निर्मित किए जा रहे मेगा डैम के निर्माण को लेकर भारत की गहन चिंताओं को चीन के विदेशमंत्री वांग यी के समक्ष पेश किया। वस्तुतः चीन के विदेशमंत्री वांग यी की भारत यात्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 31 अगस्त और 1 सितंबर को शंघाई कॉआपरेशन आर्गेनाइजेशन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भागीदारी की तैयारी के संदर्भ में देखा जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के तकरीबन 100 देशों के विरुद्ध टैरिफ जंग शुरू की है। ट्रंप द्वारा टैरिफ आक्रमण में भारत को बख्शा नहीं गया है। इसके बावजूद कि विगत 25 वर्षों के दौर में भारत बेहद करीबी संबंध अमेरिका के साथ स्थापित कर चुका है। भारत यकीनन अत्यंत विवश होकर अमेरिकन प्रशासन के विरुद्ध सीधे टकराव की स्थिति में आ गया है, क्योंकि भारत द्वारा रूस से तेल खरीदारी खत्म करने से स्पष्ट तौर पर इनकार कर दिया गया है। इस वक्त भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के महत्व को बाकायदा समझ रहा है। भारत चीन के साथ संबंध सुधारने की अत्यंत संजीदा कोशिश अंजाम दे रहा है, ताकि विश्व पटल पर भारत को रणनीतिक गुंजाइश और नीतिगत लचीलापन हासिल हो सके। भारत अब अमेरिका द्वारा प्रदान किए गए जबरदस्त झटके के बाद ग्लोबल साउथ के बाजारों की तरफ नजर डाल रहा है, ताकि भारत को निर्यात के लिए अमेरिका के बाजारों पर निर्भर नहीं रहना पड़े।

## ट्रंप से यूरोपीय यूनियन के लीडर भी आहत

इन दिनों तक अमेरिका के आक्रामक व्यवहार से यूरोपीय यूनियन के लीडर भी बहुत आहत हुए, जिनके साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इनफीरियर देशों की तरह से व्यवहार किया है और जबरदस्त आर्थिक नुकसान भी पहुंचाया है। उल्लेखनीय है कि विगत अनेक दशक से यूरोप वस्तुतः अमेरिका का पिछलग्गू बना रहा है। यूरोपीय यूनियन के अनेक बड़े लीडर तल्ख एहसास से गुजर रहे हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप तो रूस के साथ अपने संबंधों को बेहतर बना रहे हैं किंतु यूरोप ने रूस के साथ अपने संबंधों को बिगाड़ कर अपना बहुत अधिक आर्थिक नुकसान किया है। यूरोपीय यूनियन के लोग गहनता से महसूस करते हैं कि चीन के प्रति भारतीयों के मन में जिस तरह का शत्रु भाव व्याप्त रहा है, इस तरह का शत्रुतापूर्ण भाव यूरोप में रूस के विरुद्ध लेकर कदाचित विद्यमान नहीं रहा है, अर्थात भारत के लिए एक दोस्त के तौर पर चीन के साथ पेश आना, वस्तुत यूरोप की तुलना में राजनीतिक और कूटनीतिक तौर पर कहीं ज्यादा मुश्किल रहा है, किंतु भारत ने यह कूटनीतिक करनामा कर दिखाया है, किंतु यूरोप अभी भी एक तरह से रूस के साथ अपने डिप्लोमेटिक ताल्लुकात को लेकर कन्फ्यूज्ड भाव में डगमगा रहा है।

अब तो अमेरिका प्रशासन ने विश्व पटल पर ऐसे विकट हालात उत्पन्न कर दिए हैं कि भारत और चीन यदि निकट सहयोग नहीं करेंगे तो फिर गहन आर्थिक संकट के दलदल में धंस जाएंगे। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विगत कार्यकाल में चीन के विरुद्ध ट्रेड वॉर का बिगुल बजाया गया था किंतु राष्ट्रपति ट्रंप के वर्तमान कार्यकाल में तो भारत को भी ट्रेड वॉर का निशाना बना दिया गया। समस्त ऐतिहासिक शत्रुताओं के बावजूद भारत-चीन मित्रता विश्वपटल पर नया भविष्य रच सकती है, बशर्ते चीन द्वारा अपनी विस्तारवादी फितरत का परित्याग कर दिया जाए। नए वर्ल्ड ऑर्डर की उम्मीद लगा सकते हैं।

# एससीओ में दिखना चाहिए भारत का प्रभाव



**विश्लेषण**
सुनील अमर
वरिष्ठ स्तंभकार

चीन के त्यानजिन में 31 अगस्त को होने जा रही शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की बैठक, अमेरिकी दखलअंदाजी से बदले हुए अन्तरराष्ट्रीय माहौल के कारण अहम बन गयी है। इसी कारण दुनिया भर के राजनीतिक पर्यवेक्षकों व कूटनीतिज्ञों की निगाहों का केन्द्र बिन्दु बनी हुई है। भारत के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी भी इस बैठक में भाग लेंगे। पीएम मोदी के इस बैठक में भाग लेने को चीन काफी गम्भीरता से ले रहा है और माहौल को पॉजिटिव बनाने के लिए कई स्तर के प्रयास कर रहा है। नई दिल्ली आये चीनी विदेश मन्त्री ने अपने भारतीय समकक्ष से मुलाकात कर न सिर्फ आशाजनक बयान दिये हैं बल्कि सार्थक क्रियान्वयन करने का एक खाका भी खींच गए हैं। अरसे से स्थगित वीजा और हवाई सेवायें शुरू की जा रही हैं। दोनों तरफ से बने हुए इस खुशनुमा माहौल का क्या नतीजा निकलेगा, यह तो एक सितम्बर के बाद ही पता चलेगा।

चीन द्वारा लगातार पाकिस्तान का समर्थन करने के कारण चीनी प्रभुत्व वाले एससीओ से भारत को कभी भी ज्यादा उम्मीदें नहीं रही हैं। वैसे तो एससीओ का गठन वर्ष 2001 में ही हो गया था लेकिन भारत और पाकिस्तान इसमें वर्ष 2017 में शामिल हुए। असल में सोवियत संघ के विखण्डन के बाद बने देशों में सीमा और अन्य तरह के विवाद हो रहे थे तो उनको एक मंच पर लाकर बात करने के लिए वर्ष 1996 में शंघाई फाइव नाम से एक संगठन बनाया गया जिसमें रूस और चीन के अलावा तत्कालीन सोवियत संघ से आजाद हुए कजाकिस्तान, किर्गिस्तान व ताजिकिस्तान देश शामिल थे। बाद में इसी को विस्तार देते हुए एससीओ बनाया गया जिसमें आज नौ देश शामिल हैं।

## एससीओ से सार्थक उम्मीद नहीं

इस संगठन में चीन का ही प्रभुत्व है। ध्यान देना होगा कि बीते जून माह में एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक थी, जिसमें भाग लेने गये भारतीय रक्षा मन्त्री ने वहां जारी साझा बयान को मानने और हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। भारत को आपत्ति थी कि एससीओ दोहरा मापदण्ड अपना रहा है। बयान में पाकिस्तान में हुए जाफर एक्सप्रेस आतंकवाद काण्ड की तो निन्दा की गयी थी लेकिन भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र भी नहीं किया गया था। भारत को इस संगठन से कभी भी कोई सार्थक उम्मीद नहीं रही है क्योंकि यह मुख्य रूप से चीन और रूस के हितों की पूर्ति के लिए बनाया गया है। यही कारण है कि इस संगठन की आधिकारिक भाषा भी रुसी और चाइनीज ही है। भारत ने सुझाव दिया था कि इसमें अंग्रेजी को भी शामिल किया जाय लेकिन चीन नहीं माना।

## ट्रंप के व्यापार युद्ध का असर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ ग्रहण करते ही मानों व्यापार युद्ध सा छेड़ दिया है। उन्हें शायद लगता है कि वे अमेरिका की हर समस्या को अन्य देशों पर व्यापार कर यानी टैरिफ थोप कर हल कर लेंगे। उनके इस व्यापार युद्ध का ही असर है कि चीन इस बार एससीओ की बैठक के लिए भारत के प्रति दुर्लभ किस्म की विनम्रता




दिखा रहा है। भारत में चीन के राजदूत सू फ्योंग ने जहां कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी का एससीओ बैठक में भाग लेना 'अत्यन्त महत्वपूर्ण' होगा और इसे सफल बनाने के लिए भारत और चीन के अधिकारियों का एक समूह लगातार काम कर रहा है। वहीं, अपने हालिया भारत दौरे पर आये चीनी विदेश मन्त्री वांग यी ने तो भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व विदेश मन्त्री एस जयशंकर से हुई वार्ता के बाद यहां तक कह दिया है कि दोनों देशों के बीच सीमा आदि के विवाद को सुलझाने के लिए दस सूत्रों पर सहमति बनी है और जिस पर काम करने के लिए दोनों तरफ से दो-दो ग्रुप बनाये जाएंगे, जो विवाद निपटाने व सीमा प्रबन्धन का कार्य देखेंगे।

ध्यान रहे कि चीन के साथ भारत की सबसे बड़ी समस्या दशकों पुराना युद्ध स्तरीय सीमा विवाद ही है। एससीओ में भाग लेने जा रहे प्रधानमन्त्री मोदी के एजेन्डे के लिए यद्यपि राजनीतिक, कूटनीतिक और राजनयिक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं फिर भी कुछ खास और जाने-सुने मुद्दे हैं जिन पर वहां उनके बात करने की संभावना बन सकती है। सात वर्षों बाद भारतीय प्रधानमन्त्री की चीन यात्रा का सबसे बड़ा उद्देश्य तो यही होगा कि दोनों देशों के बीच खत्म हो चुके आपसी भरोसे को फिर से बहाल किया जाए। इस दौरान लगभग ढाई दर्जन बार हो चुकी बेनतीजा सीमा सम्बन्धी द्विपक्षीय वार्ताओं को अब किसी सिरे तक पहुंचाने की कोशिशें हों। इसके अलावा रेयर अर्थ यानी दुर्लभ खनिज, उर्वरक, फार्मा व इलेक्ट्रानिक वस्तुएं, सुरंग बनाने की मशीनें, कृषि क्षेत्र व वैकल्पिक ऊर्जा आदि बातचीत के विषय हो सकते हैं।

आतंकवाद व अलगाववाद जैसी समस्या से निपटना एससीओ की स्थापना का घोषित लक्ष्य है। देखना होगा कि इस बार चीन इस पर क्या रवैया अपनाता है। भारत यद्यपि ब्रिक्स व क्वाड जैसे अन्य कई बड़े अंतरराष्ट्रीय संगठनों का सदस्य है, फिर भी चीनी प्रभुत्व के बावजूद एससीओ का उसके लिए महत्वपूर्ण है कि इससे मध्य एशिया की एनर्जी मार्केट में सीधा दखल तथा सुरक्षा सहयोग के अलावा क्षेत्रीय प्रभाव भी बनता है। इसके अलावा एससीओ देशों को मिलाकर लगभग 60 प्रतिशत यूरेशिया बनता है जिसमें तीन अरब से अधिक की विश्व आबादी रहती है। इसमें भारत, चीन, रूस और पाकिस्तान जैसे परमाणु सम्पन्न देश भी हैं। एससीओ में बातचीत का एक महत्वपूर्ण विषय व्यापारिक मार्गों की सुगमता का हो सकता है।

## बेहतर कनेक्टिविटी की चर्चा

इस सम्बन्ध में भारत अन्तरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण ट्रांसपोर्ट कॉरीडोर जिसे संक्षेप में आईएनएसटीसी कहा जाता है पर बेहतर कनेक्टिविटी यानी मार्ग संयोजन की चर्चा कर सकता है। यह लगभग 7200 किमी का समुद्र, सड़क और रेल मार्गों से बनने वाला रास्ता है और जिससे हिन्द महासागर, फारस की खाड़ी, कैस्पियन सागर और यहां से फिर रेल व सड़क मार्ग से रूस के सेंट पीटर्सबर्ग होकर उत्तरी यूरोप जुड़ता है। इस मार्ग से समय व धन की बचत होती है। एससीओ में भारत इस बात को भी प्रमुखता से रख सकता है कि इसे रूस-चीन का सुरक्षा कवच वाला संगठन बनाये रखने के बजाय सदस्य देशों के बृहत्तर उद्देश्यों के लिए विस्तारित किया जाए।

संभावना तो इस बात की ज्यादा है कि चीन घुमा-फिराकर अपने व्यापारिक लाभ की बातों को ही आगे रखेगा फिर भी कुल मिलाकर उम्मीद यही रखनी चाहिए कि भारत ने जो तेवर एससीओ रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में बयान पर दस्तखत करने से इनकार करके तथा भारतीय विदेश मन्त्री ने 'जो देश आतंकवाद फैलाने में सहायता करेगा उसे इसकी कीमत चुकानी होगी' जैसा बयान देकर भारत की मजबूती को दिखाया है, वही दशा-दिशा और संप्रभुता आगामी एससीओ सम्मेलन में भारत की बनी रहेगी।

# ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करें भारत-चीन



**विमर्श**
शंभू भद्रा
वरिष्ठ पत्रकार

मौजूदा वक्त में दुनिया में अनेक स्तर पर हलचल है। इसके केंद्र में अमेरिका है, खासकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। उन्होंने सबसे अदावत की ठान रखी है। भारत व चीन समेत 90 से अधिक मुल्कों पर ट्रंप के एकतरफा टैरिफ के ऐलान से वैश्विक रिश्ते रिशेप ले रहे हैं। देश अमेरिका के विकल्प तैयार कर रहे हैं। भारत और चीन तेजी से करीब आ रहे हैं।

यूं तो चीन के साथ रिश्ते सामान्य करने का प्रयास भारत ने ट्रंप 2.0 आने से पहले वर्ष 2024 में ही शुरू कर दिया था, लेकिन ट्रंप के अनुचित टैरिफ के बाद चीन ने भी भारत से ट्रेडकूटनीति को मजबूत करने की कोशिश तेज कर दी है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की चीन यात्रा, चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा, इस दौरान दुर्लभ खनिजों की बंद आपूर्ति को शुरू करने के साथ उर्वरक व टनल खुदाई मशीन देने पर सहमति और 31 अगस्त व 1 सितंबर को दो दिवसीय शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में पीएम नरेन्द्र मोदी के भाग लेने व उनकी चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ प्रस्तावित बैठक इन्हीं कोशिशों की कड़ी हैं। भारत एक साथ ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, चीन, रूस व ब्राजील से अपने संबंध मजबूत कर रहे हैं। पश्चिम एशिया, खाड़ी देश, अफ्रीकी संघ, लैटिक अमेरिकी देश और आसियान देशों के साथ भी भारत के रिश्ते बेहतर हैं। इसमें सबसे अहम भारत व चीन के उतार-चढ़ाव वाले रिश्ते हैं।

## दूरदृष्टि का दे रहे परिचय

बेशक वांग यी की यात्रा के बाद चीन व भारत के संबंध को लेकर बीजिंग व नई दिल्ली में अलग-अलग विश्लेषण व नजरिया है, लेकिन दोनों मुल्क दूरदृष्टि का परिचय दे रहे हैं। भारत व चीन के संबंध भविष्य में क्या आकार लेंगे, कहना कठिन है, कारण चीन की विस्तारवादी नीतियां, पाकिस्तान के साथ दोस्ती व भारत के साथ सीमा विवाद राह के रोड़े हैं। भारत के साथ सामान्य संबंध चीन के रुख पर निर्भर करेगा, पर अभी ट्रंप टैरिफ की वजह से अगर दोनों देश नजदीक आ रहे हैं तो भी यह बहुध्रुवीय विश्व में नई उम्मीद को मजबूत कर रहे हैं। भारत के लिए अमेरिका का रिप्लेसमेंट चीन नहीं है, लेकिन भारत अपने हितों से कभी समझौता भी नहीं करेगा। भारत को लेकर अमेरिकी प्रशासन की भाषा अपमानजनक सरीखी है, जिसे भारत कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। हाल में भारत ने रूस व चीन के साथ बेहतर तालमेल बढ़ा कर अमेरिका को संदेश दे दिया है कि ट्रंप के तरीके नामंजूर हैं।

## पश्चिम पर निर्भरता कम होगी

भारत को अगर अपने ग्लोबल साउथ के आइडिया को अमलीजामा पहनाा है, तो उसमें चीन, जापान व ब्राजील का साथ जरूरी है। भारत, चीन, ब्राजील व जापान मिलकर ग्लोबल साउथ को नई दिशा दे सकते हैं। ये सभी मुल्क तकनीक, संसाधन और बाजार के साथ सामरिक ताकत से लैस हैं। इससे पश्चिम पर निर्भरता कम होगी। भारत को एशिया की मजबूती और शांति की दिशा में भी काम करना चाहिए। एशिया में देशों के बीच संघर्ष, अविश्वास व दुश्मनी पश्चिमी



हथियार बाजार को खाद-पानी देते हैं। एशियाई देशों में अगर यह समझ विकसित हो जाए कि आपसी टकराव के बजाय सहअस्तित्व व सहयोग से इस साधन संपन्न सबसे बड़े महादेश को शक्तिशाली, आत्मनिर्भर और खुशहाल बनाया जा सकता है, तो हथियार की होड़ रुक सकती है, जिससे पश्चिम का दबदबा खत्म हो सकता है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के मुताबिक, 2014 से 2024 के बीच भारत के आयात परिदृश्य पर चीन का प्रभुत्व और अधिक बढ़ गया है। इरिथ्रोमाइसिन, सिलिकॉन वेफर्स, फ्लैट पैनल डिस्प्ले, सौर सेल, लिथियम आयन बैटरियां, दुर्लभ खनिज खासकर मैग्नेट के लिए भारत चीन पर निर्भर है। इस कारण चीन संकट के समय भारत के खिलाफ माल आपूर्ति को रोक कर ढाल बनाता है। भारत को इस स्थिति से उबरना है। भारत को चीन पर दबाव भी बनाना होगा कि वह भारतीय उत्पादों के लिए अपना बाजार खोले, व्यापार संतुलन की खाई को पाटे। द्विपक्षीय व्यापार में भारत की हिस्सेदारी दो दशक पहले के 42.3 प्रतिशत से घटकर आज केवल 11.2 प्रतिशत रह गई है। चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा को व्यापक रूप से प्रधानमंत्री मोदी की निर्धारित तियानजिन एससीओ शिखर सम्मेलन यात्रा की तैयारी के रूप में देखा जा सकता है। चीन अगर भारत का भरोसा जीतना चाहता है तो, उसे अधिक पहल करनी होगी। भारत व चीन के बीच सहयोग के कई क्षेत्र हैं। आयुर्वेद, योग और भारतीय शास्त्रीय कलाओं में चीन की रुचि बढ़ रही है।

पर्यटन, तीर्थयात्रा में वृद्धि हो रही है। भारतीय स्टार्टअप्स प्रमुख चीनी फंडिंग को आकर्षित कर रहे हैं। बुनियादी ढांचे और हाई-स्पीड रेल के क्षेत्र में चीन की उन्नत जानकारी भारत के औद्योगिक विकास के लिए लाभकारी है। भारत और चीन ब्रिक्स, एससीओ, जी-20, एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) और न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) में सहयोग कर वैश्विक दक्षिण एकजुटता, बहुध्रुवीयता और जलवायु कूटनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। चीन भारत के अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) का समर्थन करता है। दोनों देश पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए कार्बन टैरिफ और वैश्विक जलवायु शासन में अंतर्निहित असमानताओं के बारे में गहरी चिंताएं साझा करते हैं। भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे सीमाई स्थिरता, व्यापार और सामरिक संवाद के माध्यम से रचनात्मक सहभागिता की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन सीमा विवाद, अक्साई चिन के 38,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर अवैध चीनी कब्जा, अरुणाचल प्रदेश के 90,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को 'दक्षिण तिब्बत' बताकर चीनी दावा, देपसांग और चार्डिंग-निंगलुंग नाला जैसे टकराव वाले अनसुलझे बिंदु, डोकलाम गतिरोध (2017) और गलवान घाटी संघर्ष (2020), पीओके से होकर चीन का चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपेक), चीन का ब्रह्मपुत्र और सतलुज जैसी नदियों पर नियंत्रण, चीनी विस्तारवाद, पाकिस्तान के साथ सैन्य सहयोग आदि भारत व चीन के रिश्ते की राह में बाधाएं हैं।

## प्रतिरोधक क्षमता मज़बूत बनाएं

चीन वैश्विक मंचों पर भारत की न्यूक्लियर सप्लायर्स ग्रुप (एनएसजी) सदस्यता और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में स्थायी सीट की आकांक्षाओं में बाधा डालता है। फिर भी विश्वास-निर्माण उपायों, सामरिक स्वायत्तता, क्षेत्रीय सहयोग तथा वैश्विक बहुध्रुवीय सहभागिता के संयोजन से एक स्थिर, सहयोगपूर्ण व भविष्यन्मुखी द्विपक्षीय संबंध की राह प्रशस्त की जा सकती है। भारत को स्मार्ट सीमा अवसंरचना, आईएसआर (खुफिया, निगरानी एवं टोही) तकनीकों तथा पर्वतीय युद्ध की तैयारी में निवेश कर अपनी विश्वसनीय प्रतिरोधक क्षमता को मज़बूत बनाना चाहिए।

ALLEN

# पहचान बनाओ, पुरस्कार* पाओ
# TALLENTEX Star बन जाओ

एलन प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षा
कक्षा 5 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए

EXAM DATE
12 OCTOBER 2025

Scholarships worth*
₹ 250 CRORE

Cash Prizes*
₹ 2.5 CRORE

Recognized
NATIONAL RANK

*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.



Start your journey
www.tallentex.com
0744-3510202, 0744-2750202

SCAN TO REGISTER

## TALLENTEX के साथ चैम्पियंस अपनी सफलता की शुरुआत करते हैं



Rajit Gupta
TALLENTEX 2022
AIR 27
JEE (ADV.) 2025
AIR 1



Saksham Jindal
TALLENTEX 2023
AIR 19
JEE (ADV.) 2025
AIR 2



Keshav Mittal
TALLENTEX 2023
AIR 226
NEET (UG) 2025
AIR 7

ALLEN BILASPUR
89513-95460
allen.ac.in/bilaspur

ALLEN KOTA
0744-3556677
allen.ac.in

ALLEN ONLINE
95137 36499
allen.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment for the students to prepare for their target examinations. Studying at a coaching institute does not guarantee selection in the examinations. Selection also depends on other factors like preparation, available admission seats in the competitive exam, and the number of applicants appearing. All the students mentioned here were enrolled on full-time paid courses.


# भगवान गणपति के प्रसिद्ध-भव्य मंदिर

विशेषः गणेश चतुर्थी 27 अगस्त

आवरण कथा
रजनी अरोड़ा

भारतीय धार्मिक परंपराओं में भगवान गणेश का स्थान सभी देवताओं में सर्वप्रथम पूज्यनीय माना जाता है। प्रतिवर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेशोत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर देश के अलग-अलग राज्यों में स्थित भगवान गणेश के मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होते हैं। इनमें से कुछ भव्य-प्रसिद्ध मंदिरों के बारे में यहां बता रहे हैं।





## श्री सिद्धिविनायक मंदिर (मुंबई) महाराष्ट्र

**यह भारत** में गणेश जी के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। इस मंदिर का निर्माण 1801 में लक्ष्मण विठु और देउबाई पाटिल ने कराया था। इस मंदिर में गणपति बप्पा की प्रतिमा को काले पत्थर पर तराश कर बनाया गया है और गणपति जी अपनी दोनों पत्नी रिद्धि-सिद्धि के साथ यहां विराजमान हैं। पहले सिद्धिविनायक मंदिर की मूल संरचना काफी छोटी थी, लेकिन बाद में इस मंदिर का पुनर्निर्माण कराया गया। आज यह मंदिर पांच मंजिला बन चुका है। यहां गणेश जी को सिद्धिविनायक कहा जाता है, क्योंकि उनकी मूर्ति की सूंड़ दाईं ओर मुड़ी हुई है और सीधी पेट से जुड़ी हुई है। गणेशजी को नवसाचा गणपति भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है कि अगर आप सच्चे मन से कुछ मांगते हैं, तो वह अवश्य प्राप्त होता है। यहां रोजाना लाखों की संख्या में भक्त गणपति बप्पा के दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर प्रांगण में एक अस्पताल भी है, जहां लोगों का मुफ्त इलाज किया जाता है। इसके अलावा मंदिर में रसोईघर, प्रवचन मंडप और गणेश संग्रहालय भी हैं। *



## उच्ची पिल्लैयार मंदिर तमिलनाडु

**तिरुचिरापल्ली** के रॉकफोर्ट के शिखर पर यह मंदिर स्थित है। पल्लवों द्वारा चट्टान को काटकर निर्मित कराए गए इस मंदिर की शैल वास्तुकला अद्भुत है। इस मंदिर की कहानी रामायण काल से जुड़ी हुई है। रावण को पराजित करने के बाद भगवान राम ने विष्णु जी की एक मूर्ति विभीषण को लंका ले जाने के लिए दी थी। देवी-देवता ऐसा नहीं चाहते थे। इसलिए गणेश जी ने एक ग्वाले का रूप लिया और विभीषण को मूर्ति लंका ले जाने से रोका। विभीषण ने क्रोधित होकर उस ग्वाले के सिर पर वार किया, जिससे उसके सिर पर एक निशान पड़ गया। उसके बाद गणेश जी अपने असली रूप में आए। विभीषण ने उनसे माफी मांगी। आज भी इस मंदिर में स्थापित प्रतिमा के सिर पर एक निशान है। इस मंदिर तक पहुंचने के लिए 417 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। यहां रोजाना भगवान गणेश की 6 आरतियां की जाती हैं। 10 दिन का गणेश चतुर्थी उत्सव यहां बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। *

## कनिपक्कम विनायक मंदिर आंध्र प्रदेश

**चित्तूर** में स्थित कनिपक्कम विनायक, गणपति का एक विशेष मंदिर है। यह मंदिर नदी के बीचों-बीच स्थित है। इस मंदिर को 11वीं सदी में चोल राजा कोलोत्तुंग चोल प्रथम ने बनवाया था। बाद में 14वीं सदी के प्रारंभ में विजयनगर साम्राज्य के शासकों ने इस मंदिर का विस्तार कराया। यह मंदिर अपनी प्राचीन शिल्प कला और खूबसूरत डिजाइन के लिए विख्यात है। यहां गणेश जी की मूर्ति स्वयंभू (स्वतः प्रकट) है। लेकिन पिछले कई सालों से चमत्कार स्वरूप इस मंदिर में भगवान गणेश की मूर्ति के पेट और घुटने का आकार लगातार बढ़ रहा है। यहां ब्रह्मोत्सवम और गणेश चतुर्थी का उत्सव 21 दिनों तक चलता है। इस मंदिर को पानी के देवता का मंदिर भी कहा जाता है। तिरुपति मंदिर से 75 किलोमीटर दूर स्थित इस मंदिर में भक्त प्रथम पूज्य गणेश के दर्शन के लिए जरूर आते हैं। मान्यता है कि यहां पवित्र जल में डुबकी लगाने से सभी समस्याओं का समाधान हो जाता है। *





## रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर राजस्थान

**यह मंदिर** राजस्थान प्रांत में सवाई माधोपुर जिले में स्थित है, जिसे 10वीं सदी में रणथंभौर के राजा हमीर ने बनवाया था। यह विश्व धरोहर में शामिल रणथंभौर दुर्ग के भीतर बना है। यहां गणेश जी को रणतभंवर रणक भंवर नाम से भी जाना जाता है। पूरी दुनिया में यह ऐसा अनूठा मंदिर है, जहां गणेश जी की मूर्ति का रंग नारंगी है और अपने पिता शिवजी के समान तीन नेत्रों को धारण करके विराजमान हैं। इसकी एक और खासियत है कि यहां भगवान गणेश के पूरे परिवार को स्थापित किया गया है। इसमें गणेश जी अपनी दोनों पत्नियों रिद्धि-सिद्धि और पुत्रों शुभ-लाभ के साथ शोभायमान हैं। पौराणिक मान्यता है कि हजारों साल पहले भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणि के विवाह का निमंत्रण-पत्र इस मंदिर में भेजा गया था। तब से यह मंदिर भगवान को निमंत्रण-पत्र भेजने के लिए मशहूर है। स्थानीय लोगों के घर जब कभी शादी-ब्याह जैसा कोई मंगल कार्य होता है, तो वो सबसे पहले गणेश जी के नाम कार्ड भेजना नहीं भूलते, यानी अपना न्यौता रणथंभौर के गणेश मंदिर में देते हैं। गणेश चतुर्थी के मौके पर यहां हर साल भव्य गणेश मेला भी लगता है। *





## बड़े गणेश जी का मंदिर म.प्र.

**मध्य प्रदेश** के उज्जैन में प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के पास स्थित बड़े गणेश जी का यह भव्य मंदिर है। इस मंदिर में स्थापित गणपति जी की प्रतिमा विश्वभर में स्थापित विशाल मूर्तियों में से एक है, जिसका निर्माण महर्षि गुरु महाराज सिद्धांत वागेश पं. नारायण जी व्यास ने करवाया था। गणपति बप्पा की इस मूर्ति में सीमेंट के बजाय गुड़ और मेथी दानों के साथ ईंट, चूने और रेत का प्रयोग किया गया है। मूर्ति को बनाने में सभी पवित्र तीर्थ स्थलों का जल और सात मोक्षपुरियों-मथुरा, द्वारिका, अयोध्या, कांची, उज्जैन, काशी और हरिद्वार से लाई हुई मिट्टी भी मिलाई गई है। इस वजह से इस मंदिर की मान्यता और बढ़ गई है। *



## बाल गणपति मंदिर गोवा

**गोवा के** पोंडा में स्थित यह मंदिर भगवान गणेश के बाल स्वरूप को समर्पित है। जहां उनकी पूजा छोटे बच्चे के रूप में की जाती है। मंदिर का वातावरण अत्यंत शांत और भक्तिमय है, जो भक्तों को अलग तरह का आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है। मंदिर की वास्तुकला गोवा की पारंपरिक और आधुनिक शैलियों का सुंदर समायोजन है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक दर्शन के लिए आते हैं। मान्यता है कि यहां दर्शन करने से जीवन में आने वाले संकट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर यहां विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है। *

गणेश चतुर्थी से पूरे देश और विशेषकर महाराष्ट्र में गणेशोत्सव का उल्लास देखते ही बनता है। सामाजिक और सांस्कृतिक एकता के प्रतीक इस उत्सव का ऐतिहासिक महत्व भी कम नहीं है। यहां इसके शुभ मुहूर्त और पूजन के बारे में भी बता रहे हैं।

# सामाजिक-सांस्कृतिक एकता का अद्वितीय प्रतीक है गणेशोत्सव



पर्वोल्लास / आर.सी. शर्मा

गणेश चतुर्थी यानी देशभर में मनाया जाने वाला गणेशोत्सव का पर्व महज धार्मिक पर्व भर नहीं है। यह हमारे देश की सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का एक मजबूत प्रतीक भी है।

**प्रतिमा स्थापना-पूजनः** गणेश चतुर्थी का पर्व हर साल भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन मनाया जाता है। इस दिन देशभर में बड़ी धूमधाम से गणपति प्रतिमाओं की स्थापना होती है। इस साल 26 अगस्त 2025 की दोपहर 1 बजकर 54 मिनट से प्रारंभ होकर 27 अगस्त 2025 की रात तक गणपति स्थापना का शुभ मुहूर्त है। इस तरह दो दिन से लेकर 10 दिन तक मनाए जाने वाले गणेशोत्सव की शुरुआत 27 अगस्त 2025 से होगी। इस साल 27 अगस्त को गणपति स्थापना के बाद 6 सितंबर 2025 यानी अनंत चतुर्दशी के दिन तक यह पर्व मनाया जाएगा। इसके बाद गणपति विसर्जन होगा।



**अगर कर रहे प्रतिमा स्थापितः** गणेश पुराण के मुताबिक गणेश चतुर्थी को भगवान गणेश का जन्म हुआ था। इसलिए भक्तगण इस दिन अपने घरों या सार्वजनिक पूजा स्थलों पर गणेश प्रतिमा स्थापित करते हैं। अगर आप पहली बार अपने घर में विघ्न विनाशक गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं तो कुछ बातों का विशेष रूप से ध्यान रखें। जिन गणेश प्रतिमाओं में उनकी सूंड़ बाईं तरफ होती है, ऐसी प्रतिमाओं को घर लाना शुभ माना जाता है। अगर इस बार आपका पहला गणपति स्थापना उत्सव है, तो अपने घर बैठी हुई प्रतिमा ही लाएं, जो सुख, समृद्धि का प्रतीक होती है। भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना हमेशा ईशान कोण में करनी चाहिए।

गणपति प्रतिमा स्थापना काठ की चौकी पर करना सबसे पवित्र होता है। लेकिन इस चौकी में गणपति स्थापना के पहले इसकी गंगा जल से पवित्र कर लेना चाहिए। गंगा जल और पंच द्रव्यों से चौकी की धुलाई करने के बाद उस पर लाल कपड़ा बिछाकर भगवान गणेश को प्रतिस्थापित करना चाहिए। ध्यान रखें, आपकी स्थापित मूर्ति में गणेश जी का हाथ आशीर्वाद देती मुद्रा में होना चाहिए और उनके दूसरे हाथ में मोदक होना चाहिए। भगवान गणेश की ऐसी प्रतिमा को सबसे शुभ माना जाता है।

**महाराष्ट्र का भव्य पर्वः** यूं तो पूरे देश में गणेश चतुर्थी का पर्व खूब धूम-धाम से मनाया जाता है। लेकिन महाराष्ट्र में इस पर्व को लेकर देश में सबसे ज्यादा उल्लास होता है। हो भी क्यों न, आखिर आधुनिक गणेश उत्सव की शुरुआत सन 1893 में महाराष्ट्र से ही हुई थी। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने 1893 में गणेश चतुर्थी के पर्व को आधुनिक सार्वजनिक उत्सव का रूप दिया और इस तरह अंग्रेजों के विरुद्ध देशवासियों को सामाजिक एकता के जरिए एकत्रित किया। आज का गणेशोत्सव बहुत कुछ उसी दौर की परंपरा का विस्तार है। यहां गणेशोत्सव सामुदायिक भावना, संगीत, नृत्य, कला, अनुराग और मिलन का इंद्रधनुषी पर्व बन चुका है। इसलिए महाराष्ट्र में यह पर्व धार्मिकता से बढ़कर पहचान और सांस्कृतिक विरासत के उत्सव का रूप ले चुका है। हालांकि महाराष्ट्र में भी यूं तो गणेशोत्सव हर गली, हर घर और हर मुहल्ले में किसी न किसी रूप से मनाया जाता है। लेकिन मुंबई और पुणे ये दो ऐसे शहर हैं, जहां गणेशोत्सव सबसे ज्यादा धूमधाम के साथ मनाया जाता है। मुंबई और पुणे में यह पर्व उत्सव की धूम के साथ-साथ हर साल बढ़ती भव्यता के रूप में भी देखा जाता है। महाराष्ट्र राज्य में गणेशोत्सव को राज्योत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसलिए यहां सिर्फ घरों में ही नहीं मैदानों और सोसाइटीज में भी गणपति के भव्य पंडाल लगाए जाते हैं और अगले दस दिनों तक पूरे राज्य में गणपति बप्पा के जयकारे गूंजते हैं। महाराष्ट्र का भव्य गणेशोत्सव आज न सिर्फ भारत में, विदेशों में भी अपनी पहचान कायम कर चुका है।

**मुंबई-पुणे की प्रसिद्ध गणेश पूजाः** मुंबई में लालबागचा का राजा यानी लाल बाग में स्थापित की जाने वाली गणेश प्रतिमा का उत्सव सबसे ज्यादा धूमधाम से मनाया जाता है। लालबाग के पंडाल में गणेश प्रतिमा स्थापित हो जाने के बाद यहां महाराष्ट्र और देश-विदेश के कोने-कोने से आने वाले भक्तों का तांता लगा रहता है। माना जाता है कि लालबागचा के राजा यानी नौ साझा गणपति का एक बार दर्शन भर कर लेने से मनोकामना पूरी हो जाती है। इसलिए मुंबई के लालबाग इलाके में स्थापित गणेश प्रतिमा के इस पूरे उत्सव के दौरान करोड़ों भक्त दर्शन करते हैं। लालबाग के बाद मुंबई में गिर गांव चौपाटी और केतवाड़ी, सिद्धिविनायक मंदिर में स्थापित होने वाले गणेश पंडाल सबसे ज्यादा भव्य होते हैं, जहां हर दिन गणपति के दर्शन के लिए लाखों भक्त आते हैं।

मुंबई के बाद कुछ विशेष गणेश पंडालों के आकर्षण का यह जलवा पुणे शहर में भी दिखता है। विशेषकर यहां दगडु सेठ हलवाई गणपति टेंपल और तुलसी बाग गणपति का जिक्र होता है। पूरे महाराष्ट्र भर से ही नहीं देश के विभिन्न स्थानों से भी इन पंडालों में गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने लोग आते हैं। *

गजल
अवतार सिंह अक्षरजीवी

जितना लिखा था नसीब में उतना मिल गया
थोड़ा रह गया प्यार थोड़ा मिल गया
जिंदगी के पहाड़ पर चढ़ते-चढ़ते मुझे
कभी सहारा मिला कभी धक्का मिल गया
सुख-दुख का मुझसे हिसाब नहीं होता
कितना नहीं मिला कितना मिल गया
मुझे हर इंसान, इंसान जैसा ही मिला
पहले भरोसा मिला फिर धोखा मिल गया
मैंने खुद को सोचने की छूट ज्यादा क्या दी
मुझे डर और चिंताओं का काफिला मिल गया
कभी ऐसा सोऊं कि फिर जागूं ही नहीं मैं
अंधेरा कट जाए लगे कि सवेरा मिल गया

लघुकथाएं

## एक अकेला

सेवानिवृत्त अध्यापक आत्माराम जी हर मौसम में अपने साथ छाता लिए बिना घर से बाहर नहीं निकलते। छाता और आत्माराम मानो एक-दूसरे के पूरक बन चुके हैं। पीठ पीछे कुछ लोग उन्हें छाताराम, छतरीवाला, अंब्रेला मैन कह कर हंसी उड़ाते हैं। आत्माराम जी के घनिष्ठ मित्र चतुरमल ने उन्हें एक बार समझाने की कोशिश की तो वह बोले, 'देखो भाई, लोगों द्वारा पीठ पीछे खिल्ली उड़ाने के कारण मैं अपनी सेहत से समझौता नहीं कर सकता। धूप में बिना छाते के चलने पर त्वचा झुलस जाती है, लू लगने का खतरा रहता है। बारिश के मौसम में भीगकर सर्दी-जुकाम होने का डर रहता है। लोगों की परवाह किए बिना अपनी पसंद की वेशभूषा पहनना, घूमना-फिरना और रहना चाहिए।' आत्माराम की बात के आगे चतुरमल चुप रह गए।

आत्माराम जी को एक विवाह समारोह में शामिल होना था। उन्होंने नए कपड़े पहने। छाता लेकर घर से निकलने लगे तो पत्नी शांति ने उन्हें टोका, 'नए कपड़े के साथ पुराना छाता टाट में पैबंद लग रहा है। अभी तो पानी भी नहीं बरस रहा है। काहे छाता लेकर जा रहे हो?'

'आजकल बारिश का कोई भरोसा नहीं होता है। नवंबर, दिसंबर और मार्च, अप्रैल में भी पानी गिरते देखा है। अभी तो अगस्त का महीना है।' आत्माराम ने पत्नी को जवाब दिया और प्रतिक्रिया जाने बिना घर से निकल गए।

आत्माराम जी को विवाह समारोह में पीठ पीछे यूं छाता लटकाए देखकर कुछ लोग मुस्कुराए। कइयों ने अपनी हंसी को मुश्किल से रोका। आत्माराम सभी से आत्मीयता से मिले। वर-वधु को आशीर्वाद दिया। भोजन किया। इतने में बारिश होने लगी। जो लोग कार में आए थे, वे सब निश्चिंत दिखे। बाकी लोगों के पास बरसात थमने की प्रतीक्षा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। आत्माराम ने अपना छाता खोला और बेफिक्र होकर अपने घर की ओर चल पड़े। वो लोग जो, अभी कुछ देर पहले उन पर हंस रहे थे, उन्हें देखते रह गए। *

-अशोक वाधवाणी



## नाक का सवाल!

आज गुप्ता परिवार में विवाह की पचासवीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी थी। इस अवसर पर लगभग सभी रिश्तेदारों को बुलाया गया।

'बड़े भैया नहीं आए अभी तक... काफी देर हो चुकी है।' गुप्ता जी ने अपनी पत्नी से कहा।

'आ जाएंगे... थोड़ा और इंतजार कर लीजिए।' पत्नी ने जवाब दिया।


उसी समय बड़े भैया ने समारोह स्थल पर पैर रखे। नशे में चूर, उनके कदम लड़खड़ा रहे थे।

'भैया आपने शराब पी रखी है, आपने तो जीवन में कभी शराब को छुआ तक नहीं... और आज...!' गुप्ता जी ने उन्हें संभालते हुए पूछा।

'अरे तुमने मेरा दिल जलाया है.. दिल... नाक कटवा दी मेरी... जब मैंने अपने विवाह की पचासवीं वर्षगांठ नहीं मनाई तो तुमने क्यों मनाई... मुझे नीचा दिखाने के लिए। लोग क्या कहेंगे कि बड़ा भाई कंजूस.. मक्खीचूस निकला।' बड़े भैया ने लड़खड़ाती आवाज में जवाब दिया।

'अरे भैया न दिल जलाया आपका और न ही नाक कटी आपकी। बल्कि आपकी नाक रख ली मैंने। आज आपकी ही तो शादी की सालगिरह है। वहां देखिए, भाभी जी बन-संवर के आपकी प्रतीक्षा कर रही हैं।' गुप्ता जी ने स्टेज की तरफ इशारा किया। बड़े भैया ने जैसे ही स्टेज पर अपनी पत्नी को देखा, उनका नशा छू-मंतर हो गया। उनके मुंह से निकला, 'भाई हो तो ऐसा...!' *


-गोविंद भारद्वाज



पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## दिल्ली मेट्रो की कहानी

दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोग ही नहीं, देश-विदेश से यहां आने वाले लोग भी दिल्ली मेट्रो में सफर करने पर इसकी तारीफ किए बिना नहीं रह पाते हैं। वास्तव में पिछले लगभग तेईस वर्षों से दिल्ली मेट्रो, यहां की लाइफलाइन की भूमिका बखूबी निभा रही है। इसकी परिकल्पना, इसकी शुरुआत, इसकी विशेषताओं और फिर निरंतर इसके होते विस्तार की यात्रा-कथा को आंकड़ों, चित्रों और विवरणों के जरिए ऋषिराज ने बहुत सलीके से 'दिल्ली की जीवनरेखाः दिल्ली मेट्रो' पुस्तक में संजोया है। मेट्रो मैन के नाम से विख्यात दिल्ली मेट्रो के कर्णधार ई. श्रीधरन की उपलब्धियों और उनकी कार्यकुशलता के बारे में भी पुस्तक में एक अध्याय है। इसके अलावा लंदन मेट्रो, पेरिस मेट्रो, टोरंटो मेट्रो और न्यूयॉर्क मेट्रो जैसी विदेशी मेट्रो सेवाओं से दिल्ली मेट्रो का तुलनात्मक विवरण भी दिलचस्प है। इस किताब में दिल्ली मेट्रो के आय के स्रोत, इसकी पर्यावरणीय संवेदनशीलता और इसके बारे में अति विशिष्ट लोगों के अनुभवों को भी अलग-अलग अध्यायों में संकलित किया गया है। डीएमआरसी में एजीएम (ऑपरेशंस) के पद पर कार्यरत लेखक ने अपने कार्यक्षेत्र से जुड़ी कुछ मधुर स्मृतियों को भी रोचक शैली में पुस्तक में दर्ज किया है। *




**पुस्तकः** दिल्ली की जीवनरेखाः दिल्ली मेट्रो,
**लेखकः** ऋषि राज, **मूल्यः** 460 रुपए,
**प्रकाशकः** नेशनल बुक ट्रस्ट, भारत

## उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर बोले इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार

# पर्सनल अटैक न हों, एक सभ्य प्रतियोगिता की जरूरत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी ने सभ्य प्रतियोगिता की जरूरत बताई है। उन्होंने कहा कि एनडीए उम्मीदवारक सीपी राधाकृष्णन और मेरे बीच कुछ भी व्यक्तिगत नहीं है। हम कभी एक-दूसरे से मिले भी नहीं हैं।

इसलिए मैं चाहता था कि यह एक सभ्य प्रतियोगिता हो, व्यक्तियों के बीच नहीं, बल्कि दो अलग-अलग विचारधाराओं के बीच। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि यह भारत में हाल के दिनों में हुए सबसे सभ्य चुनावों में से एक हो। इसमें कोई कटुता नहीं है। कोई व्यक्तिगत आरोप नहीं हो। किसी व्यक्ति पर कोई टिप्पणी नहीं, क्योंकि उस उच्च सांविधानिक पद पर बैठने के इच्छुक व्यक्ति को वही करना चाहिए जो वह कहता है।

### कांग्रेस की ओर से आया प्रस्ताव



रेड्डी ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं उपराष्ट्रपति चुनाव लड़ूंगा। यह प्रस्ताव सबसे पहले कांग्रेस की ओर से आया था। कांग्रेस पार्टी के कुछ महत्वपूर्ण पदाधिकारियों ने इसकी शुरुआत की। मैंने कहा था कि मेरे लिए किसी विशेष राजनीतिक दल का उम्मीदवार बनना मुश्किल हो सकता है, लेकिन अगर इंडिया गठबंधन के दल सहमत होते हैं और मुझे उम्मीदवार बनाने पर विचार करते हैं, तो मैं चुनाव लड़ूंगा। उन्होंने कहा कि मुझे किसी विचारधारा को पसंद या नापसंद करने का कोई अधिकार नहीं है, लेकिन जिस तरह से आरएसएस काम करता है, उससे मेरे गंभीर मतभेद हैं। मैं एक उदार सांविधानिक लोकतांत्रिक व्यक्ति हूं। मैं धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय और बाबा साहब की बंधुत्व की विचारधारा में विश्वास करता हूं।

## गृहमंत्री शाह ने रेड्डी को बताया था नक्सलवाद समर्थक

### यह विचारों का टकराव



रेड्डी ने कहा कि यह लड़ाई नहीं है, यह विचारों का टकराव है। दूसरा पक्ष यह प्रचार कर रहा था कि यहां एक व्यक्ति है जो जीवन भर आरएसएस का पूर्ण सदस्य रहा है, इसलिए मैं उस विचारधारा से असहमत हूं, सीपी राधाकृष्णन से नहीं। सीपी राधाकृष्णन और मेरे बीच कुछ भी व्यक्तिगत नहीं है।

### राहुल को और क्या हासिल करना?

*रेड्डी ने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी 90 प्रतिशत सफलता पहले ही हासिल कर ली है। तेलंगाना जाति सर्वेक्षण के बाद प्रधानमंत्री और भारत सरकार ने राष्ट्रीय जनगणना के साथ जाति सर्वेक्षण कराने की बात कही है। वास्तव में हमें उनका आभारी होना चाहिए। राहुल गांधी को और क्या हासिल करना है?*

### अमित शाह ने रेड्डी पर लगाया था आरोप



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नीत गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया था। शाह ने कहा कि विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस रेड्डी ने नक्सलवाद की मदद की है। यदि उन्होंने सलवा जुडूम के खिलाफ फैसला नहीं सुनाया होता तो देश में चरमपंथी वामपंथी आंदोलन 2020 से पहले ही समाप्त हो गया होता।

### 9 सितंबर को होनी है वोटिंग

*उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 तारीख को वोटिंग होगी। संख्याबल के लिहाज से, बीजेपी नीत एनडीए के अन्य सदस्यों के पास इतना बहुमत है कि वे इंडिया के सदस्यों और सहयोगी दलों द्वारा उतारे गए उम्मीदवारों को आसानी से हरा सकें। अगर अनिच्छुक दल एनडीए का समर्थन नहीं भी करते हैं, तो भी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के जीतने की कोई संभावना नहीं है। हालांकि, क्रॉस वोटिंग होने की सूरत में मुकाबला रोचक हो सकता है।उपराष्ट्रपति चुनाव के इतिहास में सबसे कड़ा मुकाबला 2002 में हुआ था। उस समय सुशील कुमार शिंदे को भैरों सिंह शेखावत से 149 वोट कम मिले थे। आजादी के बाद से अधिकतर मुकाबलों में, सबसे आगे रहने वाले उम्मीदवार की जीत का अंतर बहुत ही आरामदायक रहा है।*

## उत्तराखंड में फिर कुदरत ने बरपाया कहर

# मकानों में 2 फीट तक मलबा भरा, दुकानें-बाजार भी तबाह



एजेंसी ⏭ चमोली

उत्तराखंड में एक बार भारी बारिश ने कहर बरपाया है। उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना को अभी कुछ ही दिन हुए थे कि आज चमोली के थराली तहसील में देर रात बादल फटने की खबर सामने आ गई। क्षेत्र में काफी नुकसान होने की आशंका है। दो गांव सागवाड़ा और चेपड़ों में काफी नुकसान हुआ।बादल फटने से काफी मलबा आया है, जिससे एसडीएम आवास समेत कई मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

मलबा घरों तक पहुंचने से लोगों को अपने घर छोड़कर बाहर निकलना पड़ा। सगवाड़ा गांव से एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना है, जबकि 20 वर्षीय एक लड़की के मलबे में दबी हुई है। चमोली के डीएम संदीप तिवारी ने बताया कि हादसा रात 1 से 2 बजे के बीच हुआ।थराली तहसील मुख्यालय के एक किलोमीटर के दायरे में कई जगहों पर तबाही मच गई क्योंकि स्थानीय नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया।

### राहत और बचाव कार्य जारी

सेना ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए रुद्रप्रयाग से एक इन्फैंट्री बटालियन की टुकड़ी जिसमें करीब 50 जवान हैं, राहत व बचाव कार्यों के लिए भेजी है। जोशीमठ से मेडिकल टीम भी रवाना की गई है, जबकि सर्च एंड रेस्क्यू (एसएआर) डॉग्स और ड्रोन भी मौके पर पहुंचाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन भी राहत व बचाव कार्य में जुटा है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर राहत-बचाव कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस बल की टीमें राहत बचाव का कार्य कर रही हैं। मौके पर जिला प्रशासन, तहसील प्रशासन, पुलिस विभाग, डीडीआरएफ के 07 जवान, एनडीआरएफ के 27 जवान, एसडीआरएफ के 12 जवान, एसएसबी ग्वालदम के 12 जवान, बीआरओ, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है ।



### कई प्रमुख सड़कें प्रभावित

*अधिकारियों ने यह भी बताया कि थराली को जोड़ने वाला कर्णप्रयाग–ग्वालदम नेशनल हाइवे, मिंग गधेरे के पास मलबा आने से बंद हो गया है। इसके अतिरिक्त, थराली–सागवाड़ा मोटर सड़क और डूंगरी मोटर सड़क भी बंद हो गई हैं। मौसम विभाग की ओर से जारी भारी बारिश की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए, जिला प्रशासन ने तीन विकासखंडों के सभी स्कूलों में शनिवार के लिए बंद रखा है।*

## पोला का जुलूस...



नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर में शनिवार को पोला त्योहार के उपलक्ष्य में निकले जुलूस में भाग लेते लोग।

## 'मुझे तूफानों से जूझने की आदत : सीएम रेखा



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि तूफानों से जूझना उनकी आदत है और वह किसी भी असुरी शक्ति से नहीं डरती हैं। रेखा गुप्ता पर हाल ही में जनसुनवाई के दौरान उनके आवास पर हमला हुआ था। इस घटना की मीडिया और राजनीतिक गलियारों में बड़े पैमाने पर चर्चा हुई थी। आरोपी राजेश खिमजी को गिरफ्तार कर लिया गया था। रेखा गुप्ता एक कार्यक्रम में उन दिनों के बारे में बता रही थीं, जब वह दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ती थीं और छात्र संघ की अध्यक्ष थीं। मुख्यमंत्री ने कहा, 'जब मैं डूसू की प्रेसीडेंट थी, तब एक प्रदर्शन के दौरान पुतला जलाया जाना था। मिट्टी का तेल न मिलने पर तब किसी ने पुतले में पेट्रोल डाल दिया। जैसे ही मैंने तिल्ली जलाई, आग लग गई और मेरा चेहरा जल गया।

## भारत जल्द ही गगनयान की उड़ान भरेगा : मोदी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



नेशनल स्पेस डे पर बोले प्रधानमंत्री

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जल्द ही आप सब वैज्ञानिकों की मेहनत से भारत गगनयान की उड़ान भी भरेगा और आने वाले समय में भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा। अभी हम चंद्रमा और मार्स तक पहुंचे हैं, अब हमें गहरे अंतरिक्ष में उन हिस्सों तक भी पहुंचना है जहां मानवता के भविष्य के लिए कई जरूरी रहस्य छिपे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'स्पेस सेक्टर में एक के बाद एक नए मील के पत्थर गढ़ना भारत और भारत के वैज्ञानिकों का स्वभाव बन गया है।

### इसरो चीफ ने कही ये बातें

*वहीं, इसरो चीफ वी. नारायणन ने कहा कि उनके निर्देश और विजन के आधार पर हम चंद्रयान-4 मिशन शुरू करने जा रहे हैं। हम वीनस ऑर्बिटर मिशन शुरू करने जा रहे हैं। हम 2035 तक बीएएस (भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन) नामक एक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने जा रहे हैं और पहला मॉड्यूल 2028 तक लॉन्च किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने एनजीएल (नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्चर) को मंजूरी दे दी है। 2040 तक भारत चंद्रमा पर उतरेगा और हम सुरक्षित वापस आएंगे।*

## आपदाग्रस्त किश्तवाड़ जाएंगे रक्षामंत्री राजनाथ

**जम्मू।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह परिस्थितियों के अनुकूल रहने पर रविवार को किश्तवाड़ के दौरे पर आएंगे। वह उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ चशोती जाकर राहत कार्यों का जायजा लेने के अलावा पीड़ितों से भी मिलेंगे। रक्षामंत्री पीड़ितों के लिए राहत पैकेज का एलान कर सकते हैं। बता दें कि 14 अगस्त को चशोती में बादल फटने से 65 लोगों की मौत हो गई थी। साथ ही गांव भी बाढ़ की चपेट में आया था। अधिकारियों के अनुसार राजनाथ और मनोज सिन्हा नौ दिनों से सुरक्षा कर्मियों व एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा करेंगे।

## बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी पर मुकदमा दर्ज



**पटना।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में उनके खिलाफ यूपी के शाहजहांपुर और महाराष्ट्र में मुकदमे दर्ज हुए हैं। शाहजहांपुर में भाजपा महानगर अध्यक्ष की शिकायत पर एफआईआर दर्ज हुई है। वहीं, महाराष्ट्र में भाजपा विधायक ने तेजस्वी यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

छ.ग. नगर पालिका (कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बंधन तथा शर्तें) नियम 2013 के नियम 11 (1) तहत

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स वसुन्धरा न्यू इन्कलेव द्वारा भागीदार मो. इरशाद खान आ. अब्दुल हकीम खान, पंजीकृत कॉलोनाईजर जिनका रजिस्ट्रीकरण क्र. 33 है, के द्वारा ग्राम बण्डाबहरा अम्बिकापुर, तहसील–अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 4442/1, 4450/1 रकबा 0.377 हे. पर आवासीय प्रयोजन हेतु (भूखण्डीय विकास) कॉलोनी के निर्माण हेतु अनुमति इस कार्यालय द्वारा जारी की जा रही है। कॉलोनाइजर के द्वारा छ.ग. नगर पालिक निगम तथा नगर पालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बंधन तथा शर्तें) नियम 2013 के नियम 11 (1) के तहत स्वीकृत अभिन्यास अनुसार उक्त भूखण्ड के कुल संख्या के 12 प्रतिशत के बराबर भूखण्ड नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर के पक्ष में आंतरिक विकास कार्य होने तक नियम 11 के उप–नियम 1 के अंतर्गत कॉलोनी के आंतरिक विकास कार्य के सुरक्षा निधि के रूप में बंधक रखे गये है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| बंधक भूखण्ड का विवरण | | |
|---|---|---|
| भूखंड क्र. | विवरण | कुल नग |
| 4442/1, 4450/1 | अनुमोदित अभिन्यास का भूखण्ड क्र. 7, 8, 9 | 3 नग |

उपरोक्त नियम के तहत नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा आंतरिक विकास पूर्णता प्रमाण पत्र जारी नही हो जाते हैं, तब तक इन बंधक भूखण्ड का क्रय–विक्रय प्रतिबंधित रहेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

**कार्यालय नगर पंचायत अड़भार, जिला-सक्ती (छ.ग.)**
E-Mail ID :- cmoadbhar2@rediffmail.com, cmoadbhar@gmail.com

क्र./686/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 अड़भार दिनांक 21/08/2025

– :: ई–प्रोक्योरमेंट ऑनलाईन द्वितीय निविदा सूचना ::–

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का विवरण | निविदा का प्रकार | अनुमानित लागत (लाख में) | ठेकेदार का वर्ग | ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2 | 174158 | वार्ड क्र. 06 सोसायटी से सामुदायिक भवन तक, विकास देवांगन से होरी लाल बरेठ घर तक आर सी सी नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 05 मेन रोड से निराला घर तक, मकसूद कुरैशी घर से बल्लू राम कुर्रे घर तक सी सी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 07 राज घर से शिव मंदिर तक, शिव मंदिर से किशन घर तक सी सी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 11 कलवर्ट से मुक्तिधाम व्हया स्कूल तक, लिमगांव रोड से बेलपान पार तक सी सी रोड निर्माण कार्य | द्वितीय निविदा | 51.82 | डी श्रेणी एवं उच्चतर श्रेणी | Bid Start Date 21.08.2025 | 17:00 PM |
| | | | | | | Bid Due Date 08.09.2025 | 17:00 PM |

निविदा की विस्तृत जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in एवं http://uad.cg.gov.in में डाउनलोड एवं देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत अड़भार



# इक्विटी फंड ने 5 साल में 4 गुना दिया निवेशकों को मुनाफा

- ऐसे करीब दस फंडों को मिली 4 से 5 स्टार की ऊंची रेटिंग
- निवेशकों ने भी जमकर लगाए पैसे और बन गए करोड़पति
- एसआईपी पर भी 24 से 30% तक का एन्युलाइज्ड रिटर्न दिया
- 5 साल में लंपसम निवेश पर 26 से 37 फीसदी तक रिटर्न दिया

*इक्विटी फंड एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो मुख्य रूप से शेयर बाजार में निवेश करता है। इसका उद्देश्य निवेशकों को शेयर बाजार में निवेश करने का अवसर प्रदान करना है, जिससे वे अपने निवेश पर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकें।*

### इक्विटी फंड के प्रकार

- 1. लार्ज-कैप फंड : ये फंड बड़े कैप शेयरों में निवेश करते हैं, जो आमतौर पर अच्छी तरह से स्थापित कंपनियों के शेयर होते हैं।
- 2. मिड-कैप फंड : ये फंड मध्यम आकार की कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं, जो आमतौर पर तेजी से बढ़ने वाली कंपनियां होती हैं।
- 3. स्मॉल-कैप फंड : ये फंड छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं, जो आमतौर पर उच्च जोखिम और उच्च रिटर्न की संभावना के साथ आते हैं।
- 4. सेक्टोरल फंड : ये फंड विशिष्ट क्षेत्रों या उद्योगों में निवेश करते हैं, जैसे कि टेक्नोलॉजी, फार्मास्यूटिकल्स, या ऑटोमोबाइल।

**निवेश मंत्रा**

बिजनेस डेस्क

म्यूचुअल फंड्स को लॉन्ग टर्म यानी लंबी अवधि में वेल्थ क्रिएशन के लिए जाना जाता है। इक्विटी फंड्स में इस लॉन्ग टर्म का मतलब कम से कम 3 साल कहा जाता है, लेकिन आमतौर पर 5 साल या उससे ज्यादा समय में और भी बेहतर नतीजे मिलते हैं। हम यहां ऐसे ही टॉप 10 इक्विटी फंड्स की जानकारी दे रहे हैं, जिन्होंने पिछले 5 साल में निवेशकों की पूंजी को कम से कम 4 गुना या उससे भी ज्यादा कर दिया है। इन सभी फंड्स ने सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) पर भी 24 से 30% तक का एन्युलाइज्ड रिटर्न दिया है। खास बात यह है कि इन 10 में से 6 फंड्स की रेटिंग 5 स्टार और चार की रेटिंग 4 स्टार है। वहीं, निवेशकों ने भी इन फंडों में जमकर निवेश किया और अपनी रकम बढ़ाई। जिन टॉप 10 इक्विटी फंड्स ने पिछले 5 साल में लंपसम निवेश पर सबसे ज्यादा रिटर्न दिया है, उनमें सबसे ज्यादा 5 स्मॉल कैप फंड हैं। इनके अलावा इस लिस्ट में 4 इंफ्रास्ट्रक्चर फंड और एक मिडकैप फंड भी शामिल हैं। इन फंडों ने निवेशकों को मालामाल कर दिया। इस रिपोर्ट में हम आपको ऐसे की कुछ फंडों के बारे में जिन्होंने निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया।

### क्वांट स्मॉल कैप फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर) : 37.23%
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,86,659 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 26.09%
- रेटिंग : 4 स्टार

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इंफ्रास्ट्रक्चर फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 35.66%
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,59,555 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 30.03%
- रेटिंग : 5 स्टार

### मोतीलाल ओसवाल मिडकैप फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 35.14%
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,50,791 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 30.32%
- रेटिंग : 5 स्टार

### निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप फंड-डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 34.53%
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,40,573 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 25.48%
- रेटिंग : 5 स्टार



### फ्रेंकलिन बिल्ड इंडिया फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 33.67%
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,26,807 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 27.91%
- रेटिंग : 5 स्टार

### बंधन स्मॉल कैप फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 33.46%
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,23,390 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 28.80%
- रेटिंग : 5 स्टार

### इनवेस्को इंडिया स्मॉल कैप फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 33.31%
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,20,955 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 27.03%
- रेटिंग : 5 स्टार

### एलआईसी इंफ्रास्ट्रक्चर फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 32.58%
- 1 लाख रुपये के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,09,697 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 28.17%
- रेटिंग : 4 स्टार

### टाटा स्मॉल कैप फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 32.40%
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,06,893 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 24.21%
- रेटिंग : 4 स्टार

### कैनरा रोबेको इंफ्रास्ट्रक्चर फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 32.40 %
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,06,846 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 27.94%
- रेटिंग : 4 स्टार

### हाई रिटर्न के साथ जुड़ा हाईरिस्क

ऊपर जिन टॉप 10 इक्विटी फंड्स का डिटेल दिया गया है, उन सभी में हाई रेटिंग और हाई रिटर्न के साथ ही साथ वेरी हाई रिस्क भी जुड़ा हुआ है। यही वजह है कि इनमें निवेश से जुड़ा कोई भी फैसला करने से पहले अपनी जोखिम बर्दाश्त करने की क्षमता को जरूर परख लेना चाहिए। निवेशकों को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि म्यूचुअल फंड्स में पिछले रिटर्न के आगे भी जारी रहने की कोई गारंटी नहीं होती। इसलिए निवेश करने से पहले अपनी क्षमता और लक्ष्य तय कर लें। इसके बाद ही निवेश करें। इससे निवेशकों को परेशानी नहीं होगी और आसानी से अपने पैसे को बढ़ा सकेंगे।

# दूसरों को देखकर नहीं चलें, सही आदतें आपको बनाएंगी धनवान

- आपकी एक छोटी सी आदत भविष्य को बचाने में सक्षम
- अनावश्यक खर्च पर रोक लगाएं, सही जगह निवेश करें
- बजट बनाएं, इसके लिए 50/30/20 का नियम फॉलो करें

**जानकारी**

बिजनेस डेस्क

आज के समय में हर कोई फाइनेंशियली मजबूत और सुरक्षित बनना चाहता है। लेकिन इसके लिए केवल पैसे बचाना ही काफी नहीं है, बल्कि सही आदतें अपनाकर अनुशासित वित्तीय जीवन जीना जरूरी है। ऐसी आदतें आपके भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित बनाने में सक्षम हैं। आज के इस दौर में फाइनेंशियल रूप से मजबूत और सेफ महसूस करना हर किसी की चाहत होती है। इसके लिए फाइनेंशियल रिस्पांसिबिलिटी को समझना और उसको निभाना बहुत जरूरी होता है। यह केवल पैसे बचाने या खर्च करने तक सीमित नहीं होता है, बल्कि यह एक सोच है जो आपको एक अनुशासित और आरामदायक जीवन जीने में मदद करती है। तो समझेंगे फाइनेंशियल रूप से मजबूत बनने के लिए किन बातों का ध्यान रखें। बाजार में जाएं तो ऑफर और दूसरों लोगों को देखकर ललचाएं नहीं, बल्की अपने बजट के हिसाब से ही खरीदारी करें। इससे आप अपने अनावश्यक खर्च पर रोक लगा सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे ऐसी की कुछ खास आदतें जो आपको आर्थिक रूप से मजबूत बनाएंगी।



### इमरजेंसी फंड को बनाना

लाइफ में कभी भी बिन बुलाए वाली घटनाएं हो सकती हैं, जैसे नौकरी छूटना, अचानक कोई बीमारी आ जाना या घर में कोई बड़ी मरम्मत का काम निकलना आदि। तो ऐसे में, अगर आपके पास एक इमरजेंसी फंड होगा, तो आपको किसी से उधार या फिर लोन लेने या अपनी बचत को हाथ लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह फंड आपके 3 से 6 महीने के मासिक खर्चों के बराबर का होना ही चाहिए।

### बजट बनाना और उसका पालन करना

बजट बनाना फाइनेंशियल रिस्पांसिबिलिटी का सबसे अहम कदम माना जाता है.तो इसका मतलब ये है अपनी इनकम और खर्च पर नजर रखना. आप कहां से कमा रहे हैं और कहां खर्च कर रहे हैं, यह जानना बहुत जरूरी होता है। इसके लिए एक फेमस रूल है 50/30/20 का नियम- 50% इनकम आपकी जरूरतों पर खर्च हो, जैसे किराया, बिजली, और भोजन आदि।

### सोच-समझकर इन्वेस्टमेंट करें

केवल पैसे बचाना ही काफी नहीं होता है, इस पैसे को सही जगह पर निवेश करना भी जरूरी होता है, ताकि आपका पैसा बढ़ सके। असल में इन्वेस्टमेंट के कई ऑप्शन होते हैं, जैसे स्टॉक मार्केट, म्यूचुअल फंड, या फिक्स्ड डिपॉजिट. तो अपनी रिस्क क्षमता और अपने टारगेट के आधार पर निवेश करना चाहिए। लॉन्ग टर्म के निवेश आपके बड़े लक्ष्यों, जैसे घर खरीदना या बच्चों की शिक्षा, को पूरा करने में मदद कर सकते हैं। इसलिए जो पैसा बचाएं उसे सही जगह पर निवेश करें जो समय के हिसाब से महंगाई को मात देने में सक्षम हो।

### बीमा करवाएं, महत्व समझें

**हेल्थ इंश्योरेंस :** यह आपको मेडिकल इमरजेंसी में फाइनेंशियल संकट से बचाता है। हमेशा एक अच्छी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी होने से आप अपनी बचत पर अनावश्यक बोझ से बच जाते हैं।

**टर्म लाइफ इंश्योरेंस :** तो अगर आपके परिवार में आप ही एकमात्र कमाने वाले हैं, तो यह बीमा आपकी अनुपस्थिति में आपके परिवार को फाइनेंशियल हेल्प देने का काम करता है।

### दूसरों की देखा-देखी खर्च नहीं करें

अक्सर हम अपने दोस्तों या पड़ोसियों को देखकर फालतू के एस्ट्रा पैसे खर्च करने लगते हैं। इसको लाइफस्टाइल इन्फ्लेशन कहा जाता है। फाइनेंशियल रिस्पांसिबिलिटी का मतलब है अपनी जरूरतों और क्षमताओं के अनुसार जीना, ना कि दूसरों को इंप्रेस करने के लिए खर्च करना। आपकी आर्थिक स्थिति और लक्ष्य आपके लिए सबसे जरूरी होने चाहिए।

### अपने फाइनेंशियल टारगेट को समझना

आपके फाइनेंशियल टारगेट साफ होने चाहिए। चाहे वह रिटायरमेंट के लिए बचत करना हो,या एक नई कार खरीदना हो या कर्ज चुकाना हो, हर टारगेट के लिए एक टाइम लिमिट और एक प्लानिंग होनी चाहिए. अपने टारगेट को छोटे, मध्यम और लंबी अवधि में बांटें। फाइनेंशियल रिस्पांसिबिलिटी का मतलब है कि अपने पैसे को सही तरह से प्लान करें। यह आपको ना केवल वर्तमान में बल्कि फ्यूचर में भी एक सेफ और स्थिर लाइफ जीने का अवसर देता है।

# बिजनेस शुरू करने के लिए ऐसे बनाएं 'परफेक्ट' बजट, नहीं होगा नुकसान

- बिजनेस शुरू करने से पहले एक मजबूत बजट बनाना बेहद जरूरी
- सही प्लानिंग से खर्चों पर नियंत्रण, मुनाफे की योजना बनाएं
- फ्यूचर के लिए क्लियर रोडमैप तैयार करें, इसके बाद बिजनेस शुरू करें

**तैयारी**

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी अपना कोई बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो कुछ नियम फॉलो करें। इससे आपका बिजनेस आगे बढ़ेगा अब नुकसान होगा। बिजनेस शुरू करने के लिए सबसे पहले 'परफेक्ट' बजट बनाएं। इसके बाद उस पर अमल करें। असल में किसी भी बिजनेस के लिए एक मजबूत बजट बनाना उसकी सफलता के लिए बेहद जरूरी होता है। बजट सिर्फ खर्चों को ट्रैक करने के बारे में नहीं है, बल्कि फ्यूचर के लिए एक साफ फाइनेंशियल रोडमैप तैयार करने के बारे में भी होता है। इस रिपोर्ट में आपको ऐसे ही टिप्स बताएंगे जो आपके बिजनेस के लिए बेहतर होंगे। यदि आप इनका पालन करेंगे तो कारोबार में नुकसान होगा और आपकी पूंजी बढ़ेगी। सही प्लानिंग से खर्चों पर नियंत्रण, मुनाफे की योजना और फ्यूचर के लिए क्लियर रोडमैप तैयार किया जा सकता।

### रेवेन्यू का विश्लेषण करें

सबसे पहले, आपको अपनी सभी रेवेन्यू स्ट्रीम को पहचानना होगा। आप कम से कम पिछले 12 महीनों के डेटा का विश्लेषण जरूर करें। आप यह देखें कि आपके बिजनेस की मासिक इनकम में कैसे उतार-चढ़ाव आते हैं और क्या कोई सीजनल पैटर्न इसमें काम आया है। यह उदाहरण के लिए, अगर छुट्टियों के मौसम में आय बढ़ सकती है, बकि गर्मियों में कम हो सकती है। इसको समझकर ही आप आने वाले महीनों के लिए आय का अनुमान लगा सकते हैं।

### निश्चित लागत घटाएं

इनकम का अनुमान लगाने के बाद, अपने फिक्स कॉस्ट को घटाना चाहिए। ये वो खर्चे हैं जो आपके बिजनेस की एक्टिविटी से नहीं बदलते, जैसे किराया, कर्मचारियों का वेतन, बीमा और संपत्ति लोन। ये खर्चे हर महीने या साल लगभग एक जैसे रहते हैं, इसलिए इन्हें आसानी से घटाया जा सकता है। बजट बनाते समय गैर-जरूरी और बदलने वाले खर्चों को घटाएं। ये खर्चे आपके बिजनेस की गतिविधि के साथ बदलते रहते हैं। तो जैसे-जैसे उत्पादन या बिक्री बढ़ती है, ये खर्चे भी बढ़ने लगते हैं। इनमें कच्चे माल की लागत, घंटे के हिसाब से काम करने वाले कर्मचारियों की मजदूरी आदि शामिल हैं। आप चाहें तो पिछले डेटा का उपयोग करके भी इनका अनुमान लगा सकते हैं।

### आपात स्थिति के लिए फंड

बजट बनाते समय, अप्रत्याशित खर्चों के लिए हमेशा कुछ पैसा अलग रखना जरूरी होता है। इसे कंटिजेंसी फंड या इमरजेंसी फंड भी कहते हैं। यह राशि तब काम आती है जब बिजनेस में यूज होने वाला कोई जरूरी चीज अचानक खराब हो जाए या कोई और अप्रत्याशित खर्च आ जाए. ऐसे में एक्सट्रा इमकम को तुरंत खर्च करने की जगह, इस फंड में जमा करना बेस्ट होगा।



### अपने बेनेफिट्स को समझें

बजट बनाते समय आप कुल अनुमानित आय से सभी तय और बदलते खर्च घटाएं। ऐसे में बची हुई राशि आपका शुद्ध लाभ है। अगर यह धनात्मक है तो मुनाफा, और अगर ऋणात्मक है तो घाटा। इस आंकड़े की तुलना पुराने बेनेफिट्ल से करें, ताकि पता चल सके कि अनुमान सही है या फिर नहीं। ऐसा करके आप काम शुरू करेंगे तो आपको कभी भी नुकसान का सामना नहीं करना पड़ेगा। आपका कारोबार दिन दूनी और रात चौगुनी गति से बढ़ेगा। बिजनेस में आपका भविष्य सुरक्षित रहेगा। काम शुरू करने से पहले एक बार अपने प्रोडक्ट का भी देखें और उसका रिव्यू करते रहे।

### बजट का रिव्यू करें

बजट कोई फिक्स डाक्यूमेंट्स नहीं होता है। इसका हर मंथ या तिमाही में रिव्यू करना और जरूरत के अनुसार एडजस्ट करना जरूरी है। जब आपकी इनकम बढ़ती है या खर्चे बदलते हैं, तो आपको अपने बजट में भी चेंज करना होगा। अपने सही प्रदर्शन की तुलना अपने बजट से करें और फिर देखें और समझें कि आप कहां पर अच्छा कर रहे हैं और कहां सुधार की जरूरत फिलहाल है। नियमित रिव्यू करने से आप अपने फाइनेंशियल टारगेट को ट्रैक पर रख सकते हैं।

### मुनाफे की निगरानी व समीक्षा

अपने मुनाफे की निगरानी करें और आवश्यकतानुसार बदलाव करें। अपने मुनाफे की समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि वे आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर रहे हैं। अपने व्यवसाय के वित्तीय पहलुओं का प्रबंधन करें, जैसे कि आय, व्यय, और मुनाफा। अपने व्यवसाय के नकदी प्रवाह का प्रबंधन करें, जैसे कि आय और व्यय का समय पर प्रबंधन।

### बाजार अनुसंधान व विश्लेषण

अपने उत्पाद या सेवा के लिए बाजार की मांग और प्रतिस्पर्धा का विश्लेषण करें। अपने ग्राहकों की जरूरतों और पसंदों का विश्लेषण करें। अपने वित्तीय लक्ष्यों और बाजार अनुसंधान के आधार पर व्यवसाय योजना का निर्माण करें। मुनाफे की रणनीति तैयार करें, जैसे कि मूल्य निर्धारण, विपणन, और बिक्री।

**अलर्ट** 25, 30 और 35 की उम्र वाले एसआईपी के लिए प्लानिंग करें, अगर निवेश में देरी करते हैं तो लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा

**निवेश शुरू करने में जितनी जल्दी करेंगे, लक्ष्य उतनी ही जल्दी मिलेगा, अपने टारगेट को हासिल करने के लिए उम्र के हिसाब से निवेश बढ़ाना होगा**

# रिटायरमेंट पर चाहिए 10 करोड़ तो उम्र के हिसाब से करें प्लानिंग, भविष्य होगा सुरक्षित


**समझदारी**

बिजनेस डेस्क

अगर आप 25 साल के हैं और आपसे पूछा जाए कि आपको रिटायरमेंट के समय कितना फंड चाहिए। आज से 35 साल बाद और महंगाई को देखते हुए रिटायरमेंट पर 10 करोड़ फंड आपकी नॉन वर्किंग लाइफ को आसान बना सकते हैं। यही 10 करोड़ का फंड हासिल करने के लिए अगर आप तुरंत सही से प्लानिंग करें तो यह आसान होगा, लेकिन जैसे जैसे देरी करते जाएंगे, यह फंड उतना ही दूर होता जाएगा। इसलिए अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए समय से प्लानिंग करें। आप जितनी जल्दी निवेश शुरू करेंगे उतनी जल्दी ही करोड़पति बनेंगे। बस आपको अपना लक्ष्य और रिस्क क्षमता को देखकर निवेश करना होगा। रिटायरमेंट पर दस करोड़ का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं तो आज आपकी जो उम्र है उसके हिसाब से प्लानिंग करें। तभी यह लक्ष्य हासिल कर पाएंगे। 25, 30 और 35 की उम्र वाले एसआईपी के लिए बेहतर प्लानिंग कर सकते हैं। इससे आपका भविष्य सुरक्षित होगा और बच्चों के खर्चों में भी दिक्कत नहीं होगी।

### निवेश में देरी लक्ष्य को बनाएगा मुश्किल

अगर हम निवेश में देरी करते हैं तो लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होता जाता है. अगर आप रिटायरमेंट (60 साल) पर 10 करोड़ रुपये का लक्ष्य (**Retirement Corpus**) ध्यान में रखकर निवेश करते हैं और अनुमानित रिटर्न 12 फीसदी सालाना मानते हैं तो 20 साल के निवेशक जहां हर महीने 8,500 रुपये एसआईपी करनी होगी, वहीं 30 साल वालों को करीब 28,500 रुपये. अगर 40 की उम्र में आ गए तो इस लक्ष्य को पाने के लिए हर महीने 1,00,000 रुपये निवेश करना होगा. इसलिए निवेश जितना जल्दी हो सके, शुरू करें।



### 20 की उम्र में निवेश ऐसे करें
- मंथली एसआईपी : 8500 रुपये
- एनुअल रिटर्न: 12%
- ड्यूरेशन : 40 साल
- 40 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 10,10,00,572 रुपये (करीब 10 करोड़ रुपये)
- 40 साल में कुल निवेश : 40,80,000 रुपये (करीब 41 लाख रुपये)

### 25 की उम्र में निवेश
- मंथली एसआईपी : 15,500 रुपये
- एनुअल रिटर्न: 12 फीसदी
- ड्यूरेशन : 35 साल
- 35 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 10,06,76,671 रुपये (करीब 10 करोड़ रुपये)
- 35 साल में कुल निवेश : 65,10,000 रुपये (करीब 65 लाख रुपये)

### 30 की उम्र में निवेश
- मंथली एसआईपी : 28500 रुपये
- एनुअल रिटर्न: 12 फीसदी
- ड्यूरेशन : 30 साल
- 30 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 10,06,02,543 रुपये (करीब 10 करोड़ रुपये)
- 30 साल में कुल निवेश : 1,02,60,000 रुपये (करीब 1 करोड़ रुपये)

### 35 की उम्र में निवेश
- मंथली एसआईपी : 53,000 रुपये
- एनुअल रिटर्न: 12 फीसदी
- ड्यूरेशन : 25 साल
- 25 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 10,05,74,660 रुपये (करीब 10.06 करोड़ रुपये)
- 25 साल में कुल निवेश : 1,59,00,000 रुपये (करीब 1.59 करोड़ रुपये)

### 40 की उम्र में निवेश
- मंथली एसआईपी : 1,00,000 रुपये
- एनुअल रिटर्न: 12%
- ड्यूरेशन : 20 साल
- 20 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 9,99,14,792 रुपये (करीब 10 करोड़ रुपये)
- 20 साल में कुल निवेश : 2,40,00,000 रुपये (करीब 2.40 करोड़ रुपये)




### लम्प सम : 100 गुना रिटर्न

एक रिपोर्ट के अनुसार अगर आप 20 की उम्र में 1 लाख रुपये लम्प सम निवेश करते हैं और उस पर 12 फीसदी सालाना रिटर्न मिले तो 60 की उम्र तक आपकी दौलत बढ़कर 93 लाख रुपये हो जाएगी। लेकिन अगर आपने यह निवेश 25 साल की उम्र में किया होता, तो आपके निवेश की वैल्यू 53 लाख रुपये होगी। अगर आपने 30 साल की उम्र में यही निवेश किया होता तो 60 की उम्र में वैल्यू 29 लाख रुपये होगी। और अगर आपने 40 साल की उम्र में यही निवेश किया होता तो 60 की उम्र में वैल्यू सिर्फ 9 लाख रुपये होगी। यानी, जितनी देर से शुरुआत करेंगे, फायदा उतना ही कम होगा। इसलिए बेहतर है कि निवेश की शुरूआत जितना जल्दी हो, उतना जल्दी करें। एसआईपी कैलकुलेशन में भी आपने देखा होगी कि देर से निवेश करने पर लक्ष्य हासिल करने के लिए अर्ली इन्वेस्टर्स की तुलना में कई गुना अमाउंट निवेश करना पड़ता है।

# तरकश

संजय के दीक्षित

## सोशल+पॉलिटिकल इंजीनियरिंग

सियासत में आपने सोशल इंजीनियरिंग शब्द सुना होगा, मगर इससे आगे बढ़कर अब पॉलिटिकल इंजीनियरिंग का दौर आ गया है। हाल में विष्णुदेव कैबिनेट का विस्तार हुआ, उसमें इसी तरह का एक नमूना दिखा। कैबिनेट में जिन तीन नए मंत्रियों को शामिल किया गया, उसमें सोशल इंजीनियरिंग के साथ पॉलिटिकल इंजीनियरिंग का इस्तेमाल किया गया। तभी इसमें दोनों का संमिश्रण नजर आया। बहरहाल, गजेंद्र यादव के नाम पर काफी पहले से सहमति बन गई थी, मगर खुशवंत साहेब और राजेश अग्रवाल को लेकर बीजेपी में पर्दे के पीछे शह-मात का खेल चला, उससे पार्टी के दिग्गज नेता भी भौंचक रह गए....किसने किधर से बॉल फेंकी और खुरदुरी पिच पर वो इतनी स्पिन कैसे हो गई? जाहिर है, बॉल को समझने में राजनीति के बड़े-बड़े सूरमा भी चूक गए। इस गेम में क्रिकेट और शतरंज दोनों खेलों का जौहर दिखा। खेल को अपने पक्ष में करने दांव चलने में कोई कमी नहीं की गई। दिसंबर 2024 में किरण सिंहदेव को मंत्री बनाने के लिए हाथी को आगे बढ़ाया। मगर सामने वाले ने प्यादे से हाथी को मार डाला। और यह दावं उल्टा बैठ गया। फिर, दूसरी बार कैबिनेट विस्तार के समय उंट की चाल भी पिट गई। थक हारकर इस बार घोड़े को आगे बढ़ाया गया। जाहिर है, शतरंज के खेल में किसी भी दिशा में ढाई घर चलने की वजह से घोड़ा बेहद खतरनाक होता है। इस बार ऐसा ही हुआ...घोड़ा से घोड़ा को मारा गया। इस खेल का दिलचस्प पहलू यह रहा कि सोशल और पॉलिटिकल इंजीनियरिंग एक साथ साधी गई।

## एक तीर, डबल निशाना?

बीजेपी की राजनीति को समझने वाले सियासी पंडितों की मानें तो कैबिनेट विस्तार में जिन लोगों ने सरगुजा में कमल खिलाया, उन्हीं के तरफ से खुशवंत साहेब का नाम भी आगे बढ़ाया गया। खैर, बीजेपी के नफे-नुकसान की दृष्टि से देखें तो खुशवंत का फैसला सही माना जा रहा है। भूपेश बघेल सरकार में मंत्री शिव डहरिया और रुद्र गुरू भले ही अपनी सीट नहीं बचा सकें, मगर ये जरूर हुआ कि 2023 के विधानसभा चुनाव में अजा के लिए रिजर्व 10 में से छह सीटें झटकने में कांग्रेस पार्टी कामयाब हो गई। बीजेपी को सिर्फ चार सीटों से संतोष करना पड़ा। इसी का हवाला देकर कैबिनेट में अजा का प्रतिनिधित्व बढ़ाने का फर्मूला रखा गया। ऐसा करके एक तीर से दो निशाना किया गया। दूसरा निशाना था, लता उसेंडी को रोकना। लता उसेंडी का नाम लगभग फायनल समझा जा रहा था। मगर दूरगामी रणनीति के तहत कि अगले विस चुनाव से पहले सरगुजा का प्रतिनिधित्व कम होगा, तब बस्तर से किसी को मंत्री बनाया जा सके...इस दृष्टि से गुंजाइश बनाकर रखी गई है...ऐसा राजनीतिक समीक्षकों का दावा है।

## विभाग वितरण में डंडी

पॉलिटिकल इंजीनियरिंग करते हुए बीजेपी ने तीन नए मंत्री बना दिए मगर विभाग बांटने के मामले में बनिया टाईप डंडी मार दी। गजेंद्र यादव को स्कूल शिक्षा तो कुछ ठीक भी है, बाकी दो की स्थिति ऐसी रही कि मंत्री बनने की खुशी मनाएं या फिर मालदार विभाग न मिलने का गम। तीन में से एक मंत्री इस प्रोफाइल के हैं कि उन्हें जो पोर्टफोलियो मिला है, उसके बजट से कई गुना ज्यादा उनका खुद का कारोबार है। हालांकि, विभाग के नाम पर झुनझुना थमाना कहना सही नहीं होगा मगर यह कड़वा सत्य तो है कि ये विभाग कभी भी किसी मंत्री का मेन विभाग नहीं रहा, पुछल्ला की तरह हमेशा टिकाया जाता था। ऐसा समझा जाता है कि दोनों मंत्रियों को अपेक्षित विभाग न देकर बीजेपी के उन वर्गों को जले पर बरनाल लगाने का काम किया गया है, जिनका मानना था कि कांग्रेस से आए नेताओं को पार्टी दोनों हाथों से उपकृत कर रही है।

## मंत्रियों पर लटकी तलवार!

डेढ़ साल बाद ही सही विष्णुदेव कैबिनेट अब कंप्लीट हो गया है। ऐसे शुभ अवसर पर दुखी करने जैसी बातें नहीं होनी चाहिए। मगर कुछ मंत्री खुद ही घबराए दिख रहे हैं तो उसका क्या? असल में, अंबिकापुर से राजेश अग्रवाल को मंत्रिमंडल में शामिल करने से सरगुजा के मंत्रियों का रक्तचाप बढ़ गया है। सरगुजा से इस समय रामविचार नेताम, श्यामबिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े और अब राजेश अग्रवाल मंत्री हैं। जाहिर है, बस्तर और सरगुजा में ऐसा असंतुलन है कि लगभग सभी मानकर चल रहे हैं कि आगे चलकर सरगुजा से दो-एक मंत्रियों का विकेट गिरेगा। सरगुजा से बीजेपी को अगर 14 में 14 सीटें मिलीं तो बस्तर की 12 में से आठ सीटें आईं। सरगुजा को अगर 14 में पांच का प्रतिनिधित्व मिल रहा तो बस्तर को आठ में ढाई का तो मिलना ही चाहिए। ऐसे में, विधानसभा चुनाव से पहले मंत्रिमंडल के पुनर्गठन में निश्चित तौर पर बस्तर को एक मंत्री मिलेगा ही। और, यह तय है कि अब मंत्रियों की संख्या 13 से अधिक होनी नहीं। ऐसे में, कटौती सरगुजा से ही होगी। लिहाजा, सरगुजा के मंत्रियों को घबराना जायज ही कहा जाएगा।

## बीजेपी का असंतुलन

पॉलिटिकल इंजीनियरिंग करने में बीजेपी कामयाब हो गई मगर पार्टी के भीतर ही इस पर असंतोष है कि क्षेत्रवार संतुलन बनाने का प्रयास नहीं किया गया। पहली बात यह कि बस्तर से एक की तुलना में मंत्रिपरिषद में सरगुजा से पांच-पांच लोग हो गए हैं। अंबिकापुर से अखिलेश सोनी को बीजेपी कार्यकारिणी में महामंत्री बनाया गया, और वहीं से राजेश अग्रवाल को कैबिनेट मंत्री भी। इसी तरह आरंग से नवीन मार्केडेय को महामंत्री और वहीं से खुशवंत साहेब को सरकार के मंत्री। जांजगीर में पार्टी का सूपड़ा साफ हो गया, मगर वहां से किसी को कार्यकारिणी में पदाधिकारी बनाने की जरूरत नहीं समझी गई। बिलासपुर जैसे सूबे के दूसरे बड़े जिले से न तो किसी को कार्यकारिणी में पद मिला और न मंत्रिमंडल में। अब देखना है कि बीजेपी के रणनीतिकार इस असंतुलन को दूर करने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

## सीएम हुए मजबूत

कैबिनेट विस्तार पर 16 अगस्त से 19 अगस्त तक करीब 80 घंटे तक उहापोह की स्थिति बनी रहने के बाद आखिरकार 20 अगस्त को तीन नए मंत्रियों ने शपथ ग्रहण कर ली। अगर इस बार शपथ टलता तो फिर पार्टी के साथ सरकार की स्थिति बड़ी खराब होती। मगर जो नाम 16 अगस्त को पब्लिक डोमेन में आए, उन्हीं तीनों ने 20 को शपथ ली। इस एपिसोड में राजनीतिक तौर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मजबूत हुए हैं।

## चेंबर 12, बंगले भी 12

हरियाणा मॉडल पर छत्तीसगढ़ में 13 मंत्री तो हो गए मगर अब दिक्कत यह है कि मंत्रालय में मंत्री स्तर के 12 कमरे बनाए गए हैं, उसी तरह नवा रायपुर में भव्य हवेलियां भी 12 ही बनी हैं। दरअसल, मंत्रालय बनाते समय रमन सरकार ने नहीं सोचा होगा कि छत्तीसगढ़ में 13 मंत्री हो सकते हैं, उसी तरह पिछली कांग्रेस सरकार ने भी 12 से अधिक बंगले बनाना मुनासिब नहीं समझा। रमन सिंह सरकार ने 15 साल 12 मंत्रियों में गुजार दिए और कांग्रेस ने पांच साल। 2004 में ही हरियाणा और छत्तीसगढ़ ने 13 मंत्री कर लिया होता तो नए मंत्रियों को न मंत्रालय में बैठने की दिक्कत होती और न ही बंगले की। एक-एक विधायकों को और मंत्री बन जाने का चांस मिलता, वो अलग बात। चलिये, जो बीत गई, वो बात गई।

## आईएएस का 2005 बैच

आईएएस का 2005 बैच यूनिटी के मामले में हमेशा एग्जाम्पल सेट करता रहा है। पोस्टिंग का मामला हो या सुख-दुख का, हमेशा एक-दूसरे के लिए खड़े रहते हैं...पोस्टिंग के लिए रास्ता क्रियेट कर देते हैं। इस बैच के छह में से एक ओपी चौधरी अब मंत्री बन चुके हैं। बाकी पांच में मुकेश बंसल सिकरेट्री टू सीएम हैं। रजत कुमार उद्योग के साथ जीएडी सिकरेट्री। जीएडी सीएम के पास है, यानी वे भी सीएम से कनेक्टेड हुए। एस0 प्रकाश ट्रांसपोर्ट कमिश्नर के साथ ट्रांसपोर्ट सिकरेट्री। श्याम धावड़े को ग्रामोद्योग में शिफ्थ करने के बाद शंगीता अब आबकारी विभाग की होल सोल हो गई हैं। अब नया अपडेट यह है कि कैबिनेट विस्तार में इरीगेशन मुख्यमंत्री के पास आ गया है। इसके सचिव 2005 बैच के राजेश टोप्पो हैं। याने राजेश भी अब सीएम के विभाग वाले हो गए। इस तरह 05 बैच के तीन अफसर सीधे सीएम से कनेक्टेड रहेंगे। एक तो अधिकारिक तौर पर सीएम के सिकरेट्री हैं ही और दो विभागीय सचिव के नाते उनसे जुड़ गए हैं। जाहिर है, छत्तीसगढ़ में आईएएस का 2005 बैच प्रारंभ से प्रभावशाली रहा है। रमन सिंह सरकार के दौरान भी इस बैच को हमेशा वेटेज मिला। मुकेश जब एमआईटी में पढ़ने यूएस गए तो उनकी जगह रजत कुमार सीएम सचिवालय में आए थे। कांग्रेस सरकार में ये बैच पांच बरस पूरी तरह हांसिये पर रहा। मुकेश और रजत सेंट्रल डेपुटेशन का रास्ता तलाश लिए थे तो आर0 शंगिता किस्मती रहीं कि कोई विभाग नहीं मिला तो कोई कार्रवाई भी नहीं हुई। राजेश टोप्पो का भी यही हाल रहा। मगर यह बैच अब फिर पुराने रौं में आ गया है।

## बीजेपी के लिए अलर्ट

71 सीट वाली कांग्रेस विधानसभा चुनाव में बुरी तरह पराजित हो गई थी। मगर वह फिर से खड़े होने की कोशिशों में जुट गई है। रायपुर में जून में बड़ा शो करने के बाद अब पार्टी ग्रासरुट लेवल पर जाकर समुदायों में अपनी पकड़ बनाने का प्रयास कर रही। विश्व आदिवासी दिवस पर कोटा में आदिवासियों पर एक बड़ा जलसा किया गया। एक्स सीएम से लेकर आधा दर्जन से अधिक विधायक इस मौके पर मौजूद रहे। आदिवासियों को इमोशनल तौर पर पार्टी से जोड़ने के लिए कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव में मां महामाया माई से प्रार्थना कर डाली कि कोटा की पहाड़ियों में कोई खनिज संपदा न निकल जाए, जिससे हमारे आदिवासी इलाके खुदाई के शिकार हो जाएं। कहने का आशय यह है कि बीजेपी के लिए अलर्ट होने का समय आ रहा है। पार्टी के नेता इस समय सरकार होने के स्वाभाविक नफे-नुकसान के चक्कर में उलझे हुए हैं, कांग्रेस अपना घर दुरूस्त करने में भिड़ गई है।

## नशे के खिलाफ मुहिम?

नशे के चलते छत्तीसगढ़ में बढ़ी अपराधिक घटनाओं को लेकर समाज कल्याण विभाग आगे आया है। सरकार के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग के सचिव भूवनेश यादव कैम्पेन चलाने का ड्राफ्ट तैयार कर रहे हैं। सरकार में बैठे लोगों का मानना है कि नशाजनित अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस के साथ समाज कल्याण विभाग को भी आगे आना चाहिए। हालांकि, सच्चाई यह है कि पुलिस अगर मन से चाह लें तो नशे के चेन पर 24 घंटे के भीतर अंकुश लगाया जा सकता है।

## एसपी का जोखिम

धार्मिक दृष्टि से संवेदनशील कहे जाने वाले रायपुर के एक नजदीकी जिले में दुष्कर्म की शिकार एक महिला महीनों से पुलिस थाने और एसपी ऑफिस का चक्कर लगा रही है। मगर कानून के पेशे वाला मुजरिम ऐसी उंची पहुंच वाला है कि पुलिस के हाथ-पांव कांप जा रहे। हालांकि, अपनी गर्दन बचाने पुलिस ने महिला की शिकायत को रोजनामचा में दर्ज कर लिया है मगर एफआईआर नहीं कर रही। जबकि, सुप्रीम कोर्ट की स्पष्ट रूलिंग है कि कोई महिला अगर दुष्कर्म की शिकायत लेकर आती है तो सबसे पहले एफआईआर करना है। ऐसे में, मामला अगर कोर्ट पहुंच गया तो एसपी साब क्या जवाब देंगे? खैर, चरणवंदना पोलिसिंग की दौर में इस तरह का प्रेशर और रिस्क रहता ही है।

## अंत में दो सवाल आपसे

1. डिप्टी सीएम अरुण साव से विधि-विधायी लेकर उन्हें उससे कहीं बड़ा और एक्सपोजर वाला खेल और युवा कल्याण विभाग दिया गया है, इससे वे खुश होंगे या मायूस?

2. मंत्री केदार कश्यप से इरीगेशन लेकर उन्हें ट्रांसपोर्ट दिया गया, इसके क्या मायने हैं?

पिछले दो साल से अटका पड़ा है प्रोत्साहन राशि वितरण का मामला

# आयुष्मान इंसेंटिव का इंतजार कर रहे डाक्टरों पर राहत के छींटे, लंबित राशि का 10 फीसदी तक भुगतान

**डाक्टर के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को देना है इंसेंटिव**

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

आयुष्मान योजना के तहत मरीजों का इलाज करने वाले सरकारी अस्पतालों के डाक्टरों पर प्रोत्साहन राशि के नाम पर राहत के छींटे पड़े हैं। पिछले दो साल में उनका इंसेंटिव लाखों रुपये हो चुका है, जिसकी 10 फीसदी राशि उन्हें भुगतान की जा रही है। डाक्टरों के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ मिलाकर करीब 30 हजार लोगों को करीब 40 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना है।

अभी सरकारी के साथ निजी अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत मरीजों के इलाज के बदले राशि का भुगतान नहीं किए जाने का मामला गरमाया हुआ है। निजी अस्पताल भुगतान नहीं होने पर सितंबर से इलाज नहीं करने का मूड बना रहे हैं और शासन द्वारा उनकी नाराजगी दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी बीच वर्ष 2023 से सरकारी अस्पतालों के डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टॉफ की लंबित प्रोत्साहन राशि का कुछ हिस्सा भुगतान किए जाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। कुछ डाक्टरों के खाते में पेंडिंग राशि जो बढ़कर सात से दस लाख रुपये तक हो चुकी है, उन्हें सात से दस फीसदी राशि दी गई है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि अन्य स्टाफ की नाराजगी दूर करने और सरकारी अस्पतालों में उपचार व्यवस्था को सही बनाए रखने के लिए अन्य स्टाफ के खाते में भी राशि का भुगतान किए जाने की संभावना है। वर्तमान में चिकित्सा शिक्षा विभाग के साथ स्वास्थ्य संचालनालय के अंतर्गत काम करने वाले चिकित्सकीय स्टाफ का करीब 40 करोड़ रुपये बकाया है।

### टीम भावना जागृत करने बनाया नियम

सूत्रों के अनुसार आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों को निशुल्क उपचार के लिए प्रोत्साहित करने और उनमें टीम भावना जागृत करने के लिए पांच साल पहले प्रोत्साहन राशि दिये जाने का नियम बनाया गया था। इसके तहत अस्पतालों को स्वास्थ्य योजना से इलाज के बाद प्राप्त होने वाली क्लेम राशि का 25 फीसदी हिस्सा प्रोत्साहन राशि के रूप में चिकित्सकीय स्टाफ को वितरित किये जाने का प्रावधान किया गया है। दो साल तक इंटेंसिव का भुगतान नियमित रूप से किया जाता रहा, फिर अनियमितता की शिकायत के बाद इस पर रोक लगा दी गई।

### सीनियर डाक्टरों के लाखों रुपए

सूत्रों के अनुसार आयुष्मान प्रोत्साहन राशि के रूप में विभिन्न मेडिकल कालेजों के क्लीनिकल विभागों में काम करने वाले सीनियर डाक्टर और सर्जनों को लाखों रुपये तक प्राप्त होते थे। रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज में कुछ चिकित्सक ऐसे थे, जिनकी प्रोत्साहन राशि उनके वेतन से अधिक हो जाती थी। वहीं जिला स्तर पर भी चिकित्सकीय स्टाफ के बीच ही इसका वितरण होता रहा। निचले स्तर के कर्मचारियों को उनका हिस्सा नहीं मिला और नाराजगी फैलने पर यह व्यवस्था बाधित हो गई थी।

# भाजपा के मंडल, जिला अध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों की शिवप्रकाश और नितिन नवीन लेंगे क्लास

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन प्रदेश भाजपा संगठन के नए पदाधिकारियों की 31 अगस्त को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में क्लास लेंगे। इस क्लास में नए पदाधिकारियों को राष्ट्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के नेताओं का भी मार्गदर्शन मिलेगा। इस बैठक में भाजपा के सभी 476 मंडलों और 36 संगठन जिलों के अध्यक्षों के साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष और प्रकोष्ठों के संयोजकों को भी बुलाया गया है। बैठक से पहले अगर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विदेश प्रवास से रायपुर लौट आए, तो वे भी बैठक में रहेंगे। वैसे प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा के साथ ही प्रदेश के कई मंत्री भी बैठक में रहेंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश संगठन ने पहले सदस्यता अभियान चलाकर रिकॉर्ड 60 लाख सदस्य बनाने का काम किया। इसके बाद पहले बूथों के चुनाव कराए गए। भाजपा के पहले 405 मंडल थे। इसमें 71 और नए मंडल बनाकर मंडलों की संख्या 476 कर दी गई है। इसी के साथ 35 संगठन जिलों में एक बिलासपुर ग्रामीण जिला बनाकर इनकी संख्या को 36 कर दिया गया है।


**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव**
**छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

क्र./2423/भू-अर्जन/2025 मोहला मानपुर अं.चौकी, दिनांक 26/06/2025

क्रमांक /202407300300023/अ-82/2023-24 चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि, नीचे अनुसूची के कालम (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के कालम (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जावेंगा) की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियो को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद् द्वारा, अनुसूची के कालम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है।

// अनुसूची //

| भूमि का प्रकार | | | | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/प.ह.न. | खसरा नं. | क्षेत्रफल (हे.में) | महाप्रबंधक छ.ग. रोड एण्ड इन्फा डेव्हलपमेंट कार्पोरशन लिमिटेड रायपुर | लोहारा-रेंगाडबरी-जुना पानी-अं.चौकी मार्ग चौडीकरण |
| मोहला-मानपुर - अं. चौकी | अं.चौकी | पांगरी प.ह.नं. 28 | 199/1 | 0.0042 | | |
| योग | | | 01 | 0.0042 | | |

1. यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्षो के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम, 2013 की धारा 15 की उप धारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।
2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मोहला के न्यायालय में किया जा सकता है।
3. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।
4. प्रस्तावित प्रयोजन के भू-अर्जन के लिये कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन के अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया है।
5. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम, 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मोहला, जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
(तुलिका प्रजापति)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव, छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

संवाद-45012


# भाजपा बोली- कांग्रेस का हाथ हमेशा नक्सलियों के साथ

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने उपराष्ट्रपति पद के लिए सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाने के लिए ईडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए रेड्डी को वामपंथी नक्सलियों का समर्थक बताया और कहा, कांग्रेसनीत विपक्ष ने ऐसे व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया है, जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद को मदद करने के लिए सलवा जुडूम के खिलाफ जजमेंट दिया था। ऐसा नहीं होता, तो नक्सलवाद 2020 तक खत्म हो गया होता। विपक्ष द्वारा रेड्डी को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाए जाने से एक ओर जहां आदिवासी समुदाय उद्वेलित है, वहीं दूसरी ओर एक बार फिर यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस का हाथ हमेशा नक्सलियों के साथ है।

श्री ठाकुर ने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को दोहराते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का सफाया हो रहा है, उसमें डीआरजी की प्रमुख भूमिका है। डीआरजी को आगे रखकर उनके भौगोलिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए आज पूरी फोर्स लड़ाई लड़ रही है, जिससे नक्सली समाप्त होते नजर आ रहे हैं। ऐसे समय में सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति प्रत्याशी बनाना आदिवासी समाज के लिए चिंता की बात है और इसके लिए कांग्रेस के लोगों को देश व प्रदेश की जनता से माफी भी मांगनी चाहिए। श्री ठाकुर ने कहा, सलवा जुडूम के जरिए वनांचल क्षेत्र के जनजाति वर्ग के लोग नक्सलियों के खिलाफ विद्रोह कर रहे थे, श्री रेड्डी ने तब उन आदिवासियों के खिलाफ फैसला सुनाया था। उस समय कई आदिवासी परिवार शहीद हो गए थे। आज कांग्रेस के श्री रेड्डी को उपराष्ट्रपति प्रत्याशी बनाने से कांग्रेस का चरित्र बेनकाब हो गया है। कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य रंजीता रंजन ने नक्सलियों को सही बताया था, राज बब्बर ने नक्सलियों को क्रांतिकारी बताया था।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।


**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

## शब्द पहेली - 5967



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा -2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -5966 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5977

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5976 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## प्रथम पृष्ठ का शेष

## ईडी की रेड...

सहयोगियों के साथ एक कैसीनो लीज पर लेने के लिए व्यावसायिक यात्रा पर गंगटोक गए थे। उसने बताया कि 'पप्पी' को शुक्रवार को सिक्किम की राजधानी गंगटोक में एक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया और उन्हें बेंगलुरु की न्यायिक अदालत में पेश करने के लिए ट्रांजिट रिमांड में लिया गया। ईडी का बेंगलुरु ज़ोन मामले की जांच कर रहा है। विधायक की कानूनी टीम या कांग्रेस पार्टी की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

ईडी ने कहा, वीरेंद्र के भाई के सी नागराज और उनके बेटे पृथ्वी एन राज के परिसरों से कई संपत्तियों संबंधी दस्तावेज भी जब्त किए गए। उसने कहा, उनके अन्य सहयोगी जैसे एक और भाई के सी थिप्पेस्वामी दुबई से ऑनलाइन गेमिंग का काम संभाल रहे हैं।

**17 बैंक खातों और दो लॉकर पर रोक-**

एजेंसी ने बताया कि उसने तलाशी के दौरान लगभग 17 बैंक खातों और दो लॉकर पर भी रोक लगा दी, जबकि कुछ इंस्टाग्राम पोस्ट में दावा किया गया था कि विधायक के पास चित्रदुर्ग में '003' नंबर प्लेट वाली कारों का 'सबसे बड़ा संग्रह' है, जिसकी जांच चल रही है। सूत्रों ने बताया कि इन महंगी गाड़ियों के स्वामित्व और धन के स्रोत की जांच की जा रही है।

**कैसीनो सदस्यता और रिवॉर्ड कार्ड -**

जब्त की गई चीजों में कई अंतरराष्ट्रीय कैसीनो सदस्यता और रिवॉर्ड कार्ड शामिल हैं। इनके नाम एमजीएम कैसीनो, मेट्रोपॉलिटन कैसीनो, बेलाजियो कैसीनो, मरीना कैसीनो, कैसीनो ज्वेल आदि हैं। विभिन्न बैंकों के कई क्रेडिट और डेबिट कार्ड और कुछ पांच-सितारा होटलों के सदस्यता कार्ड भी विभिन्न स्थानों से जब्त किए गए, जिनके बारे में एजेंसी को जानकारी नहीं दी गई।

## छापा पड़ा तो...

हालांकि, इससे पहले इंजीनियर सारा पैसा पटना आवास पहुंचा दिया था। जब ईओयू की टीम रेड मारने पहुंची तो इंजीनियर की पत्नी दीवार बनकर घर के नीचे खड़ी हो गई। उन्होंने ईओयू टीम से कहा कि वह घर में अकेली है। ऐसे में मजबूरन छापेमारी टीम को सुबह होने का इंतजार करना पड़ा। दूसरी ओर, ऊपर के कमरे में इंजीनियर साहब पूरी रात नोट जलाते रहे। जलाते-जलाते थक गए, फिर भी 39.50 लाख रुपए बच गए। शुक्रवार सुबह ईओयू की टीम ने घर में दबिश दी तो पानी की टंकी से यह कैश बरामद हुआ। टीम को घर से लगभग साढ़े 12 लाख रुपए के अधजले नोट और बाथरूम के पाइप से भारी मात्रा में भरा जले नोटों का मलबा भी मिला है। इससे करीब 2 से 3 करोड़ रुपये का कैश इंजीनियर द्वारा रात भर में जलाए जाने का अनुमान है।

**100 करोड़ की संपत्ति का मालिक -**

शुरुआती आकलन के अनुसार इंजीनियर विनोद राय के पास बाजार मूल्य पर लगभग 100 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस केस में प्रवर्तन निदेशालय भी जांच कर सकती है। छापेमारी में विनोद के पास जमीन-जायदाद के 18 डीड, 15 बैंक खाते और पार्टनरशिप के कई कागजात मिले हैं। इनके अलावा 26 लाख रुपये के जेवरात, बीमा पॉलिसी और निवेश के कागज भी मिले हैं।

**पत्नी अस्पताल में भर्ती-**

ईओयू ने सबूत मिटाने के आरोप में इंजीनियर विनोद राय और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, उनकी पत्नी ने तबीयत खराब होने का हवाला दिया और अस्पताल में भर्ती हो गईं। फिलहाल उसका कस्टडी में इलाज चल रहा है।

## जेट्रो के साथ...

किया गया। मुख्यमंत्री ने जेट्रो के प्रतिनिधियों को प्रदेश की तेजी से प्रगति कर रही अर्थव्यवस्था में निवेश के नए अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़, भारत के हृदय स्थल में स्थित एक उभरता हुआ औद्योगिक एवं निवेश गंतव्य है। राज्य सरकार पारदर्शी नीतियों, सुगम प्रक्रियाओं और मजबूत औद्योगिक आधारभूत संरचना के माध्यम से वैश्विक निवेशकों को आकर्षित कर रही है। जेट्रो प्रतिनिधियों के साथ हुई चर्चा से छत्तीसगढ़ और जापान के बीच आर्थिक सहयोग की नई संभावनाओं को बल मिलेगा।

## राजनांदगांव में विकसित...

स्पेस मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर को नई दिशा और प्रेरणा देगी।

## टूट रही गोविंदा-...

नजर आए। वीडियो में उन्हें अपने 90 के दशक के अंदाज में रिएक्शन देते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और रिएक्शन देते हुए नजर आए। गोविंदा के प्रबंधक ने इसे 'पुरानी खबर' करार दिया और कहा है कि वे अलग नहीं हो रहे हैं। ऐसी खबर सामने आई थी सुनीता ने व्यभिचार, क्रूरता और छोड़े जाने का हवाला देते हुए पांच दिसंबर 2024 को बांद्रा परिवार अदालत में तलाक के लिए अर्जी दी थी। गोविंदा के प्रबंधक शशि सिन्हा ने कहा, यह वही पुरानी खबर है जो छह-सात महीने पहले आई थी। सुनीता ने छह-सात महीने पहले तलाक की अर्जी दी थी अब सब कुछ सुलझ रहा है। एक-दो हफ्ते में सबको खबर पता चल जाएगी। उन्होंने कहा, पूरा परिवार गणेश चतुर्थी का त्योहार साथ मनाने वाला है, जिसके लिए सुनीता तैयारियों में व्यस्त हैं। गोविंदा के वकील ललित बिंदल ने भी तलाक संबंधी खबर को खारिज करते हुए इसे पुरानी खबर बताया। गोविंदा और सुनीता दोनों से ही इस पर प्रतिक्रिया के लिए संपर्क किया गया लेकिन वे उपलब्ध नहीं हो सके। इस साल फरवरी में दोनों के तलाक की खबरें आई थीं। गोविंदा और सुनीता की शादी को 38 साल हो गए हैं। उस समय बिंदल ने पुष्टि की थी कि सुनीता ने 'गलतफ़हमियों' का हवाला देते हुए तलाक के लिए अर्जी दी है, जबकि अभिनेता के प्रबंधक ने कहा था कि दोनों के बीच केवल गोविंदा की फिल्म परियोजनाओं को लेकर मतभेद हैं। गोविंदा ने खुद इस पर सीधे तौर पर कोई टिप्पणी करने से परहेज किया था लेकिन सुनीता ने कई साक्षात्कार दिए थे जिसमें दंपति के बीच तनाव के संकेत मिले थे। सुनीता ने कहा था कि वह अगले जन्म में गोविंदा से विवाह नहीं करना चाहतीं। दोनों के दो बच्चे हैं, टीना और यशवर्धन।

## पांच लाख के...

रुपए के वाहन में समान धोकर उसे कबाड़ बनाने का प्रयास किया जा रहा है। दरअसल राजमाता श्रीमतीं देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में मरीजों की जांच के लिए रेडियोलॉजी विभाग अलग से बनाया गया है और अस्पताल के सामने की ओर स्थित एमसीएच भवन में भर्ती महिला मरीजों को समय समय पर जांच के लिए सड़क के दूसरी ओर स्थित रेडियोलॉजी विभाग में ले जाया जाता है। मरीजों को अक्सर जांच के लिए स्ट्रेचर में लादकर सड़क के दूसरी ओर लाया जाता है इस दौरान सड़क पर जाम, तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटना का डर बना रहता था। पूर्व में भी इस तरह की तस्वीरें सामने आई जिसके बाद अस्पताल में मरीजों को एक भवन से दूसरे भवन तक ले जाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई थी इसके साथ ही 5 लाख रुपए खर्च कर एक इलेक्ट्रिक वाहन भी खरीदा गया लेकिन इतने संसाधन होने के बाद भी अस्पताल में व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को भी अस्पताल प्रबंधन की ऐसी ही लापरवाही का मामला सामने आया जिसमें एक गंभीर मरीज जिसे ऑक्सीजन लगा हुआ था उसे स्ट्रेचर में लादकर ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ सड़क पर दूसरी ओर लाया गया। अब इस घटना के बाद एक बार फिर से अस्पताल में व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठने लगे है।

## सिंहदेव ने पूछा-...

प्रशासकीय स्वीकृति हुई थी। इसके बन जाने के उपरांत मरीजों के साथ ही अस्पताल के स्टॉफ को भी दोनों भवनों के बीच आने जाने के लिए सड़क पार नहीं करना पड़ता लेकिन कार्य की स्वीकृति, बजट उपलब्ध कराने के बावजूद 2 साल में इसका निर्माण नहीं हो पाया है। इस ओवरब्रिज की निर्माण एजेंसी पी डब्ल्यू डी है। पीडब्ल्यूडी के निर्माण एजेंसी घोषित होने के कुछ दिन उपरांत प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो गया। सत्ता परिवर्तन के उपरांत उचित प्रशासकीय देखरेख के अभाव में यह कार्य आज तक प्रारंभ नहीं हो पाया है, नतीजतन आज मरीजों को उनके परिजन स्ट्रेचर पर सड़क पार करा रहे हैं। पूर्व जिपं उपाध्यक्ष श्री सिंहदेव ने कहा है कि स्ट्रेचर पर मरीज को ले जाने के क्रम में बार बार मरीज के चेहरे से ऑक्सीजन मास्क हट जा रही थी। यह बात परेशान करने वाली है। अस्पताल मरीज को एम्बुलेंस नहीं उपलब्ध करा सका, लेकिन स्ट्रेचर को ले जाने के लिए कम से कम मेडिकल स्टाफ उपलब्ध करा देना था। उन्होंने मांग की है कि राज्य शासन तत्काल ओवरब्रिज के कार्य को प्रारंभ कराये। उन्होंने अस्पताल के प्रबंधन पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले एक-डेढ़ साल में अस्पताल की व्यवस्थाओं में गिरावट की गंभीर शिकायत सामने आयी है। रेडियोलॉजी विभाग में मरीजों को जांच के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, रीजेंट केमिकल के अभाव में हमार लैब के अक्सर ठप होने की शिकायतें मिल रही हैं, कभी अस्पताल के छत से पानी टपक रहा है तो कभी शार्ट सर्किट हो रहा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल सरगुजा संभाग का सबसे बड़ा अस्पताल है जिसपर इस क्षेत्र की जनता इलाज के लिए आश्रित है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन के साथ ही प्रशासन को भी यह संदेश दिया है कि जल्द ही व्यवस्थाओं को सुधारें।

## जेडी और अधीक्षक...

सुमन बेक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके साथ ही अस्पताल में समय पर एंबुलेंस चालक के उपस्थित नहीं रहने पर भी कार्रवाई की गई है।

## ट्रंप टैरिफ के...

कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं अभी भी अनिर्धारित हैं। मंत्रालय ने कहा कि ऐसे में अमेरिका जाने वाली एयरलाइनों ने परिचालन और तकनीकी तैयारी की कमी का हवाला देते हुए 25 अगस्त, 2025 के बाद डाक खेप स्वीकार करने में असमर्थता जताई है। इस घटनाक्रम के बाद, डाक विभाग ने 25 अगस्त, 2025 से अमेरिका जाने वाली सभी प्रकार की डाक वस्तुओं की बुकिंग अस्थायी रूप से निलंबित करने का निर्णय लिया है, हालांकि इनमें 100 अमेरिकी डॉलर तक मूल्य के पत्र, दस्तावेज और उपहार वस्तुएं शामिल नहीं हैं। बयान में कहा गया कि सीबीपी और संयुक्त राष्ट्र डाक सेवा (यूएसपीएस) से आगे स्पष्टीकरण के आधार पर इन छूट प्राप्त श्रेणियों को स्वीकार किया जाएगा और अमेरिका भेजा जाएगा। डाक विभाग उन ग्राहकों को डाक शुल्क वापस कर रहा है, जिनकी वस्तुएं नहीं भेजी जा सकीं। बयान में कहा गया, जिन ग्राहकों ने पहले ही ऐसी सामग्री बुक कर ली है, और जो इन परिस्थितियों के कारण अमेरिका नहीं भेजी जा सकती, वे डाक शुल्क वापसी की मांग कर सकते हैं। डाक विभाग ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए गहरा खेद व्यक्त करता है और आश्वासन देता है कि अमेरिका के लिए पूर्ण सेवाएं जल्द से जल्द बहाल करने के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे हैं।

## सीआरपीएफ कैंप...

उसके सिर के आर पार हो गई थी। घटना के बाद जवानों ने तुरंत उच्च अधिकारियों को घटना की सूचना दी गई। घटना की पुष्टि करते हुए एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जवान ने अपने एलएमजी (लाइट मशीनगन) से स्वयं को गोली मार ली है जो एक दिन पूर्व ही छुट्टी से लौटा था। जवान की आत्महत्या के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सभी प्रकार की एलर्जी
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
Vrinda Multispeciality Hospital
Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids सुनाई मशीन
• Dental/ दंत रोग
• मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

हरिभूमि
छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773
लैब प्लस पैथोलाजी
क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी
सभी प्रकार के बीमारियों के लिए पैकेज उपलब्ध
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये।
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करे- 9039055548, 9300000989, 9300000702
विज्ञापन हेतु संपर्क करें - 9303508130, 9302016344, 7909631282

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

### आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** साफ सफाई करने हेतु 2 लड़के एवं नाइट ड्यूटी हेतु एक लड़का चाहिए रहने खाने की सुविधा सम्पर्क करें- मां शारदा होम्स रामा मैग्नेटो मॉल के सामने बिलासपुर 8988888542, 8839169907 (38527)

**आवश्यकता है-** गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर एवं घरेलू साफ सफाई और चौकीदारी हेतु छोटा परिवार चाहिए जिसे रहने की सुविधा उपलब्ध आधार सहित सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर 99079 01002 (38528)

**आवश्यकता है-** एक समाज सेवी संस्था तिफरा बिलासपुर में पुरूष कर्मचारियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन 7000 से 8000 इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 8103631312 (38531)

**आवश्यकता है-** दो ग्राफिक डिजाइनर की अतिशीघ्र आवश्यकता है जिसे कोरलड्रा और फोटोशॉप का अनुभव हो वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9131155033, 98271 80896 (38515)

**आवश्यकता है-** पार्सल डिलीवरी करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है सैलरी 14 रुपए प्रति पार्सल 14 रुपए रिटर्न पिकअप पता- पुलिस सहायता केन्द्र के सामने, विजडम निर्माण, ट्रान्सपोर्ट नगर बिलासपुर सम्पर्क करें- 99933 29397, 83195 60558 नोट- पैकेज बेस में पार्सल दिया जाता है जिसमें 25000 से 30000 प्रति माह इनकम कर सकते हैं (38517)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु सेल्समैन चाहिए, अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- गजानंद ग्लास, शिव टॉकीज चौक के पास पुराना हाईकोर्ट रोड बिलासपुर 9561963291 (38520)

**Required**
Sales Manager
1 Post Bilaspur
Experiene 3-5 year in Automobile, Commercial Vehicle
CRE & Telecaller
1 Post (female)
Showroom Executive
1Post (Female)
Location- Bilaspur
Sale Executive (male)
Location- Bilaspur/ Janjgir-champa/ Raigarh/Ambikapur
1-2 year Experience in commercial vehicle
Walk in Interview Bilaspur
SHIVAM MOTORS PVT.LTD.
Near New Bus Stand Tifra Bilaspur (C.G.)
8120002312
Mail id: ravindra.rawat@shivammotors.co.in

**आवश्यकता है-** (M/F) ग्राफिक डिजाइनर, वीडियो एडिटर, सेल्स मैनेजर, सेल्समैन, हेल्पर (समय 10-8) सैलरी 8000 से 15000 पता- Farmers Pride Organic Store नेचर सिटी गेट से 200 मीटर सकरी रोड उसलापुर 9179294949 (38519)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु दो लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार पता- सरकंडा बिलासपुर सम्पर्क करें- 8801039000 (38522)

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- एकता मेडिकल एजेन्सी गंगा नगर फेस-2 मंगला चौक, बिलासपुर 8319675178, 9407600099 (38521)

**आवश्यकता है-** नर्सिंग होम में कार्य करने हेतु ट्रेण्ड नर्स एवं कम्पाउंडर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 99819 70853 (38507)

**Required-** Teachers for humanities (ARTS) Classes IX to X Add.- Loyola School Bilaspur Contact- 07752-248487, 291587 Mobile- 6268548474 Email Id- loyolabsp@yahoo.in (38524)

**आवश्यकता है-** फर्निशिंग शोरूम अर्बन लिविंग 27 खोली मुंगेली नाका चौक बिलासपुर में काउन्टर सेल्स के लिए कार्य करने हेतु 20 लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8109090000, 83193 97645 (38516)

**आवश्यकता है-** थोक सर्जिकल दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- छाबड़ा मेडिको सर्जिको मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (38512)

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में लड़के, लड़कियों एवं माल पैकिंग, डिलिवरी हेतु लड़के (पढ़ाई जरुरी नहीं) तथा रिटेल काउन्टर संभालने हेतु लड़कों आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- दयालबंद बिलासपुर 91110 00629 (38505)

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित होटल में कार्य करने हेतु अनुभवी मैनेजर एवं हेल्पर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होटल शुभश्री उस्लापुर रेल्वे स्टेशन के पास बिलासपुर 76971 10111 (38502)

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिलानुसार लड़के- लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-790 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही सैलरी(27500+ 56500 ) पढ़ाई (8वी से स्नातक ) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)-7054311719 (1114)

**आवश्यकता है-** स्पोर्ट्स दुकान में कार्य हेतु लड़की (वेतन 6000-11000) एवं साक्षी प्रा. ITI में कम्प्यूटर आपरेटर, आफिस में कार्य हेतु लड़के चाहिए। वेतन 7000-10000 सम्पर्क करें- छाया स्पोर्ट्स सदर बाजार बिलासपुर (38503)

**आवश्यकता है-** अनुभवी एवं योग्य म्यूजिक टीचर की आवश्यकता है जिन्हे तबला, ढोलक, कांगो, कीबोर्ड इत्यादि का अच्छा अनुभव हो सम्पर्क करें- आनन्द मार्ग हाई स्कूल, देव नगर, कोनी, बिलासपुर 8770257102 (38530)

**आवश्यकता है-** सीए ऑफिस में एकाउंटिंग एवं ऑडिट कार्य करने हेतु स्टाफ की आवश्यकता है। केवल सीए ऑफिस में कार्य किए अनुभवी सम्पर्क करें- जाजोदिया चौरसिया एण्ड कम्पनी मध्यनगरी चौक बिलासपुर 9981120020 (3176)

**आवश्यकता है-** सुरक्षागार्ड (10वीं) उम्र 25 से 50वर्ष सुरक्षा कार्य जानकार, स्वस्थ, जिम्मेदार एवं इलेक्ट्रीशियन डिप्लोमाधारी (बिजली कार्य जानकार) (आवेदन की अंतिम तिथि 25/8/2025) सम्पर्क करें- रामावैली कॉलोनी मेनटेनेंस आफिस बिलासपुर 8770153142 (38498)

**आवश्यकता है-** मैनेजर 1पद (उम्र 25वर्ष से ऊपर) झाड़ू पोछा हेतु कर्मचारी चाहिए वेतन 10000 या योग्यता, समय अनुसार, ओरिजनल आईडी सहित सम्पर्क करें- प्रबन्धक अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9827940898, 9406390898 (38508)

**आवश्यकता है-** ऑफिस काम के लिए लडको की जरूरत है आयु 20 से 27 के होने चाहिए वेतन 10000 से 12000 सीधी भर्ती बिना किसी फीश के केवल छत्तीसगढ़ वालो के लिए सम्पर्क 8171500513, 6387630593 (366)

**आवश्यकता है-** होलसेल दवाई दुकान हेतु (1) अनुभवी सेल्समैन (2) पैकिंग कार्य व लोकल में माल लाने और छोड़ने हेतु लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करे- जगत एजेन्सीज मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर (38510)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने के लिए अनुभवी लड़कों एवं रिक्शा चालक की आवश्यकता है पेमेंट भरपुर मात्रा में सम्पर्क करें- नैतिक ट्रेडर्स, सरजू बगीचा बिलासपुर 7711006641 (38511)

**आवश्यकता है-** सुबह 9 बजे से शाम 6:30 बजे तक घर में सभी घरेलू काम करने के लिए कामवाली बाई एवं खाना बनाने वाली की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9685901101 (38513)

**आवश्यकता है-** नेहरु नगर स्थित घर में खाना बनाने एवं गृह कार्य करने हेतु सुबह से शाम तक के लिए बाई की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000370264 (38479)

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कम्पनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के, लड़कियां, गृहणियां कमाए 15000 से 45000 महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें- 9798472261 (1110)

**आवश्यकता है-** दयानन्द विद्यालय कार्यालय में कम्प्यूटर कार्य हेतु कम्प्यूटर की जानकार शिक्षिकाओं की आवश्यकता है सम्पर्क करें- समय प्रातः 8 से 11 बजे दयानन्द विद्यालय आर्य समाज मन्दिर नदी किनारे गोड़पारा बिलासपुर (38504)

**आवश्यकता है-** श्याम इंटरप्राइजेज में पैकिंग कार्य व कॉपी बनाने एवं अन्य कार्य हेतु युवक/ युवती की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार (समय 10 am To 7 pm) सम्पर्कः- साइंस कॉलेज सरकंडा 9074741377 (225)

**आवश्यकता है-** सफाई के लिए एक परिवार सुविधा रहने की बेहतरीन व्यवस्था बिजली पानी व सिलेंडर सहित, होलसेल गिफ्ट शॉप में नौकरी का सुनहरा मौका 18-25 वर्ष के लड़के, 11000 मासिक+ प्रति वर्ष वेतन वृद्धि 10:30 AM से 9:30 PM सम्पर्क करें- देवपुरी रायपुर 84481 07841, 9302708426 (216)

**आवश्यकता है-**सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई, ड्राइवर। वेतन योग्यतानुसार, आवास फ्री पता- श्रीसांई सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 8253010291, 8889997826, 80852 33213 (38449)

**आवश्यकता है-** चाय पत्ती की फैक्ट्री में रिटेल मार्केटिंग के लिए 12वीं पास लड़का जो की सेल्समेंन काम कर सके और ड्राइवर की भी आवश्यकता है संपर्क जैन ट्रेडर्स आकृति बिहार अमलीडी रायपुर 7469980000, 0771-4075490 (6777)

**आवश्यकता है-**नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 9202613238, 92291 87457 (1113)

**आवश्यकता है-** चाय पत्ती की फैक्ट्री में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है संपर्क करें जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर 7469980000, 0771-4075490 (6776)

**आवश्यकता है-**रायपुर एवं रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर हेतु 8,10 पास, हाईट 5फीट 6इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले वेतन 14500 से 18000 रहना फ्री+ PF+ESIC+ खाने की सुविधा सम्पर्क करें-9201958117, 9201958114 (6764)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है, (वेतन योग्यतानुसार) संपर्कः- लक्की प्लास्टिक बजरंग कॉम्प्लेक्स तेलीपारा रोड पुराना बस स्टैंड बिलासपुर 9301194380, 7000181473 (226)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 30वर्ष की युवतियों, महिलाओं की। सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- श्रीराम केयर हॉस्पिटल के पीछे गीतांजलि विहार बिलासपुर 7987392821, 74407 45153 (228)

**आवश्यकता है-** पेन्सिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है सम्पर्क करें- 8873762120 (589)

### बेचना

**बेचना है-** भारतीय नगर शिव मन्दिर के पास नवनिर्मित माधव तालाब के बगल में 2236 वर्गफीट जमीन पर 5BHK डबल स्टोरी बना फर्निश्ड मकान अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 94252 28826 (38509)

**बेचना है-** दूकान बेचना/ किराया बिलासपुर शहर के हृदय स्थल रामा मैग्नेटो माल रोड वीआर प्लाजा, प्रथम तल में 205 वर्गफुट सर्वसुविधा युक्त दुकान बेचना है/ किराए से देना है सम्पर्क करें- 9303099090, 97130 13010 (38525)

**बेचना है-** बिलासपुर के प्राइम लोकेशन मुंगेली रोड ग्रीन गार्डन के पीछे शुभम विहार शिक्षक कॉलोनी फुल फर्निश्ड 2850 वर्गफुट में बना उत्तर मुखी डुप्लेक्स 4BHK मकान बेचना है। सम्पर्क करें- 6262525232 (38526)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**बेचना है-** कोटा रोड नेवरा साइड रोड में 0.99 एकड़ कोटा बस स्टैण्ड कलारतलाई रोड में 11.50 एकड़ कोटा मेन रोड पिपरतराई 1.33 एकड़ जमीन बेचना है खरीददार ही सम्पर्क करें- 8801039000, 70896 66594 (38523)

**बेचना है-** रियांश श्री स्टार होटल से 200 मीटर की दूरी पर तखतपुर के जरौंधा गांव में मेन रोड से 100 मीटर अन्दर 6000 वर्गफुट प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 9691732957, 79997 98836 (38514)

### किराया

**किराया-** रतनपुर महामाया मन्दिर चौक मेन रोड भूतल में 28×51= 1400 वर्गफुट हॉल बैंक, ऑफिस कम्पनी आउटलेट, सुपर बाजार के लिये रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के साथ किराये से देना है किराया 40 हजार सम्पर्क करें- 92013 45874, 9981313076 (38501)

**किराया-** नेहरू नगर हनुमान मन्दिर गांधी गार्डन के सामने एक बड़ा हाल चार बेडरूम किचन दो लेटबाथ पोर्च सहित सर्वसुविधायुक्त मकान परिवार/ कार्यालय हेतु किराया पर देना है सम्पर्क करें- 7987785522 8319926096 (38529)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply
SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.
ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

# यूएस ओपन के लिए सिनर बहा रहे पसीना, कहा- बेहद कठिन टूर्नामेंट, जीतना आसान नहीं

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

गत विजेता जानिक सिनर एक बार फिर से यूएस ओपन 2025 में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीतने के लिए तैयार हैं। लगातार दो साल यूएस ओपन जीतना आसान नहीं होता। लेकिन, इस कठिन उपलब्धि को हासिल करने के लिए सिनर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बीमारी की वजह से सिनसिनाटी ओपन के फाइनल के बीच से हटने वाले सिनर यूएस ओपन के लिए न्यूयॉर्क पहुंचकर खुश हैं।

सिनर ने कहा, "मैं यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। यह एक शानदार टूर्नामेंट है। सीजन का यह आखिरी ग्रैंड स्लैम है, इसलिए हमारा उत्साह ज्यादा है। शारीरिक रूप से मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं लगभग पूरी तरह से ठीक हो गया हूं। टूर्नामेंट शुरू होने से पूर्व में फिटनेस के उच्चतम स्तर पर पहुंचना चाहता हूं।"

### प्रतिद्वंद्विता होना बहुत अच्छी बात

अल्काराज के साथ अपने रिश्ते पर सिनर ने कहा, "प्रतिद्वंद्विता होना बहुत अच्छी बात है, यह खेल के लिए अच्छा है। यह व्यक्तिगत दृष्टिकोण के लिए भी अच्छा है, क्योंकि कभी-कभी जब आप अभ्यास में थक जाते हैं, तो आप कुछ चीजों की नकल करने की कोशिश करते हैं, क्योंकि वे असली मैच में भी हो सकती हैं। इस समय मैं और कार्लोस बड़ी ट्रॉफियां साझा कर रहे हैं, लेकिन चीजे बदल भी सकती हैं। आप कभी नहीं जानते। मैदान पर बहुत ही शानदार खिलाड़ी हैं और फाइनल तक पहुंचना बहुत मुश्किल है। मैं हमेशा कहता हूं कि हमें सुधार करना होगा, क्योंकि खिलाड़ी अब हमें समझते हैं कि हम कैसे हैं।




### क्वालीफायर मुकाबले 18 अगस्त से शुरू

यूएस ओपन साल का आखिरी ग्रैंडस्लैम है। इसी वजह से सभी प्लेयर्स अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। अब इसके लिए मंच पूरी तरह से तैयार है। यूएस ओपन 2025 के क्वालीफायर मुकाबले 18 अगस्त से शुरू हो चुके हैं। वहीं पुरुष और महिला वर्ग के पहले राउंड के मुकाबले 24 अगस्त से खेले जाएंगे।

### सबालेंका को दिखाना होगा दम

पिछली बार वुमेंस सिंगल्स में यूएस ओपन 2025 का खिताब आर्याना सबालेंका ने जीता था। इस बार भी उनकी निगाहें जीत दर्ज करने पर होंगी। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा। उन्हें इगा स्विएटेक और जेसिका पेगुला से कड़ी टक्कर मिल सकती है। ऐसे में उन्हें खिताब जीतने के लिए तगड़ी मेहनत करनी होगी।



### ग्रैंड स्लैम में कई छोटी-छोटी बातें भी फर्क डालती

सिनर से पूछा गया कि हाल के वर्षों में यूएस ओपन में खिताब बचाना इतना मुश्किल क्यों रहा है? उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यहां रात में या दिन में खेलने से बहुत कुछ बदल जाता है। इस ग्रैंड स्लैम में कई छोटी-छोटी बातें भी फर्क डालती हैं। यह बेहद मुश्किल टूर्नामेंट है, जीतना कभी भी आसान नहीं है। रोजर फेडरर एकमात्र ऐसे खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने लगातार पांच साल (2004 से 2008) तक यूएस ओपन का खिताब जीता। टेनिस में मौजूदा समय में जानिक सिनर और कार्लोस अल्काराज के बीच कड़ी प्रतियोगिता देखने को मिलेगी। पिछले सात ग्रैंड स्लैम इन्हीं दोनों खिलाड़ियों ने जीते हैं। ऐसे में यूएस ओपन के पुरुष वर्ग का फाइनल भी इन्हीं दोनों के बीच होने की प्रबल

---

## खबर संक्षेप



### हिल्स ओपन : अवनि स्नेहा की अच्छी शुरुआत

**गोटेनबर्ग।** भारत की अवनि प्रशांत ने हिल्स ओपन गोल्फ के पहले दिन एक ओवर 72 के स्कोर के साथ संयुक्त 21वां स्थान हासिल कर लिया। स्नेहा सिंह भी संयुक्त 21वें स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड की मोमोका कोबोरी पहले दौर के बाद शीर्ष पर है, जिन्होंने चार अंडर पार स्कोर किया। भारत की हिताशी बख्शी संयुक्त 48वें और प्रणवि उर्स संयुक्त 71वें स्थान पर है। अमनदीप द्राल संयुक्त 86वें, त्वेसा मलिक संयुक्त 107वें और वाणी कपूर संयुक्त 123 वें स्थान पर हैं।

### सिंक्यूफील्ड कप : गुकेश बाल-बाल बचे हार से प्रज्ञानानंदा ने खेला ड्रा




**सेंट लुइस।** ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने सिनक्यूफील्ड कप शतरंज के पांचवें दौर में फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव से ड्रॉ खेला जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश हार से बाल बाल बचे और पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ के साथ अंक बांटे। पांचवें दौर में सभी मुकाबले ड्रॉ रहे। अमेरिका के फेबियानो कारुआना ने 3.5 अंक के साथ एकल बढ़त बना ली है। उन्होंने हमवतन वेसली सो से ड्रॉ खेला। दूसरे मुकाबलों में अमेरिका के सैमुअल सेवियान ने उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से ड्रॉ खेला जबकि लेवोन आरोनियन और फ्रांस के अलीरजा फिरोजा का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। प्रज्ञानानंदा दूसरे और आरोनियन तीसरे स्थान पर हैं जबकि गुकेश, फिरोजा, वेसली, सेवियान और वाचियेर लाग्रेव 2.5 अंक लेकर संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। ग्रैंड शतरंज टूर से शीर्ष चार खिलाड़ी इस साल के आखिर में होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे।

### एआईएफएफ-एफएसडीएल खत्म करें विवादः सुको

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) से मास्टर राइट्स समझौते के नवीनीकरण से संबंधित मुद्दे को सुलझाने को कहा है क्योंकि इससे ही इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का आगामी सत्र शुरू नहीं हो सका है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए एआईएफएफ और एफएसडीएल को इस मुद्दे पर चर्चा करने और अगली सुनवाई की तारीख 28 अगस्त तक समाधान निकालने का निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय 18 अगस्त को राष्ट्रीय महासंघ और टूर्नामेंट के आयोजकों के साथ अपने अनुबंधों का नवीनीकरण नहीं होने के कारण 11 आईएसएल क्लबों के भाग्य को लेकर एआईएफएफ और एफएसडीएल के बीच विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई के लिए सहमत हो गई थी।



---

## गुयाना वॉरियर्स ने बनाए 211 रन, एंटीगुआ की टीम 128 में सिमटी

# सीपीएल 2025 : टी20 में 5 विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बने ताहिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 में एंटीगुआ और बारबुमा फाल्कन्स की टीम और गुयाना अमेजन वॉरियर्स की टीम के खिलाफ मैच खेला गया। इसमें गुयाना की टीम ने 83 रनों से जीत दर्ज की। टीम की जीत में 46 साल के कप्तान इमरान ताहिर ने अहम योगदान दिया और उन्होंने 4 ओवर में 21 रन देकर पांच विकेट झटके। गुयाना वॉरियर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 211 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके बाद एंटीगुआ और बारबुमा फाल्कन्स की टीम सिर्फ 128 रनों पर ही सिमट गई।

### ताहिर ने तोड़ा मोअज्जम अली बेग का वर्ल्ड रिकॉर्ड

इमरान ताहिर ने मैच में 4 ओवर में 21 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। उनकी गेंदों को विरोधी टीम के बल्लेबाज समझ नहीं पाए और बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुए। उन्होंने 46 साल और 148 दिन की उम्र में पांच विकेट हॉल हासिल किया है। वह टी20 क्रिकेट के इतिहास में पांच विकेट हॉल लेने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बन गए हैं। उन्होंने मलावी के कप्तान मोअज्जम अली बेग के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ा है। मोअज्जम ने 39 साल की उम्र में मलावी की टीम से खेलते हुए कैमरून के खिलाफ पांच विकेट हॉल लिया था। अब इमरान ने कप्तान रहते हुए उनका रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है।



### इमरान ने टी20 क्रिकेट में किया कमाल

इमरान ताहिर टी20 क्रिकेट में पहले ऐसे कप्तान भी बन गए हैं, जिन्होंने टी20 क्रिकेट में 40 साल की उम्र से ज्यादा रहते हुए पांच विकेट हॉल हासिल किया है। इमरान से पहले कोई भी कप्तान टी20 क्रिकेट में 40 की उम्र पार करने के बाद पांच विकेट हॉल नहीं ले पाया है।

### मलिंगा की कर ली बराबरी

इमरान ताहिर टी20 क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा पांच विकेट हॉल लेने वाले प्लेयर बन गए हैं। वह टी20 क्रिकेट में अभी तक पांच बार पांच विकेट हॉल ले चुके हैं। उन्होंने शाहीन अफरीदी, लासिथ मालिंगा, भुवनेश्वर कुमार, शाकिब अल हसन की बराबरी कर ली है। इन गेंदबाजों ने टी20 क्रिकेट में पांच-पांच बार पांच विकेट हॉल लिया था। टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 7 बार पांच विकेट हॉल लेने का रिकॉर्ड डेविड वीसे के नाम है।

### 419 पारियों में इमरान ने हासिल किए 554 विकेट

इमरान ताहिर टी20 इतिहास के चौथे सबसे सफल गेंदबाज हैं। 2006 में अपना करियर शुरू करने वाले ताहिर ने अंतर्राष्ट्रीय और लीग क्रिकेट मिलाकर कुल 436 मैच खेले हैं, जिसकी 419 पारियों में गेंदबाजी करते हुए कुल 554 विकेट हासिल किए हैं। राशिद खान पहले, ड्वेन ब्रावो दूसरे और सुनील नरेन तीसरे स्थान पर हैं। टी20 में एक पारी में 5 विकेट लेने की उपलब्धि इमरान ताहिर पांच बार हासिल कर चुके हैं। इस फॉर्मेट में सर्वाधिक बार 5 विकेट लेने वालों की सूची में वह शाहीन अफरीदी, लसिथ मलिंगा, भुवनेश्वर कुमार, और शाकिब अल हसन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। डेविड विजा 7 बार पांच विकेट लेकर सूची में पहले स्थान पर हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके पाकिस्तान मूल के इमरान ताहिर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 20 टेस्ट में 57, 107 वनडे में 173 और 38 टी20 में 63 विकेट लिए हैं।

---

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

# अर्जुन-इलावेनिल की जोड़ी ने जीता गोल्ड



एजेंसी ▶▶| शिमकेंट (कजाखस्तान)

भारत के अर्जुन बाबूता और इलावेनिल वालारिवन ने 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

- 10 मीटर एयर राइफल में चीन के डिंगके लू और शिनलु पेंग को 17-11 से हराया

भारतीय जोड़ी ने चीन के डिंगके लू और शिनलु पेंग को 17-11 से हराया। चीनी जोड़ी शुरुआती दौर में आगे थी लेकिन भारतीय जोड़ी ने 9-5 और 10-1 के स्कोर से उबरते हुए शानदार वापसी करके स्वर्ण जीता। इलावेनिल इससे पहले महिला वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल स्वर्ण जीत चुकी हैं।

### जूनियर वर्ग में शांभवी-नारायण की जोड़ी ने जीता स्वर्ण

बाबूता ने रुद्रांक्ष पाटिल और किरण जाधव के साथ पुरुष 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में पीला तमगा जीता है। भारत की शांभवी श्रवण और नारायण प्रणव की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम जूनियर वर्ग में स्वर्ण जीता। उन्होंने चीन को 16-12 से हराया। भारतीय टीम क्वालीफिकेशन में दो चीनी टीमों के पीछे थी लेकिन एक देश से एक ही टीम भाग ले सकती है तो चीन के तांग हुइकी और हान यिनान क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने के कारण फाइनल में पहुंचे। भारतीय टीम ने 629-5 स्कोर किया जबकि चीन 2 का स्कोर 632-5 और चीन 1 का स्कोर 630 था। शांभवी ने 105- 4, 105-2 और 104-4 स्कोर किया जबकि प्रणव ने 103-7, 105-7 और 105-1 स्कोर किया। भारत की ईशा टकसाले और हिमांशु क्वालीफिकेशन में 628-6 स्कोर करके चौथे स्थान पर रहे।

---

## महिला विश्व कप

# युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का शानदार मिश्रण भारतीय टीम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व हरफनमौला रीमा मल्होत्रा ने भारतीय महिला टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों के मिश्रण को शानदार करार देते हुए कहा कि यह विश्व कप में अब तक की सबसे मजबूत और घरेलू परिस्थितियों में चैंपियन बनने की दावेदार टीम है।



- 30 सितंबर से 2 नवंबर तक होगी स्पर्धा, भारत का पहला मैच श्रीलंका के खिलाफ

भारत और श्रीलंका की मेजबानी में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप का आयोजन 30 सितंबर से 2 नवंबर तक होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज शुरुआती दिन गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ करेगी। भारत की 15 सदस्यीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के शानदार मिश्रण का जिक्र करते हुए रीमा ने कहा, 'यह किसी भी महिला विश्व कप को देखे तो भारत की सबसे मजबूत टीम है। भारतीय टीम में हरमनप्रीत (कौर), स्मृति मंधाना, जैमी (जेमिमा रोड्रिग्स), दीप्ति (शर्मा) जैसी अनुभवी खिलाड़ी है तो वहीं अमनजोत कौर, क्रांति गौड़, श्री चरणी और ऋचा घोष जैसे दमखम वाले युवा भी है।' रीमा ने कहा, 'टीम में जोश और होश का अच्छा मिश्रण है। मुझे नहीं लगता कि आपको विश्व कप के लिए इससे अच्छी टीम मिलेगी।' आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा टीम में जगह बनाने में नाकाम रही लेकिन रीमा ने उनकी जगह प्रतिका रावल के चयन को सही करार देते हुए कहा कि दिल्ली की इस बल्लेबाज के प्रदर्शन में निरंतरता रही है।

प्रतिका ने भारत के लिए 14 एकदिवसीय में 54.07 के औसत से 754 रन (एक शतक और पांच अर्धशतक) रन बनाए हैं। शेफाली के नाम 29 एकदिवसीय में लगभग 23 के औसत से 644 रन (चार अर्धशतक) है। इस दौरान शेफाली का स्ट्राइक रेट 83.20 का रहा है तो वहीं प्रतिका ने इस मामले में भी बेहतर करते हुए 87.43 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

# टेनिस हाफ आफ फेम में शामिल होंगे शारापोवा और ब्रायन बंधु

एजेंसी ▶▶| लंदन

रूस की पूर्व दिग्गज खिलाड़ी मारिया शारापोवा और अमेरिका के युगल विशेषज्ञ बॉब और माइक ब्रायन को टेनिस हाल आफ फेम में शामिल किया जाएगा। कैरियर ग्रैंडस्लैम पूरा करने वाली 10 महिला खिलाड़ियों में से एक शारापोवा ने 2004 में दो बार की गत चैंपियन सेरेना विलियम्स को हराकर विम्बलडन जीता था। उन्होंने 2006 में अमेरिकी ओपन, 2008 में आस्ट्रेलियाई ओपन और 2012 तथा 2014 में फ्रेंच ओपन जीता था।

वह डब्ल्यूटीए एकल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाली पहली रूसी खिलाड़ी भी रहीं। उन्होंने 2012 लंदन ओलंपिक में रजत पदक भी जीता, जिसमें फाइनल में वह सेरेना से हारी थी। उन्होंने 2020 में 32 वर्ष की उम्र में खेल को अलविदा कहा। वहीं ब्रायन बंधुओं ने 16 पुरुष युगल ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं, जो एक रिकॉर्ड है। वे 438 सप्ताह तक नंबर एक जोड़ी रहे। उन्होंने अमेरिका को 2007 डेविस कप और 2012 ओलंपिक स्वर्ण भी दिलाया।

### सीपीकेसी ओपनः अदिति ने हासिल किया कट

**मिसिसॉगा (कनाडा)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर पर सीपीकेसी महिला ओपन के दूसरे दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेलकर कट में जगह बनाई। अदिति ने पहले दौर में 71 का कार्ड बनाया था, जिससे दो दौर में उनका कुल स्कोर दो अंडर का है, जिससे वह संयुक्त 21वें स्थान पर बनी हुई हैं। वह शीर्ष पर काबिज अकी इवाई (64, 69) से सात शॉट पीछे हैं। अदिति ने दूसरे दौर में पांच बर्डी लगाईं जबकि दो बोगी कर बैठी। वहीं भारतीय मूल की अमेरिकी गोल्फर गुरलीन कौर ने भी कट हासिल कर लिया है। वह 74 और 68 के कार्ड खेलकर संयुक्त 45वें स्थान पर हैं। लेकिन सवानाह ग्रेवाल कट से चूक गईं।



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

अधिसूचना क्रमांकः कॉम/कांट्र/एसटीबीए (एनएसजी-4, एनएसजी-5 एवं एनएसजी-6)/25, दिनांक 19.08.2025

**1. कार्य का नामः** बिलासपुर मंडल के 03 "एनएसजी-4" श्रेणी रेलवे स्टेशनो में एक (01) वर्ष की अवधि के लिए और 06 "एनएसजी-5" एवं 22 "एनएसजी-6" श्रेणी रेलवे स्टेशनों में तीन (3) वर्ष की अवधि के लिए एसटीबीए की नियुक्ति हेतु निविदा। **2. स्टेशन का नामः** एनएसजी "4" शहडोल, पेंड्रा रोड और उमरिया। एनएसजी "5"- खरसिया, बुढ़ार, बाराद्वार, बृजराजनगर, जयरामनगर और चिरिमिरी। **एनएसजी "6"**- दघोरा, बोरीडांड, लोरहा, मुदरिया, सिंगपुर, विलायतकलां रोड, पाराडोल, दर्रीटोला, मौहारी, चूल्हा, हिमगिर, गतोरा, टेंगनमाड़ा, मड़वारानी, सरगबुंदिया, उदालकछार, वेंकटनगर, कोटारलिया, भूपदेवपुर, सलका रोड, कोठारी रोड और करगी रोड। **3. अनुबंध की अवधिः** एनएसजी "4"- एक वर्ष, एनएसजी "5"- तीन वर्ष, एनएसजी "6"- तीन वर्ष। **4. अमानत राशिः** एनएसजी "4"- रुपये 10,000/-, एनएसजी "5"- रुपये 5,000/-, एनएसजी "6"- रुपये 2,000/-, **5. निविदा प्रपत्र का मूल्यः** निः शुल्क, **6. निविदा प्रारंभ की तिथिः** 25.08.2025, **7. निविदा प्रपत्रों के जमा करने की तिथि व समयः** 15.09.2025 के 11:00 बजे से 15.30 बजे तक, **8. निविदा खोलने के लिए तिथि व समयः** 15.09.2025 के 16:00 बजे.

**नोटः** यदि, अंतिम तिथि एक सरकारी छुट्टी या घोषित छुट्टी किसी भी कारण के लिए होती है तो, निविदाओं को अगले कार्य दिवस पर खोला जाएगा।

निविदा दस्तावेज, पात्रता मानदंड विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया संबंधित स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक के कार्यालय और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर, कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क करे एवं निविदा दस्तावेज हमारी वेबसाइट "www.secr.indianrailways.gov.in" पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर सकते है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक
सीपीआर/10/266 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail



# रामगढ़ को बचाने संरक्षण संवर्धन समिति का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

कोल प्रोजेक्ट के कारण सरगुजा की सांस्कृतिक धरोहर रामगढ़ पर्वत पर आसन्न खतरे को देखते पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की पहल पर रामगढ़ संरक्षण और संवर्द्धन समिति नाम की गैर राजनीतिक संस्था का गठन किया गया है।

पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने शनिवार को रामगढ़ शेड, उदयपुर में क्षेत्र के नागरिकों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों की एक बैठक बुलाई। बैठक में उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिकों और रामगढ़ के पुजारी का कहना है कि अभी मौजूद खदानों में ब्लास्टिंग के कारण दरार आ चुकी है। नजदीक में खदान खुल जाने पर पहाड़ का अस्तित्व ही संकट में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि रामगढ पर्वत हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत है। खदान के कारण इसके अस्तित्व पर मंडरा रहे खतरे के खिलाफ अगर खड़ा नहीं हुआ तो खुद को माफ नहीं कर पाऊंगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में रामगढ पर्वत की विरासत को बचाने और हाथियों के लिए बनाए जा रहे लेमरू प्रोजेक्ट के लिए तत्कालीन केते एक्सटेंशन कोल प्रोजेक्ट को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा कि रामगढ पर्वत और क्षेत्र के पर्यावरण को बचाने के लिए न तो कोई राजनीतिक दल मुद्दा है न ही कोई पार्टी, अगर कोई चीज मुद्दा है तो वो रामगढ़ पर्वत और उसकी विरासत है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर वो राजनीति से अलग हटकर सभी को साथ जोड़ने के लिए रामगढ संरक्षण एवं संवर्धन समिति का गठन हुआ है जिससे जुड़ने का आव्हान उन्होंने किया है। हाल ही में कैबिनेट मंत्री बने स्थानीय विधायक राजेश अग्रवाल के इस बयान का भी उन्होंने स्वागत किया जिसमें कहा गया है कि खदान के कारण रामगढ पर्वत के नुकसान को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने आज आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में रामगढ पर्वत को बचाने की मुहिम में दलगत राजनीति से हटकर समाज के सभी वर्गों को जुड़ने का आव्हान किया है।

## जारी किया था सर्वे रिपोर्ट

हाल ही में वन विभाग द्वारा केते एक्सटेंशन कोल ब्लॉक के संदर्भ में किया गया एक सर्वे पूर्व उपमुख्यमंत्री के द्वारा शेयर किया गया था, जिसमें यह बतलाते हुए कि रामगढ़ पर्वत केते एक्सटेंशन से 10 किमी से ज्यादा दूर है इस खदान के लिए अनापत्ति जारी की। यह सर्वे उस सर्वे रिपोर्ट से उलट था जो पूर्व में कांग्रेस शासन काल में हुआ था, जिसमें रामगढ़ पर्वत खदान के 10 किमी दायरे के अंदर था। 10 किमी के दायरे के अंदर होने और खदान के कारण रामगढ पर्वत पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को देखते हुए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इस खदान के लिए स्वीकृति नहीं दी। सरकार बदलने के बाद खनन कंपनी के हितानुसार सर्वे रिपोर्ट के आधार पर खदान को मंजूरी देने की भूमिका बन रही है। वन विभाग की सर्वे रिपोर्ट के सामने आने के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर सप्रमाण यह जानकारी दी थी कि किस प्रकार सर्वे रिपोर्ट तथ्यों के विपरीत है। उसी समय उन्होंने रामगढ पर्वत के संरक्षण के लिए प्रजातांत्रिक पहल की घोषणा कर दी थी।


मान्यताएं

# गुडलक के लिए अनोखे तरीके अपनाते हैं चाइनीज लोग

## इनके यहां रहा है इसका एक लंबा इतिहास

चीन में गुड लक के लिए हमेशा से ही अनोखे तरीके अपनाए जाते हैं। इसका यहां एक लंबा इतिहास रहा है। जो रंगों और प्रतीकों से जुड़ा है। लोग अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए तमाम तरीके अपनाते हैं।

चाहे बात शिक्षा की हो, धन की हो या फिर प्रेम की।.. लोग इनमें कामयाबी हासिल करने के लिए कई ट्रिक्स का इस्तेमाल करते हैं। आज हम आपको ऐसे ही कुछ तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो चीन के लोग अपनाते हैं। **स्लिट ड्रेस :** चीन के नेशनल कॉलेज एंट्रेस एग्जाम को काफी बड़ा माना जाता है, इसे गाओकाओ कहते हैं। ये चीन के छात्रों की जिंदगी में काफी अहमियत रखता है। बच्चे इस परीक्षा को पास कर लें, इसके लिए उनकी मां एक टोटका करती हैं। वो नीचे से कट, लंबी क्वीपाओ ड्रेस पहनकर एग्जाम सेंटर के बाहर खड़ी होती हैं। स्लिट क्वीपाओ दो चीनी कैरेक्टर को दर्शाता है, जिसमें काई का मतलब स्लिट, और क्वी को क्वीपाओ से लिया गया है। ये पारंपरिक चीनी मुहावरे क्वी काई दे शेंग को रिप्रेजेंट करता है, जिसका मतलब है, पहली लड़ाई में जीत हासिल करना. कई बार बच्चों के पिता भी इसमें हिस्सा लेते हैं।







### तिल पर बाल

कोई भी इंसान तिल पर बाल को आकर्षित और सुंदर नहीं मानता। लेकिन चीन और हांगकांग में ऐसी अवधारणा है कि तिल पर उगे लंबे बाल लक, सौभाग्य और बुद्धि का प्रतीक हैं। 2011 के लंदन समर ओलंपिक में चीनी 62केजी वेटलिफ्टर झांग जी अपने तिल पर उगे लंबे बाल को लेकर चर्चा में रहे थे। जबकि कई लोगों ने उन्हें स्किन कैंसर से बचने के लिए इसे निकालने की सलाह दी. जबकि कुछ लोगों ने माना कि झांग ने ऐसा गुड लक के लिए किया है।

### सावधानी वाला नोट

यहां मुहावरा 'प्यार न होना ठीक है, लेकिन पैसा न होना ठीक नहीं है' चीन के युवाओं के बीच काफी अहम माना जाता है। वो अपनी आर्थिक स्थिति ठीक करने के लिए नए तरीके अपना रहे हैं। जैसे अपने फोन केस में 100 युआन का बैंक नोट रखना. इसे फोन और केस के बीच रखा जाता है। नोट को ट्रायंगल शेप में मोड़ा जाता है। ताकि तीनों तरफ से पैसा आए। ऑनलाइन वीडियो में भी नोट को सही तरीके से मोड़ने के तरीके के बारे में बताया जाता है। नंबर 100 का आगे का हिस्सा फोन के अंदर की तरफ होना चाहिए और आठ से समाप्त होने वाले सीरियल नंबर वाले बैंक नोट को ज्यादा सही माना जाता है। यह संख्या पारंपरिक चीनी संस्कृति में धन का प्रतीक कही जाती है।

### नाखून को बढ़ाना

सबसे छोटी उंगली के नाखून को काफी ज्यादा बढ़ाना भी गुड लक का प्रतीक माना जाता है। इसे मानने वालों का कहना है कि इससे इंसान के अधिक शारीरिक मेहनत और कम वेतन वाले काम करने की संभावना कम हो जाती है।

### बेडरूम में ताजे गुलाब

प्यार और रोमांस की खोज करने वाले चीनी पुरुष और महिलाओं को अपने बेडरूम में बिना कांटे वाले ताजा गुलाबों को रखने की सलाह दी जाती है। वहीं कुछ लोग मानते हैं कि 49 दिनों तक बेडरूम में 9 गुलाब के फूल रखने से बदलाव आता है। जब ये सूख जाएं, तो इन्हें बदल देना चाहिए। जबकि कुछ लोग कहते हैं कि महिलाओं को कमरे के दक्षिणपश्चिम में कोने में फूल रखने होते हैं और पुरुषों को उत्तरपश्चिम में रखने होते हैं। महिलाओं और पुरुषों के लिए गुलाब के फूलों को अलग अलग दिशाओं में रखने की बात चीनी संस्कृति के 'एट ट्रीग्रैम' से आई है। जिसमें दक्षिणपश्चिम को महिलाओं का प्रतीक ग्रहणशील (प्राप्त करने में सक्षम) और उत्तरपश्चिम को पुरुषों के प्रतीक क्रिएटिव के तौर पर जाना जाता है।

### पर्पल कलर

गुड लक के लिए उत्तरी चीन में स्टूडेंट्स को पर्पल कलर की अंडरवियर पहनने को कहा जाता है। पूर्वोत्तर चीन की स्थानीय बोली में पर्पल कलर को मंदारिन में जी और कूल्हे को डिंग कहते हैं। यहां का एक वाक्य है, जी डिंग शिंग. इसका मतलब 'निश्चित रूप से जीत' हासिल करना होता है। इसलिए जी और डिंग को एक साथ जोड़ने के लिए पर्पल कलर के अंडरवियर को अहमियत दी जाती है। ऐसा माना जाता है कि परीक्षा के वक्त इससे अधिक सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

# रजनीकांत के नाम पर मलेशिया में फैंस के साथ हो रही धोखाधड़ी

**चेन्नई।** साउथ अभिनेता रजनीकांत इन दिनों अपनी फिल्म 'कुली' से छाए हुए हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर एक और खबर सामने आ रही है, जिसमें कहा जा रहा है कि एक्टर मलेशिया में लोगों से मुलाकात करने वाले हैं। अब रजनीकांत की टीम ने इन खबरों को निराधार बताया है। आइए जानते हैं कि उनकी टीम ने क्या कहा। रजनीकांत की टीम ने बयान में कहा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि 'मीट एंड ग्रीट थलाइवर' प्रतियोगिता, जिसे वर्तमान में मलेशिया में मलिक स्ट्रीम्स द्वारा प्रचारित किया जा रहा है, पूरी तरह से बेबुनियाद और फर्जी है। थलाइवर (रजनीकांत) से पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना इसकी घोषणा की गई है।'

**फैंस को किया आगाह :** अभिनेता की टीम ने प्रशंसकों और आम जनता को इस प्रतियोगिता में भाग ना लेने के लिए कहा है। क्योंकि उन्हें डर है कि इससे दिग्गज अभिनेता के प्रशंसक गुमराह हो सकते हैं और उनका नुकसान हो सकता है।

नाम का गलत प्रचार हो रहा

इसक साथ ही कहा गया कि रजनीकांत के दुनियाभर में लाखों प्रशंसक हैं। उनके नाम का गलत प्रचार किया जा रहा है, वो भी बिना बताए। हालांकि, उनकी टीम ने ऐसी किसी भी गतिविधि के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित 'कुली' एक बड़े बजट में बनी फिल्म है। फिल्म में रजनीकांत के अलावा नागार्जुन, सौबिन शाहिर, श्रुति हासन, उपेंद्र कुमार और आमिर खान सरीखे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। इस समय बॉक्स ऑफिस पर 'कुली' और 'वॉर 2' की टक्कर हो रही है, जिसमें 'कुली' आगे चल रही है। ताजा अपडेट के अनुसार 'कुली' ने 10 दिनों में कुल 239.17 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

# मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन करेगी पांच सौ जरुरतमंद बच्चों का सम्मान, रिटायर्ड-अफसर कर्मचारियों ने बनाई संस्था

**रायपुर।** मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति प्रदेश के सभी जिलों के लगभग पांच सौ से अधिक जरुरतमंद बच्चों का सम्मान करेगी। प्रदेश के अलग-अलग विभागों से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस समिति का गठन किया है। इसके तहत दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले जरूरतमंद बच्चों को चेक देकर सम्मानित किया जाएगा। संचालक मंडल के पदाधिकारी टेकराम साहू एवं दिनेश कुमार साहू ने बताया कि आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को मदद करने के उद्देश्य से इसका गठन किया गया है। इसके लिए प्रदेशभर में अभियान चलाकर फंड एकत्रित किया गया है। इसके माध्यम से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए भी आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी। इसमें

- दसवीं और बारहवीं में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले बच्चों का होगा सम्मान



इंजीनियरिंग, मेडिकल के अलावा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों का खर्च उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर के मधु पिल्लै चौक स्थित विमतारा भवन में इस प्रोत्साहन समारोह का आयोजन रविवार 24 अगस्त को किया जा रहा है। सुबह दस बजे से शाम पांच तक होने वाले इस आयोजन में प्रदेशभर के प्रतिभावान बच्चे और उनके परिजन शामिल होंगे। पूनम साहू, मुल्कराज साहू, सौम्या साहू, केशव साहू, प्रीति साहू, भावना साहू, सेविन्तिका साहू, प्राची, सूरज साहू, उपेन्द्र साहू, विवेक साहू, हर्ष साहू, अंजली साहू, पूजा साव, नमन साव, मनीषा साहू, तीसा साहू, कुसुम साहू, जायेस साहू, हिमेस साहू, आंचल साहू का होगा सम्मान।




## दूरसंचार सलाहकार समिति में 8 सदस्यों की नियुक्ति

रायपुर। लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अनुशंसा पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र में बीएसएनएल की दूरसंचार सलाहकार समिति (टीएसी) में 8 सदस्यों की नियुक्ति को केंद्र सरकार ने मंजूरी प्रदान की है। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जानकारी दी है कि श्री अग्रवाल द्वारा अनुशंसित व्यक्तियों में से 8 सदस्यों को समिति में स्थान दिया गया है।

# विभाग ने बंद किया खरीदना, अब 25 लाख रुपए सालाना लाइसेंस फीस पर थोक भांग खरीदी का ठेका

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में भांग की खरीदी करने के लिए आबकारी विभाग पहले निविदा जारी करता था। इसके तहत प्रति किलो 100 रुपए की दर से भांग दूसरे राज्य से विभाग खरीदी करता था, जिसे बाद में प्रदेश के लाइसेंसधारी दुकानों को उनकी मांग के अनुसार इसकी सप्लाई की जाती थी। यह सिस्टम सालों से चला आ रहा था, लेकिन अब इस सिस्टम में बदलाव किया गया है। नए सिस्टम के तहत अब विभाग भांग खरीदना बंद कर इसकी जगह थोक दुकानदार को इसका ठेका दे रहा है। इसके लिए सालाना फीस 25 लाख रुपए निर्धारित की है। चालू वर्ष में भांग खरीदी का जिसे ठेका मिला है, उसके द्वारा ही प्रदेश के अन्य लाइसेंसधारी दुकानों में इसकी सप्लाई भी की जा रही है।

विभाग ने चिल्हर भांग दुकानों को लाइसेंस जारी करने के लिए भी नई दर लागू की है। इसके तहत सामान्य क्षेत्र के लिए सालाना दो लाख रुपए लाइसेंस फीस रखी है, वहीं अनुसूचित जाति, जनजाति क्षेत्र में संचालित दुकान के लिए 3 लाख रुपए सालाना फीस निर्धारित की है। इन चिल्हर दुकानदारों को थोक दुकानदार उनकी मांग के अनुसार भांग की सप्लाई कर रहे हैं।

आबकारी विभाग ने आखिरी बार वर्ष 2019 में भांग की खरीदी की थी। इस वर्ष में प्रदेश में संचालित 12 लाइसेंसधारी दुकानों के लिए 12 हजार किलोग्राम भांग खरीदा गया था। इसके बाद विभाग ने भांग खरीदना बंद कर दिया। यह भांग करीब दो साल तक चला। विभाग के वेयर हाउस में रखे भांग को मांग के अनुसार दुकानों में भेजा जाता था, लेकिन इस बीच जब भांग का स्टॉक खत्म हो गया, तो कुछेक दुकानदारों ने अपने स्तर पर भांग की खरीदी शुरू कर दी।

विभाग के पास स्टॉक खत्म होने के बाद वर्ष 2022 में मई से कुछ दुकानदारों ने अपने स्तर पर थोक में भांग खरीदना शुरू कर दिया।



















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com